सूर्योदय 7:19 सूर्यास्त 5:47

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 7 न्यू | 18 .0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,180 |
| निफ्टी | 25,233 |
| सोना 1,48,250 | चांदी 3,19,949 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 21 जनवरी 2026 | 8 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 25, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### जवानों ने खोज निकाला आतंकियों का ठिकाना

**एजेंसी, किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बल लगातार तीसरे दिन भी आतंकियों की तलाश में जुटे हुए हैं। इसी बीच जवानों ने आतंकियों के एक ठिकाने को खोज निकाला। इसमें भारी मात्रा में राशन और सामान जमा था। पत्थरों से बनाए गए इस हाइड आउट को तिरपाल से छिपाया गया था। इसमें गैस सिलेंडर, चूल्हा, चावल, गेहूं का आटा, मसाले, इंस्टेंट नूडल्स, अधपके अंडे और ताजी सब्जियां मौजूद थीं। फर्श पर मिले कंबल बताते हैं कि ठिकाने का इस्तेमाल लंबे समय से हो रहा था। वहीं, राशन की मात्रा से अंदाजा लगाया जा रहा है कि आतंकी यहां लंबे समय तक रुकने वाले थे। सुरक्षाबलों का दावा है कि आतंकियों तक यह पूरा राशन और सामान बिना लोकल सपोर्ट के पहुंच पाना संभव नहीं था। क्योंकि इतनी मात्रा में सप्लाई सिर्फ सीमा पार से नहीं आ सकती थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घने जंगल के बीच ढलान पर बना ठिकाना दूर से दिखाई नहीं देता था। (अनंत ज्ञान)

### तमिलनाडु के गवर्नर का विधानसभा से वॉकआउट

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में फिर हाईलेवल ड्रामा हुआ। राज्यपाल आरएन रवि एक बार फिर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए स्पीच दिए बिना ही असेंबली से बाहर चले गए। पिछले सालों की तरह गवर्नर ने कहा कि तमिल गान के बाद राष्ट्रगान बजाया जाए, लेकिन स्पीकर अप्पावु ने इसके लिए मना कर दिया। इसके बाद गवर्नर रवि शुरुआती भाषण पढ़े बिना ही विधानसभा से बाहर चले गए। इससे पहले 2024-25 में भी वे ऐसा कर चुके हैं। राज्यपाल ने आरोप लगाया कि उनके भाषण में रुकावट डाली गई। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। राष्ट्रगान को उचित सम्मान नहीं दिया गया। राज्यपाल के असेंबली से बाहर जाने के बाद लोक भवन ने प्रेस रिलीज जारी की। रिलीज में कहा गया कि गवर्नर का माइक बार-बार बंद किया गया। उन्हें बोलने नहीं दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### असम में भीड़ ने घरों चौकी में लगाई आग

**एजेंसी, कोकराझार।** असम के कोकराझार में बोडो समुदाय और आदिवासियों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद दोनों समुदायों ने घरों और करिगांव पुलिस चौकी में आग लगा दी। कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ते देख प्रशासन ने रैपिड एक्शन फोर्स तैनात कर दी है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अगले आदेश तक इंटरनेट पर भी रोक लगा दी है। दरअसल, सोमवार रात करिगांव चौकी के पास मानसिंह रोड पर एक गाड़ी ने दो आदिवासी समुदाय के लोगों को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद कार सवार लोगों को आस-पास के आदिवासी ग्रामीणों ने पीटा और गाड़ी में आग लगा दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जिप की अंतिम बैठक में अधिकारियों के न आने पर जताया ऐतराज -पेज 2
- अभूतपूर्व रही सीयू की सोलह वर्षों की यात्रा: प्रो. बंसल -पेज 5
- राडी के आधा दर्जन से ज्यादा गांव में गहराया पेयजल संकट -पेज 7
- भीड़भाड़ वाले सेरी मंच में गंदगी का राज -पेज 10
- सोलन में शुष्क ठंड से सूखी खांसी के मरीजों में उछाल -पेज 12


# पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू

## चुनाव आयोग बोला- सरकार 28 फरवरी से पहले जारी करे रोस्टर

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के आदेशों पर मंगलवार को राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत चुनाव को लेकर राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मीटिंग की। इसमें कमीशन ने राज्य सरकार को 28 फरवरी से पहले आरक्षण रोस्टर लगाने को कहा, ताकि मार्च में राज्य चुनाव आयोग इलेक्शन का प्रोसेस शुरू कर सके। 28 फरवरी की डेडलाइन हाईकोर्ट ने दे रखी है। कमीशन ने सरकार को वोटर लिस्ट जल्द फाइनल कर नोटिफाई करने को कहा।



राज्य की 3577 में से 3548 पंचायतों में दो महीने पहले ही वोटर लिस्ट तैयार की जा चुकी है, मगर उस दौरान सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने इलेक्शन कमीशन के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए वोटर लिस्ट नोटिफाई नहीं की थी। इस वजह से इलेक्शन कमीशन वोटर लिस्ट की प्रिंटिंग शुरू नहीं कर पाया। वोटर लिस्ट नोटिफाई होने के बाद कमीशन इनकी प्रिंटिंग का काम शुरू करेगा।

इसमें 20 से 25 दिन का वक्त लगेगा। इलेक्शन की अनाउंसमेंट से पहले प्रत्येक सभी पंचायत की वोटर लिस्ट तैयार होना अनिवार्य होती है। इलेक्शन कमीशन और राज्य सरकार के अधिकारियों के बीच हुई मीटिंग में हाईकोर्ट के आदेशों पर लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इलेक्शन कमीशन ने मंगलवार की मीटिंग के लिए राज्य के मुख्य सचिव संजय गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव केके पंत, प्रधान सचिव शहरी विकास देवेश कुमार और सचिव पंचायती राज सी पालरासू को मीटिंग के लिए बुलाया था, मगर मुख्य सचिव संघ लोक सेवा आयोग की मीटिंग पहले से ही शेड्यूल होने की वजह से इस बैठक में शामिल नहीं हुए। वहीं, सी. पालरासू भी मीटिंग में नहीं थे।

### 3577 पंचायतों और 71 शहरी निकायों में पड़ेंगे वोट

◆ **पंचायतों में कुल 55 लाख 19 हजार 709 मतदाता**

**राज्य** की 3577 पंचायतों और 71 शहरी निकायों में चुनाव होने हैं। इनमें से 3548 पंचायतों में 55 लाख 19 हजार 709 वोटर हैं। कांगड़ा जिला में सबसे ज्यादा 13 लाख 17 हजार 390 वोटर और लाहौल-स्पीति में सबसे कम 25 हजार 602 मतदाता है। इस बार 27 लाख 26 हजार 548 महिला मतदाता और 27 हजार 93 हजार 161 पुरुष मतदाता है, जबकि 29 पंचायतों में अभी वोटर लिस्ट बननी शेष है। प्रदेश में अप्रैल के पहले सप्ताह में कभी भी पंचायत चुनाव का बिगुल बज सकता है। मार्च में बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं की वजह से इलेक्शन संभव नहीं है। हालांकि, इलेक्शन कमीशन दिसंबर में चुनाव कराना चाह रहा था। मगर तब सरकार ने डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के कारण चुनाव टाले। इस वजह से हिमाचल में लगभग तीन महीने देरी से पंचायत चुनाव होंगे।

### 30 जनवरी को पूरा हो रहा पंचायतों का कार्यकाल

**हिमाचल** प्रदेश में पंचायतों के मौजूदा पंचायत प्रतिनिधियों का पांच साल का कार्यकाल 30 जनवरी को पूरा हो रहा है। तय समय पर चुनाव नहीं होने की वजह से नया इलेक्शन होने तक ये पंचायतें बिना जनप्रतिनिधि के ही रहेंगी। इनमें सरकार प्रशासन (एडमिनस्ट्रेटर) नियुक्त करेगी।

### हाईकोर्ट के 30 अप्रैल से पहले चुनाव के आदेश

**हिमाचल** हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पंचायत चुनाव 30 अप्रैल से पहले कराने के आदेश दे रखे हैं। जस्टिस विवेक सिंह ठाकुर और जस्टिस रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने कहा कि, इलेक्शन कमीशन और सरकार को आपस में समन्वय बिठाकर चुनाव करवाए। कोर्ट के आदेशों पर ही आज की मीटिंग बुलाई गई थी।

# मंत्रियों की परफॉर्मेंस पर होगा कैबिनेट में फेरबदल : सुक्खू

अनंत ज्ञान



**मनाली।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश मंत्रिमंडल में जल्द विस्तार और बदलाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रियों की परफॉर्मेंस भी देखी जाएगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को मनाली में राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल के शुभारंभ अवसर पर

◆ **मनाली की महिलाओं को 1500 रुपए देने की घोषणा**

पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव से पहले कैबिनेट में फेरबदल व विस्तार किया जाएगा। वहीं, उन्होंने पूर्व सीएम पर भी तंज कसा। लिहाजा सीएम ने कार्निवाल जनसभा में पंचायत चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक संदेश जहां एक ओर मंत्रिमंडल में फेरबदल व विस्तार के संकेत देकर संगठन और सत्ता दोनों में हलचल बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि मनाली के पर्यटन में चार चांद लगाने के लिए 250 करोड़ की लागत से रिवर फ्रंट का निर्माण होगा। सीएम ने मनाली विस क्षेत्र की महिलाओं को एक अपैल से 1500 रुपए देने की भी घोषणा की।

### जयराम सरकार ने नहीं समझा जनता का दुख

**सीएम** ने कहा कि पूर्व सीएम जयराम ठाकुर कुल्लू आकर हमारे नेताओं और तंज कसते हैं, लेकिन उनको मैं बताना चाहता हूं कि आपने जनता का दुःख कभी नहीं समझा। उन्होंने पर आरोप लगाते हुए कहा कि जयराम ठाकुर सत्ता में इतने लीन हो गए कि आम आदमी की आवाज आपसे दूर हो गई। वहीं, कांग्रेस ने सत्ता में आते ही आम जनता की लड़ाई भी लड़ी और उनका दुःख भी बांटा। भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों से पूर्व की जयराम सरकार ने जनता का तीन हजार करोड़ रुपए लुटवा दिया।

# नितिन नबीन बने भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। नितिन को 14 दिसंबर 2025 को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। सोमवार को फुल टाइम अध्यक्ष पद के लिए उनका इकलौता नामांकन आया था, इसके बाद वे निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष बन गए। नए अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पीएम मोदी ने उन्हें माला पहनाई।



◆ **प्रधानमंत्री मोदी बोले-मैं कार्यकर्ता, वह मेरे बॉस**

पीएम मोदी ने 55 मिनट के भाषण में कहा, 'भाजपा ऐसी पार्टी है, जहां लोगों को लगता होगा कि मोदी इतनी छोटी उम्र में मुख्यमंत्री बन गए। हेड ऑफ द गवर्नमेंट बन गए हैं। इन सबसे बड़ी चीज है कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं, मैं कार्यकर्ता हूं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।' बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन का पहला भाषण करीब 20 मिनट का रहा। उन्होंने कहा, 'हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं, जहां राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है। राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।' (अनंत ज्ञान)

### अविमुक्तेश्वरानंद से मांगा शंकराचार्य होने का प्रमाण

**एजेंसी, प्रयागराज।** तीन दिन से धरने पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने नोटिस भेजा है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले का हवाला देते हुए प्रशासन ने उनसे पूछा है कि वह कैसे खुद को शंकराचार्य बता रहे हैं। प्राधिकरण ने 24 घंटे में उनसे जवाब मांगा है। वहीं, अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेला प्रशासन पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के कंधे पर बंदूक रखकर जो गलती प्रशासन से हुई है, उसको ये लोग पीछे करना चाह रहे। सुप्रीम कोर्ट का गलत हवाला देकर ये लोग कब तक बच पाएंगे? खुद सरकार ने महाकुंभ में एक पत्रिका छापी थी, उसमें मुझे शंकराचार्य के रूप में छपा गया था। (अनंत ज्ञान)



# हिमाचल के 130 सरकारी स्कूल बनेंगे 'सीबीएसई स्कूल ऑफ एक्सीलेंस'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के सरकारी शिक्षा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 130 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई संबद्ध स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना के अनुसार, इन स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए 560 नए शिक्षक पद सृजित किए गए हैं। इनमें भूगोल, संगीत एवं वाद्य, सूचना प्रौद्योगिकी, मनोविज्ञान, फाइन आर्ट्स, संस्कृत, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी और शारीरिक शिक्षा जैसे विषय शामिल हैं।

◆ **प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी की अधिसूचना**

स्कूल शिक्षा विभाग की अधिसूचना के अनुसार 130 में से 100 स्कूलों में सृजित 560 पदों में भूगोल के 51, संगीत एवं वाद्य के 76, सूचना प्रौद्योगिकी के 8, मनोविज्ञान के 97, फाइन आर्ट्स के 93, संस्कृत के 64, समाजशास्त्र के 77, अर्थशास्त्र का 1, अंग्रेज़ी के 69 और शारीरिक शिक्षा के 24 शिक्षक शामिल होंगे। इसके अलावा 30 अन्य स्कूलों में जरूरत के अनुसार, अतिरिक्त शिक्षकीय पद भी स्वीकृत किए जाएंगे, जिनकी संख्या अलग से अधिसूचित होगी।

### सरकाघाट में टब में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत मसेरन के गांव तारगंला के फेसबुक स्टार फैमिली के जाने-पहचाने चेहरे केशू राजपूत की पौने तीन वर्ष की इकलौती बेटी हिताक्षी की बाथरूम में रखे टब में डूबने से मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, हिताक्षी की मां घर के काम में व्यस्त थीं और मासूम बच्ची आसपास ही खेल रही थी। कुछ देर बाद जब मां को बच्ची नजर नहीं आई तो उसकी खोज शुरू की। बाथरूम में पहुंचते ही टब में बच्ची को देखकर मां की चीख निकल गई। परिजन तुरंत उसे सिविल अस्पताल सरकाघाट लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।



फाइल फोटो।

#### सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

### आवारा कुत्तों के हमले में मौत हुई, तो डॉग फीडर्स जिम्मेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदार हो सकते हैं।' कोर्ट ने कहा कि पिछली सुनवाई की टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। कोर्ट की बेंच ने कहा कि कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)








## हेल्थ

## हिमाचल में क्षय रोग के खिलाफ विभाग की जंग अब और सख्त

# टीबी रोगी ने दवा ली या नहीं, वीडियो कॉल से होगी जांच

अनंत ज्ञान स्पैशल



**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश में क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ जंग अब और सख्त हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नई गाइडलाइन जारी कर दी है, जिसमें आशा वर्कर्स मरीजों को वीडियो कॉल कर दवा सेवन की पुष्टि करेंगी। अब मरीज कॉल पर न केवल बताएंगे कि दवा ली है या नहीं, बल्कि किसी साइड इफेक्ट की जानकारी भी देंगे। इससे गलत सूचना पर पूर्ण रोक लगेगी और उपचार प्रभावी बनेगा।

पहले मरीज मिस्ड कॉल से जानकारी देते थे, लेकिन कई बिना दवा लिए ही कॉल कर देते थे। इससे उपचार बाधित हो जाता था और रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता था। नई व्यवस्था में वीडियो कॉल का रिकॉर्ड विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। इसे ऑनलाइन पोर्टल पर एंट्री भी की जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। यह व्यवस्था विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कारगर साबित होगी, जहां निगरानी की कमी थी। सरकार ने हाल ही में इस व्यवस्था को लागू करने के सख्त आदेश जारी कर दिए हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को आशा वर्कर्स से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### प्रदेश में 15,000 से अधिक टीबी रोगी

**हिमाचल** में 15,000 से ज्यादा टीबी रोगी हैं। जमीनी स्तर पर आशा वर्कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे गांव-गांव में संदिग्ध मरीजों के सैंपल ले रही हैं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर तुरंत दवा शुरू करवा रही हैं। साथ ही, मरीज के संपर्क में आने वालों के सैंपल भी जांचे जा रहे हैं, ताकि चेन ब्रेक हो सके। विभाग ने आशा वर्करों को विशेष ट्रेनिंग भी दी है। वे मरीजों को दवा लेने के सही तरीके, पोषण और साइड इफेक्ट्स की जानकारी देंगी।

> **यह** कदम रोगियों को जागरूक करने और सही उपचार सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। वीडियो कॉल से न केवल दवा अनुपालन बढ़ेगा, बल्कि रिकवरी रेट भी सुधरेगा। हमारा लक्ष्य जीरो टीबी है। 'टीबी रोगियों और उनके परिवारों में इस पहल का स्वागत हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह डिजिटल निगरानी मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी मिसाल बनेगा। विभाग ने जागरूकता अभियान भी तेज कर दिया है।
>
> **- डॉ. योगेश गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी (टीबी)**

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सुक्खू व विधायक का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कांग्रेस नेता तरुण बन्याल ने हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा हमीरपुर जिला के भरेडी (भोरंज) में वॉलीबॉल खेल छात्रावास के सुचारू संचालन के लिए चार नए पद सृजित करने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त किया। तरुण बन्याल ने कहा कि यह निर्णय भोरंज क्षेत्र के युवाओं और उभरते खिलाड़ियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। पदों की मंजूरी से छात्रावास की व्यवस्थाएं सुदृढ़ होंगी और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार युवाओं और खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, विधायक सुरेश कुमार के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है।

### भाजपा नेताओं ने नितिन नबीन को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल और हमीरपुर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा जिला पदाधिकारियों ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति संगठन की वैचारिक निरंतरता और भविष्य की दिशा को मजबूत करने वाली है। प्रो. धूमल ने कहा कि नितिन नबीन ने अपने लंबे संगठनात्मक अनुभव से यह सिद्ध किया है कि वे कार्यकर्ताओं के विश्वास पर खरे उतरने वाले नेता हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट्रसेवा, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।

### स्वयंसेवियों ने यातायात नियमों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रंगस के रोड सेफ्टी क्लब के स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों और बिना सीट बेल्ट पहने चार पहिया वाहन चालकों से अनुरोध किया कि यातायात के नियमों का हमें पालन करना चाहिए। सुरक्षा के प्रति जागरूकता यदि हम रखेंगे तो होने वाली वाली सड़क दुर्घटनाओं से हम बच सकते हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी रविंद्र कुमार , जगवीर चंदेल, कुलवीर सिंह, मोहित संधू , अरविंद कुमार सहित 19 स्वयंसेवी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### स्पोर्ट्स हॉस्टल सुविधा मिलने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सागर स्पोर्ट्स एकेडमी, भरेड़ी स्थित कार्यालय में सीनियर सिटीजन्स वेलफेयर एसोसिएशन की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों ने खिलाड़ियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि सरकार द्वारा बॉयज वॉलीबाल स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, जिसकी मांग को लेकर क्षेत्रवासी पिछले चार दशकों से संघर्ष कर रहे थे। इस उपलब्धि की खुशी में वरिष्ठ नागरिकों ने मिठाई बांटकर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि इस फैसले से भरेड़ी क्षेत्र में वॉलीबाल को नई पहचान मिलेगी। उल्लेखनीय है कि भरेड़ी स्कूल पहले भी मनोज ठाकुर और रविकांत जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देश को दे चुका है।

### टीसीपी एक्ट उल्लंघन पर दो लोगों को नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के वार्ड नंबर-8 नया नगर में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) अधिनियम का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर एक व्यक्ति को निगम की ओर से नोटिस जारी किया गया है। वहीं झनियारा क्षेत्र के गांव खैंदा में भी नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) अधिनियम का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर एक व्यक्ति को निगम की ओर से नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम हमीरपुर के अतिरिक्त आयुक्त रामप्रसाद शर्मा की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को अवैध कार्य को तुरंत बंद करने तथा साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### सर्व समाज कल्याण सभा ने एसडीएम से की भेंट

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नदौन के कस्बा बड़ा की प्रसिद्ध समाजिक संस्था सर्व समाज कल्याण सभा ने आज सभा के प्रधान कैप्टन अजीत शर्मा की अध्यक्षता में नादौन के उपमंडलाधिकारी निशांत शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सभा के सदस्यों ने एस डी एम नादौन को सभा द्वारा बर्तमान समय में चलाई जा रही गतिविधियों एवम इसके द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे समाजिक कार्यों के बारे में अवगत करवाया गया। सभा सदस्यों ने बताया कि सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा एक गैर राजनितिक संस्था हैं जिसमें सभी राजनितिक विचारधाराओं के सदस्य शामिल हैं। सभा वर्तमान समय में सभी राजनैतिक विचारधाराओं से ऊपर उठ कर क्षेत्र में जरुरत मंद लोगों की सहायता करने में हमेशा अग्रिम पंक्ति पर ख़ड़ी रहती हैं अभी तक सभा क्षेत्र में कई गरीब परिवारों से सबंधित लड़कियों की शादी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी हैं। एस डी एम नादौन द्वारा सभा द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की काफी सराहना की गई।

### शिक्षिका प्रवीण की काव्य पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** पीएम श्री विद्यालय बदारन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. हरदीप ठाकुर ने शिक्षिका प्रवीण की काव्य पुस्तक 'अंतर्मन की आवाज–मेरी कविताएं' का विधिवत विमोचन किया। यह पुस्तक विद्यालय में आयोजित शैक्षिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों पर आधारित है, जैसे शिक्षक दिवस, हिंदी दिवस, जल संरक्षण और समय का सदुपयोग। पुस्तक में विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहने, नशे से बचने और सामाजिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करने वाली कविताएं शामिल हैं। नवरात्रि के अवसर पर नव देवियों की स्तुति से संबंधित कविताएं बच्चों में अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों को विकसित करती हैं। पुस्तक के अंत में 'सबका आभार' शीर्षक कविता जीवन में सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता का संदेश देती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-महाविद्यालयों ने प्रवीण मैडम को इस साहित्यिक उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### नौंहगी में 1.65 करोड़ से बनेगा पंचायत भवन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की नौंहगी पंचायत में 1.65 करोड़ की लागत से तीन मंजिला पंचायत भवन का निर्माण होगा, जिससे पंचायत और आम लोगों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। भवन निर्माण के लिए मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस नादौन के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि नादौन की हर पंचायत में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। नौंहगी का पुराना पंचायत भवन असुरक्षित हो गया था और पंचायत का कार्य शिव मंदिर नौरंगी के परिसर से चल रहा था। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा इस भवन के लिए 1.65 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर पंचायत प्रधान, उपप्रधान, पूर्व प्रधान, रिटायर्ड मेडिकल अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### गलोड़ में किया मेधावी बेटियों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने मंगलवार को गलोड़ में प्रेरणादायक संवाद शिविर आयोजित किया। इसमें ग्राम पंचायत नारा, मैड़, गलोड़ खास, लहड़ा, हड़ेटा, उटटप, गाहली, गोईस, फाहल, जसाई, सरेड़ी, बैहरड, कश्मीर और पन्याली की 42 मेधावी छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया। इन छात्राओं ने शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं। शिविर के मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने सभी प्रतिभाशाली बेटियों को बधाई दी तथा उन्हें जीवन में अपने लक्ष्य को कठोर परिश्रम करके हासिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्राओं कृतिका, दीपांशी शर्मा, संचिता शर्मा, प्रिया कुमारी, नैंसी कपिल, शगुन शर्मा, पारूल, अमीषा डोगरा, साक्षी ठाकुर, गरिमा शर्मा, अनामिका, कनिका बनयाल तथा पलक आदि को स्मृति चिह्न, नाम पट्टिका, मग, सेनीटेशन किट तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वृत पर्यवेक्षक सिद्धार्थ, अरिहंत, क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित थे।

### पहलवान रोहित व दीपक को मिला बराबर इनाम

**अनंत ज्ञान, भोटा।** चोआ छिंज मेले में बड़ी माली का फैसला न होने के कारण दोनों पहलवानों को बराबर इनाम दिया गया। बड़ी माली का रोचक मुकाबला रोहतक के पहलवान रोहित फौजी व दीपक बणी के बीच 50 मिनट तक हुआ, लेकिन इस कुश्ती का फैसला न होने पर छिंज कमेटी ने दोनों पहलवानों को इनाम की बराबर राशि 25500 रुपए व गागर देकर सम्मानित किया। छिंज मेले में विजेता व उपविजेता पहलवानों को इनाम मुख्य अतिथि बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने दिए। उधर छोटी माली के फाइनल में पंकज कोटधार ने हैप्पी हमीरपुर को हराकर यह प्रतियोगिता जीती। छिंज कमेटी ने विजेता पहलवान को 14000 रुपए व गुर्ज तथा उपविजेता पहलवान को 11000 रुपए व गागर देकर सम्मानित किया।

# जिप की अंतिम त्रैमासिक बैठक में सदस्यों ने अधिकारियों के न आने पर जताया ऐतराज

## विकास कार्य में देरी पर सदस्यों ने अधिकारियों से समय पर कार्रवाई करने का किया आग्रह

अनंत ज्ञान



जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पंचायत चुनावों का ऐलान हो गया है अब पंचायत चुनावों के बाद ही जिला परिषद की अगली बैठक आयोजित की जानी है। इसी के चलते मंगलवार को जिला परिषद की अंतिम त्रैमासिक बैठक मंगलवार को बबली देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में परिषद के विभिन्न सदस्यों की ओर से उठाए गए मुद्दों एवं प्रश्नों पर संबंधित अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की गई। कई पुराने मुद्दों के बारे में भी अधिकारियों से जवाब तलब किया गया।

गौर रहे कि जिला परिषद की पिछले कई बैठकों में अधिकारी के आने पर हंगामा भी हुआ और बैठक भी रद्द की जा चुकी है। मंगलवार को भी कई अधिकारी जिला परिषद की बैठक में नहीं आए थे, इसलिए उनके जगह भेजे गए दूसरे अधिकारी सदस्यों को उनके सवालों का सही ढंग से उत्तर नहीं दे पाए।

जिला परिषद के सदस्य पवन कुमार ने अधिकारियों से आग्रह किया कि हम जनता के चुने हुए प्रतिनिधि हैं और हमारा काम जनता की सेवा करना है। इसलिए अधिकारी किसी राजनीति दबाव के चलते जनता के कार्यों को न रोके। उन्हें प्राथमिकता से पूरा करें। बैठक में लोक निर्माण मंडल टौणी देवी के अंतर्गत घोड़लंबर-बाकर खड्ड सड़क की मरम्मत, ग्राम पंचायत धनेटा और ग्राम पंचायत हथोल में डंगे लगाने तथा वर्षाशालिका के निर्माण, भोरंज की ग्राम पंचायत धमरोल, भुक्कड़ और लुद्दर महादेव में हैंडपंप लगाने, सुजानपुर के खैरी क्षेत्र में ब्यास के किनारे बाढ़ नियंत्रण कार्यों, रंगस के निकट हाईवे के किनारे अतिक्रमण हटाने, नादौन उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस की गश्त बढ़ाने, मोरसू सुल्तानी में रास्ते के अतिक्रमण, विकास खंड बिझड़ी में सोलर लाइटों की मरम्मत, हमीरपुर से दिल्ली वाया धनेटा रात्रि बस सेवा आरंभ करने और कई अन्य मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। इन सभी मुद्दों से संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इनके अलावा पिछली बैठक में उठाए गए कई अन्य मुद्दों पर भी अधिकारियों से ताजा स्थिति की जानकारी ली गई। परिषद ने गत वर्ष नवंबर और दिसंबर में हुए आय-व्यय और 15वें वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायतों में 3.54 करोड़ रुपये के व्यय को भी अनुमोदित किया। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित आवश्यक बजट को भी मंजूरी प्रदान की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष बबली देवी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला परिषद के सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दे सीधे आम जनता से जुड़े होते हैं। इनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

एडीसी अभिषेक गर्ग ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परिषद के सदस्यों की ओर से उठाए गए सभी मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करें।

# टाउन हॉल को बनाएंगे सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र : राकेश शर्मा



नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय हमीरपुर में कई दशकों से महसूस की जा रही कला, संस्कृति और साहित्यिक गतिविधियों की कमी को दूर करने के लिए नगर निगम आने वाले समय में एक विशेष पहल करने जा रही है। इसके लिए कला, संस्कृति और साहित्य से जुड़े शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, साहित्यकारों और लोक कलाकारों को जोड़ने की मुहिम शुरू की जाएगी तथा टाउन हॉल को सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने इस संबंध में मंगलवार को निगम के अधिकारियों, पूर्व पार्षदों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करके व्यापक विचार-विमर्श किया। राकेश शर्मा ने कहा कि नगर निगम का टाउन हॉल बिल्कुल शहर के बीचों-बीच स्थित है। यहां आम नागरिकों की पहुंच बहुत ही आसान है। इसलिए, यहां समय-समय पर कई सरकारी, सामाजिक और निजी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन टाउन हॉल में बेहतरीन सुविधाओं के बावजूद यहां कला, संस्कृति और साहित्य आदि से जुड़े आयोजन बहुत कम होते हैं।

आयुक्त ने कहा कि कला, संस्कृति और साहित्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर निगम विशेष पहल करेगी। बैठक में पूर्व पार्षद राजेश चौधरी, राज चौधरी, निशांत शर्मा, एसडीओ अश्वनी ठाकुर और अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया।

# जन सहयोग से ही नशे से बचाई जा सकती युवा पीढ़ी: डीएसपी



नशा निवारण कमेटी के सदस्य और पंचायत प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**◆ चिट्टा व अन्य नशों के खिलाफ नादौन में जन आंदोलन अभियान तेज**

**नादौन।** पुलिस थाना नादौन में मंगलवार को नशा निवारण कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र में फैले नशे को रोकने और जड़ से उखाड़ने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी गौरवजीत सिंह ने की। बैठक में एसएचओ निर्मल सिंह, एसआई नरेश कुमार के साथ कमेटी के सदस्य और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। डीएसपी ने कहा कि चिट्टे जैसे नशे से कई युवा बर्बाद हो रहे हैं और जनता को खुलकर पुलिस को सूचना देनी चाहिए ताकि नशा बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के तहत नशा विरोधी अभियान को प्रदेशभर में जन आंदोलन के रूप में चलाया जा रहा है और सभी लोगों से सक्रिय सहयोग की अपील की।

# उपायुक्त गंधर्वा ने 7 पंचायतों में विकास कार्यों को जांचा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने मंगलवार को विकास खंड हमीरपुर की 7 ग्राम पंचायतों जंगल रोपा, ललीण, सेर बलौणी, चंगर, ब्राहलड़ी, नालटी और धलोट का दौरा करके विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने नालटी में एचपीशिवा परियोजना और मनरेगा कनवर्जेंस से विकसित बागीचे, जंगलरोपा में पार्क, सार्वजनिक शौचालय, स्वच्छ भारत मिशन के अन्य कार्यों, ललीण पंचायत में आंगनवाड़ी केंद्र झगड़ियाणी, धलोट पंचायत गांव गुलेला में पार्क, सेर बलौणी और चंगर के पंचायत घर एवं कॉमन सर्विस सेंटर और कई अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों ने इनके बजट इत्यादि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ब्राहलड़ी स्कूल का दौरा भी किया तथा नन्हें विद्यार्थियों से बातचीत की। उपायुक्त ने मनरेगा, 15वें वित्त आयोग की धनराशि और अन्य योजनाओं के माध्यम से करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया।

# नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा व भारत के लिए गर्व की बात: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचन को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा और भारत दोनों के लिए गर्व का विषय है। अनुराग ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने पर भेंट कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही अनुराग ठाकुर ने भाजपा के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के कार्यकाल को अतिसफल बताते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनाने का श्रेय इसके समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। हिमाचल प्रदेश की देवभूमि से आने वाले जगत प्रकाश नड्डा ने भारतीय जनता पार्टी को अध्यक्ष के रूप में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पित कार्यकर्ता भाव से सिंचित कर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। भाजपा के कई राज्यों के विधानसभा चुनाव, स्थानीय चुनाव व लोकसभा चुनावों में जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता व नड्डा संगठन कौशल एवं सबको साथ लेकर चलने के बेहतर प्रबंधन को जाता है। नड्डा का पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में 6 वर्षों का कार्यकाल सफल व पार्टी हित में रहा है जोकि प्रशंसनीय है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र व भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। साथ ही भारत दुनिया का सबसे ज़्यादा युवा आबादी का देश है और ऐसे में भाजपा ने 45 वर्ष के युवा नितिन नबीन जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने का निर्णय लिया है। 5 बार के विधायक, छत्तीसगढ़ व सिक्किम जैसे राज्यों के प्रभारी, युवा मोर्चा में मेरे साथ महामंत्री व 2 बार कैबिनेट मंत्री के रूप में उनकी कार्यशैली अत्यंत प्रभावी रही है। मोदी राजनीति में 1 लाख युवाओं को लाने की बात करते हैं ऐसे में माननीय नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से युवाओं में खासकर जेन-जी में एक सकारात्मक व मजबूत संदेश गया है। नितिन नबीन जी के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से यह साफ़ हो गया कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई फ़र्क़ नहीं है। हमारे लिए राजनीति सत्ता नहीं सेवा का माध्यम है और भाजपा का हर कार्यकर्ता इसी मूल भाव के साथ राष्ट्रसेवा में समर्पित है। आज मोदी के रूप में भाजपा के पास दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता है और नबीन के वृहद राजनैतिक अनुभव का लाभ भी पार्टी को अवश्य मिलेगा जिसके चलते भाजपा आगामी चुनावों में जीत हासिल कर जनकल्याण व विकसित भारत के अपने मिशन को और आगे बढ़ाएगी।

# सुजानपुर में अवैध फड़ी का सामान जब्त

## चौगान में नियमों की अवहेलना पर नगर परिषद ने की सख्त कार्रवाई

अनंत ज्ञान



सुजानपुर में अवैध सामान जब्त करती नगर परिषद। अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर द्वारा अवैध रूप से ऐतिहासिक चौगान में लगाई जा रही फड़ी का सामान जब्त कर लिया गया है। इससे पहले भी गत माह चौगान में सजा सामान उठाया था लेकिन उक्त दुकानदार पर कोई असर नहीं हो रहा है। सामान उठाने के बाद फिर से सज रही दुकानदारी को लेकर के दुकानदार को बार-बार चेतावनी दी जा रही थी, लेकिन दुकानदार पर चेतावनी का कोई असर नहीं हो रहा था। इस फहड़ी के लग जाने से जहां स्थानीय दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा था वही चौगान की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है।

महाराजा संसार चंद की नगरी सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान के संवारने को लेकर के जहां प्रशासन लाइट व्यवस्था तथा सफाई व्यवस्था पर लाखों रुपए की धनराशि खर्च कर रहा है वही चौगान में बिना अनुमति से अवैध रूप से लग रही फहडी चौगान की सुंदरता के साथ-साथ नियमों को ठेंगा दिखा रही थी। हालांकि प्रशासन द्वारा उक्त दुकानदार को कई बार चौगान के बीच फहड़ी सजाने को लेकर के मनाही की गई थी, लेकिन दुकानदार द्वारा नगर परिषद के कर्मियों के लौट के बाद पुन: चौगान में समान सजा दिया जाता रहा था। दिलचस्प से पहलू है कि दुकानदार द्वारा खेली जा रही इस लुका छिपी के पीछे कार्यालय में अवकाश के दिन चौगान में पूरी तरह से फहडी चौगान में सजाकर नियमों का ठेंगा दिखाया जाता रहा जिससे नगर परिषद एव स्थानीय प्रशासन द्वारा नियमों को सरेआम ठेंगा दिखाया जा रहा था। मंगलवार सेंट्री इंस्पेक्टर आर्यन मिन्हास ने नगर परिषद की टीम के साथ बिना अनुमति से चौगान के बीच सज रही फहड़ी का सामान जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बिना अनुमति से चौगान में फहडी को सजाया जा रहा था कई बार उक्त दुकानदार को मना किया गया था, लेकिन चेतावनी का कोई असर नहीं हो रहा था सामान जब्त कर लिए गया है तथा जुर्माना देकर ही छोड़ा जाएगा।

# हमीरपुर में स्वच्छता की अलख जगाएंगी महिलाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने मंगलवार को यहां निगम के कार्यालय में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान शहर के विभिन्न वार्डों के महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। राकेश शर्मा ने कहा कि इस सर्वेक्षण में महिला स्वयं सहायता समूहों की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को कचरे की छंटाई और इसके सही निष्पादन के प्रति जागरुक एवं प्रेरित करें। आयुक्त ने कहा कि अगर गीला कचरा, सूखा कचरा और प्लास्टिक का कचरा घरों में ही अलग-अलग कर दिया जाए तथा इसे अलग-अलग ही घरों से एकत्रित किया जाए तो इससे कई समस्याएं दूर हो सकती हैं।

बैठक में अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद ने भी महिलाओं को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान 'टोको और न माने तो रोको' की रणनीति पर कार्य करने की आवश्यकता है। यदि कोई भी व्यक्ति कूड़ा जहां-तहां फेंकता हुआ मिलता है या कचरा अलग-अलग नहीं देता तो उसे टोकना है और वह न माने तो उसे रोकना है। इस बैठक में नगर निगम क्षेत्र के लगभग 30 स्वयं सहायता समूहों की 60 महिलाओं ने भाग लिया। उन्हें स्वच्छता ऐप एवं स्वास्थ्य से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

# 749 टीजीटी को इसी सत्र में दी जाए प्रवक्ता प्रमोशन

अनंत ज्ञान

**◆ सीएंडवी से टीजीटी पदोन्नति पैनल करें जारी**

**हमीरपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग में पिछले चार माह से पात्र 749 टीजीटी को प्रवक्ता पदोन्नति नहीं दी है। वरिष्ठता संशोधन से सीनियर बनाने के उपरान्त भी टीजीटी से प्रवक्ता के लिए विषयवार अंग्रेज़ी में 132, हिन्दी में 73, इतिहास में 183, राजनीति विज्ञान में 115, गणित में 48, भौतिकी में 12, रसायन विज्ञान में 61, जीवविज्ञान में 120 तथा समाजशास्त्र में 4 व अर्थशास्त्र में 1 पद पर पदोन्नति करने के आवेदन 3 माह से स्कूल शिक्षा निदेशालय के पास लंबित हैं।

शिक्षा विभाग इन लंबित पदोन्नति की अधूरी डीपीसी प्रक्रिया इसी सत्र में पूरा करे। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग को प्रेषित ज्ञापन में की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल,उपाध्यक्ष विजय बरवाल और प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि प्रमोटी प्रवक्ता से हेड मास्टर और प्रवक्ता से प्रिंसिपल प्रमोशन में हुई प्रमोशन से प्रवक्ता के 400 पद रिक्त हो रहे हैं जबकि मार्च 26 में करीब 200 से अधिक प्रवक्ता सेवानिवृत्त हो सकते हैं। नवंबर 2025 तक प्रवक्ता कैडर में 2566 पद रिक्त थे और प्रमोशन के बाद 2966 पद रिक्त उपलब्ध हैं। ऐसे में 749 प्रवक्ता प्रमोट किए जाने में पदों की कमी नहीं है। इस समय प्रमोशन के लिए अंग्रेज़ी विषय में 203, हिंदी विषय में 146, इतिहास विषय में 144 पद, रसायन विज्ञान में 97, गणित विषय में 108, राजनीति शास्त्र में 248, जीव विज्ञान में 85, भौतिकी में 81, समाजशास्त्र में 20 मिलाकर कुल 1132 रिक्त पद डीपीसी हेतु उपलब्ध हैं और 592 प्रवक्ताओं को डिमोट करके टीजीटी बनाने की आवश्यकता नहीं है। जिन विषयों में रिक्त पद उपलब्ध हैं, उनमें प्रमोशन करने में कोई दिक्कत नहीं है और मार्च माह तक लंबित प्रमोशन प्रक्रिया पूरी की जाए।

सीएंडवी से टीजीटी पदोन्नति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने फाइनल पैनल जारी नहीं किया है। यह भी शीघ्र जारी करने की मांग संघ ने दोहराई है।

# स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से युवाओं में चरित्र व राष्ट्रनिर्माण की भावना जागृत



युवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर के कलंझड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा युवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से जोड़कर उनके जीवन, दर्शन और राष्ट्रनिर्माण में भूमिका पर विमर्श करना था। कार्यक्रम में ज्योत्सना कॉलेज के डायरेक्टर उपेंद्र चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन आज के युवाओं के लिए ऊर्जा, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है, और विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अभिलाष शर्मा, जिला संगठन मंत्री, ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत, वेदांत दर्शन और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों पर विस्तृत विचार साझा किए।
संगोष्ठी में उपस्थित विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछे और चर्चा में सक्रिय सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष पीतांबर, विभाग संयोजक भवानी ठाकुर, कॉलेज के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**खेतीबाड़ी** किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बने भोरंज के भुक्कड़ पंचायत के सुभाष कपिला

# रिटायर्ड प्रिंसिपल ने उगाई 10 क्विंटल हल्दी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** प्राकृतिक खेत को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने तथा इसके माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयास काफी अच्छे परिणाम ला रहे हैं। प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं को 60 रुपए प्रति किलो और मक्की को 40 रुपए प्रति किलो की दर से खरीद रही है, वहीं कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलो दाम निर्धारित किया गया है।

प्रदेश सरकार की इस योजना से प्रभावित होकर हल्दी की खेती शुरू करने वाले भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत भुक्कड़ के गांव बैरी ब्राहम्णा के शिक्षाविद सुभाष कपिला और उनकी धर्मपत्नी उर्मिला कपिला ने इस सीजन में लगभग दस क्विंटल हल्दी पैदा करके क्षेत्र के किसानों-बागवानों के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्कूल प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त 76 वर्षीय सुभाष कपिला और शिक्षा विभाग से ही टीजीटी के पद से सेवानिवृत्त उनकी धर्मपत्नी उर्मिला कपिला का बेटा डेंटल सर्जन और बहू सीनियर अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। इसके बावजूद सुभाष कपिला और उर्मिला कपिला ने खेती नहीं छोड़ी है। वे अपने खेतों में रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों का प्रयोग नहीं करते हैं।



भोरंज उपमंडल की भुक्कड़ पंचायत के सुभाष कपिला ने उगाई 10 क्विंटल हल्दी। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जब प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया और इस विधि से उगाई जाने वाली फसलों के लिए अलग से उच्च दाम निर्धारित किए तो वयोवृद्ध कपिला दंपत्ति ने हल्दी उगाने का निर्णय लिया। उन्होंने कृषि विभाग की एसएमएस मोनिका शर्मा और अन्य अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा विभाग से हल्दी का बीज भी लिया।

सुभाष कपिला ने बताया कि इस सीजन में उन्हें लगभग 10 क्विंटल पैदावार हुई है। उनका कहना है कि हल्दी की खेती में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है और यह ऐसी फसल है, जिसे जंगली जानवर कोई नुक्सान नहीं पहुंचाते हैं। इसके लिए रासायनिक खाद या कीटनाशकों की जरुरत भी नहीं होती है। प्रदेश सरकार इसे 90 रुपये प्रति किलो की दर से खरीद रही है। इसलिए, हल्दी की खेती में किसानों को फायदा ही फायदा है।

# स्कूली शिक्षा में एससीईआरटी का योगदान: रोहित

## एससीईआरटी को बताया सरकार का थिंक टैंक, प्रशासनिक छवि से निकलकर अकादमिक केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की भूमिका बेहद अहम है। शिमला में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि एससीईआरटी केवल पाठ्यक्रम निर्धारण तक सीमित संस्था नहीं है, बल्कि यह शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सशक्त बनाने वाला एक प्रभावी अकादमिक थिंक टैंक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार शिक्षा को केवल आंकड़ों और परीक्षा परिणामों तक सीमित न रखते हुए सीखने की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के समग्र विकास पर केंद्रित कर रही है।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि लंबे समय तक एससीईआरटी और डाइट संस्थानों को केवल प्रशासनिक समायोजन के केंद्र के रूप में देखा गया, लेकिन अब इन संस्थानों को शिक्षक प्रशिक्षण और शैक्षिक नवाचार के मजबूत केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार इन संस्थानों में संरचनात्मक और अकादमिक सुधार कर रही है ताकि बदलते समय और नई शैक्षिक जरूरतों के अनुरूप शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था खुद को ढाल सके। उन्होंने शिक्षकों और अधिकारियों से आह्वान किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत बने और विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया प्रभावी हो।

बैठक में एससीईआरटी की ओर से सरकारी स्कूलों में लागू किए जाने वाले होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इस नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों का मूल्यांकन केवल अंकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, सामाजिक सहभागिता, व्यवहार, स्वास्थ्य और जीवन कौशल जैसे पहलुओं को भी शामिल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इससे शिक्षकों को छात्रों की प्रतिभा और रुचियों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी और विद्यार्थियों से जुड़ा महत्वपूर्ण डाटा सुरक्षित तरीके से संरक्षित किया जाएगा, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

### लिबरल आर्ट्स अकादमिक सुदृढ़ीकरण पर दिया जोर

**समग्र** शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अकादमिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। वहीं हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के चेयरपर्सन प्रो. सर्वजोत सिंह बहल ने 11वीं और 12वीं कक्षा में पारंपरिक स्ट्रीम व्यवस्था के स्थान पर लिबरल आर्ट्स की अप्रोच अपनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों को विभिन्न विषयों को समझने का अवसर मिलेगा और उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। बैठक में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अंजली वर्मा ने स्कूली पाठ्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के इतिहास को और समृद्ध रूप में शामिल करने का सुझाव दिया, जिस पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

◆ होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड से बदलेगा मूल्यांकन का नजरिया



### शिक्षा सुधारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता

**समीक्षा** बैठक में शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा, एससीईआरटी और विभिन्न अकादमिक संस्थानों के अधिकारियों व शिक्षकों की मौजूदगी ने यह संदेश साफ कर दिया कि प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा सुधार को लेकर पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्री ने सभी से सामूहिक प्रयास और समन्वय के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि यही साझा प्रयास भविष्य की पीढ़ी को सशक्त बनाएंगे।

# मंत्रिमंडल के फैसलों पर सख्ती, 1,116 निर्णय पूरे तरह किए गए लागू: जगत नेगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्य सरकार के कामकाज की गति व जवाबदेही को मजबूत करने की दिशा में सोमवार को राजधानी शिमला में मंत्रिमंडलीय उप-समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। इस बैठक में मंत्रिमंडल की विभिन्न बैठकों में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकार के फैसलों का लाभ ज़मीनी स्तर तक पहुंचे।

बैठक में बताया गया कि 13 जनवरी 2023 से 30 जून 2025 के बीच मंत्रिमंडल की बैठकों में कुल 1,160 निर्णय लिए गए थे। इनमें से 1,116 निर्णयों को पूरी तरह लागू कर दिया गया है, जो सरकार की प्रशासनिक प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता को दर्शाता है। शेष 44 निर्णय वित्त, स्वास्थ्य, उद्योग, जलशक्ति, बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा, पर्यटन और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण विभागों से जुड़े हैं, जिन पर तेजी से काम जारी है।

राजेश धर्माणी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार का हर अधिकारी और कर्मचारी प्रदेश की जनता के प्रति जवाबदेह है और किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

बैठक में जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित निर्णयों को भी तय समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आम लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। बैठक में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में यह संदेश साफ कर दिया कि सरकार फैसलों के अमल को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।



बैठक में निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा करते मंत्री। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसयूआई का 'चिट्टा मुक्त कैंपस' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला से एनएसयूआई जिला मंडी द्वारा शुरू किए गए चिट्टा मुक्त कैंपस अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को नशे, विशेषकर चिट्टा, से दूर रखने के लिए शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियां सबसे बड़ा हथियार हैं। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई की यह पहल राज्य सरकार के नशा मुक्त हिमाचल के संकल्प को मजबूती देती है। सरकार नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ जन-जागरूकता अभियानों को भी प्रोत्साहित कर रही है। एनएसयूआई जिला मंडी अध्यक्ष अनित जसवाल ने बताया कि यह अभियान 23 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा, जिसमें स्कूल व कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, शपथ, वॉकथॉन और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम में विधायक संजय अवस्थी और राकेश कालिया भी उपस्थित रहे।

### शिमला में विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय सिविल सेवा खेल प्रतियोगिता के लिए टीम चयन की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। इसके तहत महिला एवं पुरुष बैडमिंटन टीम के ट्रायल 21 जनवरी को सुबह 11 बजे इंदिरा गांधी खेल परिसर, शिमला में आयोजित होंगे। पुरुष हॉकी टीम के चयन ट्रायल 22 जनवरी को सुबह 11 बजे बीसीएस स्कूल ग्राउंड में होंगे। इसी क्रम में पुरुष क्रिकेट टीम के ट्रायल 23 जनवरी को एचपीसीए ग्राउंड, लालपानी में आयोजित किए जाएंगे। वहीं कैरम खेल के लिए पुरुष व महिला वर्ग का चयन एजी ऑफिस, रेलवे बोर्ड बिल्डिंग शिमला में किया जाएगा। रिजनल स्पोर्ट्स बोर्ड शिमला के चेयरमैन की विज्ञप्ति के अनुसार हिमाचल प्रदेश में विभिन्न विभागों में कार्यरत केंद्रीय कर्मचारी निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुंचकर ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

### सीबीएसई लागू करने पर शिक्षक संघ ने रखी शर्तें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड लागू करने के निर्णय पर हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ने सैद्धांतिक समर्थन जताया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने कहा कि यह फैसला शिक्षा की गुणवत्ता सुधार सकता है, लेकिन इसे लागू करते समय शिक्षकों की भूमिका, पदोन्नति और स्थानांतरण नीति स्पष्ट होनी चाहिए। संघ ने मांग की कि कार्यरत शिक्षकों की दक्षता जांच के नाम पर कोई परीक्षा न ली जाए और सीबीएसई स्कूलों में तैनात शिक्षकों को पर्याप्त समय दिया जाए। साथ ही उप-प्रधानाचार्य पद सृजन, अनावश्यक स्कूल विलय का विरोध और फीस वृद्धि न करने की मांग रखी गई। संघ ने उम्मीद जताई कि सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को लगी 14 लाख की चपत

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला हमीरपुर के महारल निवासी एक सेवानिवृत्त शिक्षक साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। पीड़ित शिक्षक का कहना है कि उनके खाते में संदिग्ध गतिविधि दिखने पर उन्होंने बैंक में खाता बंद करवाया था, इसके बावजूद करीब 9 लाख रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट राशि सक्रिय खाते में ट्रांसफर होकर गायब हो गई। कुल मिलाकर उन्हें लगभग 14 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित का कहना है कि एफडी से संबंधित मैनुअल दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं और न तो एफडी की मैच्योरिटी हुई थी, न ही तुड़वाने के लिए कोई आवेदन दिया गया था। इससे बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले की शिकायत पुलिस चौकी बिझड़ी में दर्ज करवाई गई है। वहीं पीएनबी शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि इस फ्रॉड में बैंक की कोई भूमिका नहीं है और उपभोक्ता की लापरवाही से यह घटना हुई है।

### शिमला ग्रामीण में विशेष जागरुकता बैठकें 2 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला ग्रामीण क्षेत्र में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावे प्रस्तुत करने के लिए 2 से 6 फरवरी 2026 तक विशेष जागरूकता बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उप-मंडलाधिकारी शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों को नौ क्लस्टरों में विभाजित कर अधिकारियों की तैनाती की गई है। बैठकें प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होंगी और अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी, अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई की जाएगी। इन बैठकों में ग्रामीणों को दावा प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और समय-सीमा की जानकारी दी जाएगी। अधिनियम का उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों और पारंपरिक वन निवासियों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार दिलाना है।

# जेपी नड्डा की बदौलत संगठन को मिली नई ऊंचाई: जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उनके अत्यंत सफल, सशक्त और संगठनात्मक रूप से ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए दिली मुबारकबाद और हार्दिक अभिनंदन पेश किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि देवभूमि हिमाचल की माटी से निकले नड्डा ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल की कमान संभालते हुए जिस दूरअंदेशी, संजीदगी और कुशलता से संगठन का संचालन किया, वह हर हिमाचलवासी के लिए फख्र का सबब है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी, निर्णायक और प्रेरक नेतृत्व में नड्डा जी का कार्यकाल संगठन और सरकार के बीच मजबूत तालमेल की एक मिसाल बनकर सामने आया।

जयराम ठाकुर ने विशेष तौर पर रेखांकित किया कि नड्डा के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी ने न सिर्फ सांगठनिक विस्तार किया, बल्कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को समाज के आखिरी पायदान तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की।



◆ नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को दी बधाई

उन्होंने संगठन की कमान संभालने वाले नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का भी गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया तथा विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी राष्ट्र सेवा के रास्ते पर उसी संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ती रहेगी।

# हिमाचल में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह अब ऑनलाइन

## उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने किया पोर्टल का शुभारंभ, एक क्लिक में बुकिंग, तुरंत होगी कंफर्मेशन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज जल शक्ति विभाग के विश्राम गृहों के लिए ऑनलाइन आरक्षण पोर्टल का औपचारिक शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पहल राज्य में डिजिटल गवर्नेंस को मजबूती देने की दिशा में एक अहम क़दम है। नई व्यवस्था से बुकिंग प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और तेज़ होगी, जिससे विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ आम जनता को भी सुविधाजनक सेवा मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि ऑनलाइन प्रणाली के तहत अब एक क्लिक में कमरे की बुकिंग संभव होगी और तुरंत कन्फर्मेशन प्राप्त होगा। आवेदन के कुछ ही मिनटों में बुकिंग की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी, जिससे पहले जैसी प्रतीक्षा और असमंजस की स्थिति समाप्त होगी। जल शक्ति विभाग के सचिव अभिषेक जैन ने जानकारी दी कि पूरे प्रदेश में विभाग के 87 विश्राम गृह हैं, जिनमें 324 कमरे उपलब्ध हैं। हिमाचली अतिथियों के लिए किराया 500 रुपये और गैर-हिमाचली अतिथियों के लिए 1000 रुपये तय किया गया है। बुकिंग के समय 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान अनिवार्य होगा, जबकि शेष राशि चेक-आउट पर जमा की जा सकेगी।

### नीति आयोग के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स में अग्रणी राज्यों में हिमाचल



राज्य परिवहन विकास एवं सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डिप्टी सीएम। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में राज्य परिवहन विकास एवं सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में परिवहन क्षेत्र को पारदर्शी, डिजिटल और नागरिक अनुकूल बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2023 से दिसंबर 2025 के बीच परिवहन विभाग ने 2,597.59 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो पिछली सरकार की समान अवधि की तुलना में लगभग 73 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि डिजिटल पहलों और सुदृढ़ प्रवर्तन व्यवस्था का परिणाम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग के इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स में हिमाचल प्रदेश का अग्रणी राज्यों में शामिल होना हरित परिवहन और सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि स्वचालित वाहन परीक्षण केंद्रों की स्थापना से वाहन फिटनेस प्रणाली वैज्ञानिक और पारदर्शी बनेगी। ऊना के हरोली और हमीरपुर के नादौन में सरकारी एटीएस स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि निजी क्षेत्र में कई जिलों में केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से कुछ का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फिटनेस ऐप और ऑटो-अप्रूवल मैकेनिज्म से फिटनेस, परमिट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसी सेवाएं तेज और कागज-रहित होंगी। ई-चालान, ई-डिटेक्शन सिस्टम और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से यातायात प्रवर्तन फेसलेस बनाया गया है। सड़क सुरक्षा पाठ्यक्रम और विभिन्न विभागों को दिए गए संसाधनों के सकारात्मक प्रभाव से सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई है, वहीं निजी बस रूट और टैक्सी परमिट से रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। बैठक के दौरान एम फिटनेस ऐप का शुभारम्भ किया गया, जिससे डिजिटल फिटनेस निरीक्षण, फोटो और जीपीएस साक्ष्य तथा फर्जी प्रमाण-पत्रों पर रोक संभव होगी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में परिवहन विभाग परिसर, शिमला में सौर ऊर्जा आधारित ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया है और राज्य में कई स्थानों पर ऐसे स्टेशन संचालित हो रहे हैं।

# पारदर्शिता लोकतंत्र की आत्मा: पठानिया

## अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में प्रौद्योगिकी पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के विधान भवन मंडप में आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि पारदर्शिता लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि जब नागरिकों को कानून निर्माण और निर्णय प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी मिलती है, तब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा मजबूत होता है। इस दिशा में प्रौद्योगिकी की भूमिका निर्णायक है।

पठानिया ने कहा कि संसद और विधान सभाओं की कार्यवाही का लाइव प्रसारण, विधेयकों का ऑनलाइन प्रकाशन, सदस्यों की उपस्थिति और मतदान रिकॉर्ड की सार्वजनिक उपलब्धता नागरिकों को सीधे विधायी प्रक्रिया से जोड़ती है। भारत में संसद टीवी, लोक सभा और राज्य सभा की वेबसाइटें व मोबाइल ऐप इस पारदर्शिता को सशक्त बनाते हैं। हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में उन्होंने बताया कि राज्य 2014 में पेपरलेस विधानसभा बनने वाला पहला राज्य रहा। ई-विधान प्रणाली से कार्यकुशलता और पारदर्शिता बढ़ी तथा कागज के उपयोग में उल्लेखनीय कमी आई। ई-निर्वाचन क्षेत्र प्रबंधन, ई-समिति और मोबाइल ऐप के माध्यम से जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिसका अनुसरण देश के अनेक राज्यों ने किया।

अपने संबोधन के अंतिम हिस्से में कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि तकनीक कोई विकल्प नहीं, बल्कि आधुनिक लोकतंत्र की आवश्यकता है। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत राष्ट्रीय ई-विधान (नेवा) को अपनाने की दिशा में हिमाचल प्रदेश आगे बढ़ चुका है और पूर्ण क्रियान्वयन शीघ्र होगा। सम्मेलन के दौरान उन्होंने दो सत्रों का संचालन भी किया। सम्मेलन का समापन समारोह कल होगा, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे।




सम्मेलन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

# पंचायत चुनावों में मनरेगा बनेगा बड़ा मुद्दा: विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से मैदान में उतरने का आह्वान किया है। उन्होंने सरकार के 30 अप्रैल से पहले पंचायत चुनाव करवाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं के सम्मान में विश्वास रखती है। विनय कुमार ने कहा कि पंचायत चुनाव कांग्रेस संगठन की नींव मजबूत करने का अवसर हैं और इन्हीं चुनावों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा गांव-गांव तक पहुंचती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि ऐसे उम्मीदवारों को आगे लाया जाए जो कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े हों और जनता के बीच विश्वसनीय हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले पंचायत चुनावों में मनरेगा सबसे बड़ा मुद्दा रहेगा। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा को कमजोर करने के प्रयास ग्रामीण रोजगार और पंचायतों के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। कांग्रेस मनरेगा बचाओ संग्राम को जन आंदोलन बनाकर जनता के बीच ले जाएगी।

# साहित्यकार हितेंद्र को राज्यपाल ने दिया 'अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस'



साहित्यकार हितेंद्र को राज्यपाल सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के प्रख्यात कवि, लेखक, पत्रकार एवं साहित्यकार हितेन्द्र शर्मा को हिन्दी साहित्य और लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए च्अवार्ड ऑफ एक्सीलेंसज् से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बलना (नोगली) द्वारा आयोजित डिग्री पाठ्यक्रमों के उद्घाटन समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। सम्मान हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा प्रदान किया गया। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि हितेन्द्र शर्मा ने अपने सृजनात्मक लेखन, काव्य-साधना और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने के साथ-साथ हिमाचल की लोक-संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक सरोकारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उनकी रचनाओं में हिमालयी संवेदना, लोक जीवन की सादगी और समकालीन समाज के प्रश्नों का प्रभावशाली चित्रण देखने को मिलता है।

इस सम्मान पर प्रदेश के साहित्यकारों और सांस्कृतिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त किया। सम्मान प्राप्त करने पर हितेन्द्र शर्मा ने इसे साहित्य और समाज के प्रति अपने दायित्व को और सशक्त करने की प्रेरणा बताया।

# लोक लेखा समिति का गुजरात दौरा, प्राकृतिक खेती पर हिमाचल और गुजरात के बीच संवाद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा की लोक लेखा समिति अपने नौ दिवसीय अध्ययन प्रवास के तहत आज गांधीनगर पहुँची। समिति ने गुजरात विधान सभा का दौरा किया और शिष्टाचार भेंट में आचार्य देवव्रत को हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। राज्यपाल ने इन पहलों की सराहना करते हुए उन्हें सतत कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

लोक लेखा समिति के सभापति अनिल शर्मा के नेतृत्व में समिति के सदस्य संजय रत्न, इंद्र सिंह, बलबीर वर्मा, जनक राज, जीत राम कटवाल, मलेन्द्र राजन, केवल सिंह पठानियां और कैप्टन रणजीत सिंह विभिन्न विषयों के अध्ययन के उद्देश्य से इस प्रवास पर हैं। समिति ने गुजरात में प्रशासनिक प्रक्रियाओं और विधानसभा कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया।

### अवलोकन करते हुए साझा किए अनुभव

**उप-मुख्य** सचेतक एवं समिति सदस्य केवल सिंह पठानियां ने बताया कि प्राकृतिक खेती पर हिमाचल की प्रगति और नीतिगत पहल पर विस्तार से संवाद हुआ, जिसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। उल्लेखनीय है कि लोक लेखा समिति का यह अध्ययन प्रवास गुजरात के साथ-साथ महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश तक विस्तृत है, और समिति आज रात मुंबई के लिए प्रस्थान करेगी।

# गेट नंबर-5 के पास रोट प्रसाद की दुकान में लगी आग

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** सिद्ध पीठ बाबा बालकनाथ मंदिर परिसर में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गेट नंबर-5 के समीप सड़क किनारे स्थित रोट प्रसाद की एक दुकान में अचानक आग लग गई। यह प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण दुकानदार की गंभीर लापरवाही सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुकान का मालिक प्रसाद बनाने के लिए भट्टी जलाकर किसी काम से बाजार निकल गया था। भट्टी पर रखी कड़ाही में तेल लगातार गर्म होता रहा और अधिक तापमान के कारण तेल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास मौजूद दुकानों पर भी खतरा मंडराने लगा। हालात बिगड़ने से पहले ही पास की दुकानों के दुकानदार मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय दुकानदारों की सूझबूझ और तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। लोगों ने मंदिर क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए सख्त निगरानी की मांग की है।

## सरोकार लोक निर्माण मंत्री ने फोरलेन निर्माण से प्रभावित ग्रामीणों के हितों की रक्षा का दिया भरोसा

# पंचायतों को आधुनिक सुविधाएं देना प्राथमिकता: विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी पंचायतों को मजबूत और आधुनिक बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी दिशा में पुराने पंचायत भवनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जबकि नई पंचायतों के लिए एकरूप डिजाइन और तय पैटर्न पर भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

मंत्री आज 1.14 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ग्राम पंचायत कोट के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पंचायत क्षेत्र के लोगों और जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायत भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की धुरी होता है।

उन्होंने कहा कि एक दौर था जब पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वाई. एस. परमार और वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में पंचायतों के सशक्तिकरण और महिलाओं को मजबूत करने की जो शुरुआत हुई, मकानों में आई दरारों, प्रभावित रास्तों के पुनर्निर्माण, बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति और किसानों-बागवानों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित निरीक्षण और बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए फोरलेन प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री ने घोषणा की कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए क्षेत्र में ओपन जिम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही शोघी क्षेत्र में एक आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी, ताकि युवाओं को शांत वातावरण में अध्ययन का अवसर मिल सके।




लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ग्राम पंचायत कोट में जनसभा को संबोधित करते हुए।

◆ 1.14 करोड़ से निर्मित ग्राम पंचायत कोट के नए भवन का किया लोकार्पण

◆ ग्रामीण विकास को मिला नया केंद्र

### ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान

**'सरकार** गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में पंचायत प्रधान नेहा मेहता द्वारा रखी गई मांगों पर मंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए विभिन्न विकास कार्यों के लिए 6 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता की घोषणा की। मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं मौके पर ही सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान सड़क, पेयजल, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## लगातार गिर रहे मलबे से परेशानी झेल रहे सुधेड़ के ग्रामीण, चेताया

# समाधान जल्द न हुआ तो सड़क पर उतरेंगे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला-मैक्लोडगंज बाईपास के काम के कारण नीचे गिर रहे मलबे से सुधेड़ के लोग दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। ठेकेदार को सूचित करने के बाद भी हालात के जस के तस बन हुए हैं। अब ग्रामीणों ने धर्मशाला में उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त के न मिल पाने के बाद एसडीएम को सौंपे ज्ञापन के अनुसार मैक्लोडगंज बाईपास सड़क मरम्मत कार्य के दौरान सुधेड़ के प्राथमिक स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र की ओर अवैज्ञानिक रूप से मिट्टी व पत्थर फेंके जाने से ग्रामीण, रास्ता बंद होने तथा भूस्खलन के गंभीर खतरे से जूझ रहे हैं। बाईपास पर वर्तमान में चल रहे सड़क मरम्मत कार्य के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन से की जा रही कटिंग से निकली मिट्टी व बड़े-बड़े पत्थर बिना किसी वैज्ञानिक भूमि कटाव रोक पद्धति के सीधे प्राथमिक स्कूल, आंगनबाड़ी और गांव सुधेड़ के घरों की ओर फेंके जा रहे हैं। इससे गांव के प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, जंज घर तथा कई घरों को क्षति पहुंच रही है। स्कूल व आंगनबाड़ी भवन के ऊपर गिर रहे पत्थरों के कारण बच्चों को दूसरी जगह स्थानांतरित करना जरूरी हो गया है। लोगों का कहना है कि गांव सुधेड़ का मुख्य रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है। ग्रमीणों ने एक मंदिर का निर्माण किया था, वह भी पूरी तरह से टूट गया है। गांव की पेयजल लाइन में लीकेज होने के कारण यहां पानी भी व्यर्थ सड़कों पर बह रहा है। ऊपर से गिराई जा रही मिट्टी व पत्थरों के कारण भूस्खलन का आस पास के कई घरों को गंभीर खतरा बना हुआ है। संबंधित ठेकेदार को कई बार इस विषय में मौखिक रूप से अवगत करवाने के बावजूद मिट्टी व पत्थर गांव, स्कूल तथा रास्ते की ओर फेंके जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा हस्तक्षेप नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके का निरीक्षण करवाने की मांग की। मिट्टी व पत्थरों को सुरक्षित स्थान पर हटवाकर गांव का रास्ता शीघ्र बहाल करने व ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की न हो। ग्रामीणों के अनुसार वे एनएचएआई द्वारा कार्य करवाए जाने के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 200 घरों वाले क्षेत्र को खतरे की आशंका को देखते हुए अगर कारवाई नहीं हुई तो ग्रामीण खुद सड़कों पर उतर कर काम को बंद करवाएंगे।



ज्ञापन सौंपते सुधेड़ के ग्रामीण। (इनसेट) गिर रहा मलबा। अनंत ज्ञान

## राज्य स्तरीय शिवरात्रि मेले को लेकर प्री-बिड बैठक 27 को

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राज्यस्तरीय शिवरात्रि मेला बैजनाथ की तैयारियों के तहत ग्राउंड टेंडर तथा डोम/दुकानों से संबंधित नीलामी/निविदा प्रक्रिया को लेकर प्री-बिड बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 27 जनवरी को अपराह्न 3 बजे, कार्यालय उपमंडल अधिकारी (ना.), बैजनाथ में आयोजित होगी। उपमंडलाधिकारी (ना.) एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय शिवरात्रि मेला, बैजनाथ संकल्प गौतम ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्री-बिड बैठक का उद्देश्य नीलामी/निविदा प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाना है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान इच्छुक फर्में एवं बोलीदाता ग्राउंड टेंडर, डोम/दुकानों की स्थापना, व्यवस्थाएं, शर्तें तथा अन्य संबंधित विषयों पर अपने सुझाव एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय शिवरात्रि मेला बैजनाथ का आयोजन 15 फरवरी से 19 फरवरी तक प्रस्तावित है और इसके सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जा रही हैं। एस डी एम संकल्प गौतम ने समस्त इच्छुक पक्षों से आग्रह किया कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर प्री-बिड बैठक में भाग लें और मेले के बेहतर आयोजन में सहयोग करें।

# एक सप्ताह में शुरू होगा आईआईटी विस्तार परिसर भगोटला का सर्वे

### प्रधान सलाहकार गोकुल व आईआईटी मंडी के निदेशक ने किया भूमि का निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर के भगोटला में प्रस्तावित आईआईटी मंडी के विस्तार परिसर (एक्सटेंशन सेंटर) के निर्माण का सर्वे एक सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा। एनआईटी हमीरपुर की टीम इस सर्वे को अंजाम देगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजीटल तकनीक एवं गवर्नेंस) गोकुल बुटेल सहित आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा और पालमपुर प्रशासन ने प्रस्तावित स्थल का दौरा किया।

गोकुल बुटेल ने प्रशासन से विभिन्न मामलों पर फीडबैक लिया और उचित दिशा निर्देश भी जारी किए। इस दौरान प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने जानकारी दी कि एनआईटी हमीरपुर की टीम निर्माण कार्य के सर्वे को लेकर एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर देगी। गोकुल बुटेल ने इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्तावित निर्माण स्थल तक उचित सड़क सुविधा होनी चाहिए, ताकि निर्माण सामग्री को निर्बाध निर्माण स्थल तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने वन स्वीकृति के मामले पर भी फीडबैक लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस दौरान जानकारी दी कि करीब 20 हेक्टेयर भूमि की वन स्वीकृति मिल चुकी है और करीब 30 हेक्टेयर भूमि का मामला लंबित है। इस पर आवश्यक कार्रवाई जारी है। इस दौरान निर्माण को लेकर अन्य तकनीकि पहलुओं पर भी गौर किया गया। प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मामले पर समन्वय स्थापित करने की बात कही।


भगोटला में भूमि का निरीक्षण करते गोकुल बुटेल व अन्य। अनंत ज्ञान

## पालमपुर जिला के सह संयोजक किए नियुक्त

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ हिमाचल प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश संयोजक घनश्याम शर्मा एवं प्रदेश सह संयोजक सुरेंद्र ठाकुर से विस्तृत चर्चा के उपरांत पालमपुर जिला संयोजक विजय कुमार गुलेरिया ने जिला सह संयोजकों की घोषणा की। जारी सूची के अनुसार प्रीतम सिंह (पालमपुर), हंसराज (बैजनाथ), मिलाप भंडारी (जयसिंहपुर), हेमराज शर्मा (सुलह), एसएस मंडोत्रा (पालमपुर), ओंकार कटोच (जयसिंहपुर), अजय नाग (पालमपुर), कुलदीप शर्मा (जयसिंहपुर) तथा विनोद राणा (पंचरुखी) को पालमपुर जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया है। विजय कुमार गुलेरिया ने बताया कि सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त सह संयोजक संगठन को मजबूत करने, पूर्व कर्मचारियों को पार्टी से जोड़ने तथा भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि वे पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

◆ **प्रदेश संयोजक घनश्याम शर्मा से चर्चा के बाद की घोषणा**

## सुलह विस क्षेत्र में डिनोटिफाई किए संस्थानों को नोटिफाई करें सीएम : परमार

अनंत ज्ञान

**डरोह।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि सुलह विधानसभा क्षेत्र में 22 जनवरी को मुख्यमंत्री के आगमन पर औपचारिक रूप से उनका स्वागत एवं अभिनंदन है। लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन भातपा जानती है, लेकिन स्वागत के नाम पर झूठ, भ्रम और राजनीतिक छल को स्वीकार करना भाजपा की संस्कृति नहीं है।

सुलह की पवित्र धरती पर खड़े होकर यदि कांग्रेस सरकार भाजपा के समय शुरू हुए विकास कार्यों को अपनी उपलब्धि बताने की कोशिश करेगी, तो उसका कड़ा और करारा जवाब दिया जाएगा। यह सच्चाई अब किसी से छिपी नहीं है कि 22 जनवरी को जिन योजनाओं का उद्धघाटन और शिलान्यास किया जा रहा है, वे सभी योजनाएं भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत, अनुमोदित और प्रारंभ की गई थीं। इन परियोजनाओं की डीपीआर, बजट व्यवस्था, केंद्रीय स्वीकृतियां और प्रशासनिक औपचारिकताएं भाजपा सरकार ने पूरी कीं। कांग्रेस सरकार आज केवल फीता काटने वाली सरकार बनकर रह गई है, जिसे न तो नई सोच आती है और न ही नई योजनाएं। कांग्रेस सरकार में तीन साल में सुलह के लिए आपने कौन-सी नई योजना लाई? कौन-सा बड़ा प्रोजेक्ट आपकी सरकार ने स्वीकृत किया? क्यों भाजपा के समय शुरू हुए कार्यों पर झूठा श्रेय लिया जा रहा है? यदि एक भी ठोस जवाब है, तो जनता के सामने रखें। उक्त सभी बातों का जवाब सीएम को सुलह विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान देना होगा, वरना यह मान लिया जाएगा कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। सुलह की जनता सब देख रही है, सब समझ रही है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी। भाजपा सच्चाई के साथ खड़ी है और कांग्रेस की इस झूठी, अवसरवादी और धोखेबाज राजनीति को बेनकाब करती रहेगी।

## भाजपा ने फिर किया साबित सामान्य कार्यकर्ता भी पार्टी के उच्च पद पर हो सकता है आसीन : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने दुबई से जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि कोई भी सामान्य कार्यकर्ता पार्टी के सबसे ऊपर पद पर आसीन हो सकता है। चर्चाएं नए अध्यक्ष को लेकर होती रहीं, पर कोई भी नहीं जानता था कि नवीन नितिन कौन है, लेकिन दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी ने उनको अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। शांता कुमार ने नितिन नवीन को इस नियुक्ति पर हिमाचल प्रदेश की समस्त जनता और अपनी ओर से हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी नवीन के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ेगी और नया इतिहास बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक युवा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर युवा शक्ति को नया सम्मान दिया है। शांता कुमार ने भारतवर्ष के सभी युवाओं को नमन करते हुए कहा कि युवा शक्ति के लिए यह एक बहुत बड़ा सम्मान है और जिम्मेदारी भी है। उन्होंने पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भाजपा पूर्ण रूप से एक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य पूरा करेगी।

## नूरपुर पुलिस ने बरामद किए 315 प्रतिबंधित कैप्सूल, दो गिरफ्तार


पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नूरपुर के वार्ड नंबर 2 में गश्त के दौरान औचक निरीक्षण में दो लोगों को नशीले एवं प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इस दौरान दोनों आरोपियों से 315 प्रेगलाविन कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मुनीश कुमार पुत्र स्व. सोमराज, निवासी वार्ड नंबर 2, नजदीक एचडीएफसी बैंक, नूरपुर और जोगिंदर सिंह पुत्र धर्मू राम, निवासी गांव लंगूटा, तहसील भरमौर, जिला चंबा को काबू किया है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई ड्रग इंस्पैक्टर के साथ संयुक्त रूप से की गई।

एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस आम जनता से अपील करती है कि बिना वैध लाइसेंस के दवाइयों की खरीद-फरोख्त न करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या संबंधित विभाग को दें। उन्होंने कहा कि नूरपुर पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## नड्डा का योगदान हिमाचल के लिए गौरव : राजेश राणु

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर के महामंत्री राजेश राणु ने कहा कि छोटे से प्रदेश हिमाचल से निकलकर अपनी कड़ी मेहनत, तपस्या और संगठनात्मक क्षमता के बल पर जगत प्रकाश नड्डा ने राष्ट्रीय स्तर पर जो मुकाम हासिल किया है, वह अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र मोदी जैसे विश्व के शीर्ष नेता के साथ कार्य करना अत्यंत गौरव की बात है। राजेश राणु ने बताया कि 1960 में जन्मे नड्डा 1984 में हिमाचल विश्वविद्यालय में एबीवीपी के अध्यक्ष बने और 1989 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री चुने गए। इसके बाद युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, तीन बार विधायक, दो बार हिमाचल कैबिनेट मंत्री और राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण दायित्व निभाए। उन्होंने कहा कि नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने कई राज्यों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की और राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज हुआ, जो पूरे हिमाचल के लिए गर्व की बात है।

# पुनर स्कूल के व्यावसायिक विषय के विद्यार्थियों ने ली ऑन जॉब ट्रेनिंग



पुनर स्कूल के व्यावसायिक विषय के छात्रों ने केनरा बैंक पालमपुर में ऑन जॉब ट्रेनिंग प्राप्त की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुनर के 10वीं और 11वीं कक्षा के व्यावसायिक विषय के छात्रों ने केनरा बैंक, पालमपुर में ऑन जॉब ट्रेनिंग प्राप्त की।

यह प्रशिक्षण व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान व्यावसायिक शिक्षक गुरु स्वरूप के मार्गदर्शन में छात्रों को बैंक की कार्यप्रणाली, खातों से संबंधित प्रक्रियाएं, ग्राहक सेवा, दस्तावेज प्रबंधन तथा दैनिक बैंकिंग कार्यों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। केनरा बैंक, पालमपुर के अधिकारियों एवं स्टाफ ने छात्रों को बैंकिंग प्रणाली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस ऑन जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से 10वीं व 11वीं कक्षा के छात्रों को वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे वे विषय की बारीकियों को बेहतर रूप से समझ सके। छात्रों ने प्रशिक्षण को ज्ञानवर्धक व उपयोगी बताया। इस प्रकार की व्यावसायिक प्रशिक्षण गतिविधियां छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं तथा उन्हें रोजगारोन्मुख शिक्षा की दिशा में प्रेरित कर रही हैं।

## ड्रग फ्री हिमाचल ऐप डाउनलोड करें छात्र-छात्राएं : संदीप शर्मा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अवैरी में मंगलवार को नशा निवारण पर आयोजित कार्यक्रम में डीएसपी बैजनाथ संदीप शर्मा छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ प्रशासन द्वारा चलाए गए अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने साइबर क्राइम, इंटरनेट के दुरुपयोग एवं सड़क सुरक्षा नियमों की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इन विषयों पर सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों के साथ जानकारी साझा की एवं सभी से आह्वान किया कि वह इन कुरितियों से अपने आप को बचाएं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों से ड्रग फ्री हिमाचल ऐप को डाउनलोड करें और इस ऐप के माध्यम से अपने आपको सुधारने एवं समाज सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का आह्वान किया। उन्होंने बाद में कुछ विद्यार्थियों एवं अध्यापकों के साथ अलग-अलग संवाद करके सभी से अपील की कि वे पुलिस प्रशासन के साथ मिलजुल कर समाज में फैली इन कुरितियों को दूर करने में सहयोग करें। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने डीएसपी संदीप शर्मा, समाजसेवी नीरजा और विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रितु देवी का कार्यक्रम में पधारने पर आभार जताया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि का विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा करने के लिए धन्यवाद किया।

# उपमुख्य सचेतक पठानिया ने गुजरात में की हिमाचली विद्यार्थियों से भेंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक एवं विधायक शाहपुर केवल सिंह पठानिया इन दिनों हिमाचल प्रदेश विधानसभा की पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) के सदस्य के रूप में गुजरात के द्वारिका दौरे पर हैं। इस दौरे का उद्देश्य प्राकृतिक खेती के सफल मॉडलों का अध्ययन करना है, ताकि हिमाचल प्रदेश में इसे सतत कृषि के रूप में और प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

द्वारिका प्रवास के दौरान केवल सिंह पठानिया की राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के वी-वॉक (वोकेशनल एजुकेशन होस्पीटेलिटी एंड टूरिज्म) विभाग के विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात हुई। इस दौरान बंटू, रवि, प्रवेश, सुजल, ओम प्रकाश, अनिल, मुस्कान, रूचि और तमन्ना जैसे विद्यार्थी, जो गुजरात में देश के प्रतिष्ठित एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्रांड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उनसे संवाद हुआ। विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए केवल सिंह पठानिया ने डिग्री कॉलेज धर्मशाला के वी-वॉक विभाग की भरपूर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम ग्रामीण पृष्ठभूमि के बच्चों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि इस डिग्री को पूरा करते ही विद्यार्थियों को तुरंत रोजगार के अवसर उपलब्ध हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस डिग्री को पूरा करने के बाद कई विद्यार्थी न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी सफलतापूर्वक प्लेस हुए हैं, जो हिमाचल के लिए गर्व की बात है। पठानिया ने कहा कि वी-वॉक जैसी शिक्षा युवाओं को केवल नौकरी तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और उद्यमी भी बनाती है। उन्होंने बताया कि कई विद्यार्थियों ने इस कोर्स को पूरा करने के बाद कुछ समय नौकरी करने के पश्चात पर्यटन क्षेत्र में अपनी स्वयं की स्टार्टअप शुरू की हैं, जिससे वे आज अन्य युवाओं को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं।


द्वारिका में हिमाचली स्टूडेंट्स से भेंट करते केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

## गणतंत्र दिवस पर नौरा जसौर में होगा सम्मान समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** अवाम संस्था की ओर से गांव नौरा जसौर में गणतंत्र दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. संजीत सिंह, प्रोफेसर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि संदीप ओहरी उपस्थित रहेंगे। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ होगा। इस समारोह में समाज सेवा, शिक्षा, साहित्य, पत्रकारिता, खेल, रक्तदान, कला-संस्कृति तथा पहाड़ी भाषा के संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मान प्रदान किया जाएगा। संस्थापक अध्यक्ष जग्गू नौरिया ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक, रचनात्मक एवं प्रेरणादायी कार्यों को बढ़ावा देना है। अवाम संस्था ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं।

**कार्यक्रम** सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के 16वें स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

# अभूतपूर्व रही सीयू की सोलह वर्षों की यात्राः प्रो. बंसल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश की सोलह वर्षों की यात्रा अभूतपूर्व रही है, इसके लिए जो लक्ष्य तय किया था, उसे हमने प्रो. हरमोहिंद्र सिंह बेदी की अध्यक्षता में काफी हद तक अचीव किया है। यह बात सीयू के वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल ने मंगलवार को सीयू के 16वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करते हुए कही। इस दौरान धर्मशाला कॉलेज ऑडिटोरियम में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सीयू के चांसलर पदमश्री प्रो. हरमोहिंद्र सिंह बेदी, आईआईटी रोपड़ के निदेशक डॉ. राजीव आहूजा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत में प्रो. बंसल ने कहा कि हर वर्ष स्थापना वर्ष पर तय लक्ष्य में से कितना अचीव किया, इसका विश्लेषण किया जाता है। साथ ही आगे का फ्यूचर मास्टर प्लान बनाकर आगे बढ़ते हैं। हमने सेंट्रल यूनिवर्सिटी को रिसर्च यूनिवर्सिटी बनाने का निर्णय लिया था। इसके तहत आईआईटी रोपड़ के साथ मिलकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी को 103 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए थे, 11 करोड़ रुपए विशेष पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी को मिला है। साथी योजना में 85 करोड़ रुपए की राशि की मंजूरी हो गई है, जिसका लाभ यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों व विद्यार्थियों को रिसर्च कार्य में होगा। आईआईटी मंडी के साथ सेंट्रल यूनिवर्सिटी एमओयू साइन करने जा रही है। एमओयू का उद्देश्य यूनिवर्सिटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। प्रो. बंसल ने कहा कि हमने बिना आधारभूत ढांचे व भवन के लगातार राष्ट्रीय गेम्स का आयोजन किया है। राष्ट्रीय स्तर की कबडडी प्रतियोगिता सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा 9 फरवरी से आयोजित की जा रही है।


केंद्रीय विश्वविद्यालय के 16वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करते गणमान्य। अनंत ज्ञान

### स्थापना दिवस पर किया जाता है मूल्यांकन : प्रो. बेदी

**सेंट्रल** यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के चांसलर पदमश्री प्रो. हरमोहिंद्र सिंह बेदी ने कहा कि सीयू ने पिछले वर्षों में बेहतरीन कार्य किया है। स्थापना दिवस पर हम अपना भी मूल्यांकन करते हैं और भविष्य में सीयू किस दिशा में आगे बढ़ेगी, उसका दिशानिर्देश भी प्राप्त करते हैं। प्रो. बंसल की देखरेख में सीयू ने राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाया है।

### ग्रो करने के लिए मिलकर काम करना जरूरी : डॉ. आहूजा

**डॉ.** राजीव आहूजा निदेशक आईआईटी ने कहा कि किसी भी संस्थान को ग्रो करने के लिए मिलकर काम करना जरूरी है। स्थापना दिवस ऐसा आयोजन है, जो हमें साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हम चाहते हैं कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश बेस्ट यूनिवर्सिटी और देश की टॉप टेन यूनिवर्सिटी में शुमार होनी चाहिए। सेंट्रल यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 11 करोड़ रुपए रिसर्च के लिए मिलेंगे, जबकि इसके लिए 70 करोड़ के उपकरण उच्च रिसर्च कार्य के लिए आएंगे। एक सेंटर भी बनाया जा रहा है, जिसे इंडस्ट्री और सेंट्रल यूनिवर्सिटी रिसर्च के लिए प्रयोग में लाएंगे।

## आलमपुर में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न, 32 टीमों ने लिया हिस्सा

# लंबागांव टीम बनी विजेता, आलमपुर उपविजेता

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** लक्ष्मी नारायण युवा क्लब आलमपुर ठाकुरद्वारा की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न हो गई। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में क्षेत्र की 32 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह में जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला लंबागांव और आलमपुर युवा क्लब की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लंबागांव की टीम ने छह ओवर में 90 रन का लक्ष्य आलमपुर की टीम के सामने रखा। जवाब में आलमपुर की टीम निर्धारित छह ओवर में मात्र 70 रन ही बना सकी।

लंबागांव की टीम ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया, जबकि आलमपुर युवा क्लब की टीम उपविजेता रही। शानदार प्रदर्शन के लिए विशाल उर्फ जट को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि ने विजेता टीम को 11 हजार रुपए की नकद राशि व स्मृति चिन्ह तथा उपविजेता टीम को 7100 रुपए व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने की मुख्यातिथि के रूप में शिरकत। अनंत ज्ञान

### ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं प्रतिभाओं की कोई कमी : रविंद्र

रविंद्र धीमान ने खिलाड़ियों व युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। गांव-देहात के युवा खेलों में आगे बढ़ने की पूरी क्षमता रखते हैं, जरूरत है तो सिर्फ उन्हें सही मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे गुण भी विकसित करते हैं। आज के समय में खेल युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने का भी एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर ईश्वर दास, मनोहर लाल, सुन्नी, धर्मेंद्र सिंह जोली,अमरजीत कुक्कू, प्रीतम मैहरा, अशोक सूरी, सन्नी, अमित मैहरा, सिद्धार्थ, अलोहिया, शुभम अलोहिया, देवू, राजीव, अभय, शेखर, अमन आदि मौजूद रहे।

## पर्यटन विकास के लिए मंत्रिमंडल के फैसलों से होटल कारोबारी खुश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला ने प्रदेश के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के कारोबारियों की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और राज्य मंत्रिमंडल के दो महत्वपूर्ण पर्यटन को नई उड़ान देने वाले निर्णयों के लिए आभार जताया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि मंत्रिमंडल द्वारा उड़ान योजना के तहत सब्सिडाइज्ड 44-सीटर एलायंस एयर विमान सेवाओं को बहाल करने के निर्णय से पर्यटन क्षेत्र में काफी सुधार व विकास देखने को मिलेगा। इसमें दिल्ली-शिमला-धर्मशाला हवाई मार्ग शामिल है, जोकि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस निर्णय से पर्यटन, व्यापारिक यात्राओं, आपात सेवाओं और समग्र आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, विशेषकर पीक और शीतकालीन पर्यटन सीजन में ये हवाई उड़ानें मील का पत्थर साबित होंगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने मंत्रिमंडल द्वारा पर्यटन नगरी धर्मशाला-नड्डी जिप लाइन परियोजना को मंजूरी दिए जाने का भी स्वागत किया है। लगभग चार किलोमीटर 300 मीटर लंबी जिप लाइन, जो एशिया की सबसे लंबी जिप लाइनों में शामिल होने का प्रस्ताव है। धर्मशाला और मैक्लोडगंज को एडवेंचर और अनुभव आधारित पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर और सशक्त करेगी।

# छात्रा मौत मामले में मेडिकल बोर्ड ने पुलिस को सौंपी रिपोर्ट

## रिपोर्ट के अवलोकन के आधार पर आगे बढ़ेगी पुलिस जांच

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत मामले में पुलिस की ओर से अब आगामी जांच को मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अवलोकन व निष्कर्षों के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

मामले की गंभीरता को देखते हुए छात्रा की मेडिकल हिस्ट्री व इलाज की पद्धति को जानने के लिए 7 जनवरी को फोरेंसिक विज्ञान विभाग के एक्सपर्ट और स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित मेडिकल बोर्ड में टांडा मेडिकल कॉलेज के साथ ही एम्स बिलासपुर के विशेषज्ञ को शामिल किया गया था, जिनके द्वारा छात्रा की तबीयत बिगड़ने से लेकर विभिन्न अस्पतालों में हुए छात्रा के इलाज से संबंधित रिपोर्टों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद बोर्ड में गठित डॉक्टरों की ओर से संयुक्त रूप से एक रिपोर्ट तैयार कर पुलिस विभाग को सौंप दी गई है। अब पुलिस द्वारा इस रिपोर्ट से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर जांच जारी है। जबकि इस मामले में आरएफएसएल से भी बाकी बची डिजिटल रिपोर्ट आना बाकी है। मामले को लेकर कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद आरोपी प्रोफेसर व 2 छात्राओं की अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाकर 13 फरवरी कर दी गई है। गौरतलब है कि धर्मशाला की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व 1 जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके पश्चात एक जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की चार छात्राओं के खिलाफ रैगिंग व मारपीट जबकि एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीड़ने के आरोप में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था।

उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि मेडिकल बोर्ड ने छात्रा से जुड़े मामले में अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। पुलिस द्वारा मामले के हर पहलू पर गहन जांच की जा रही है।

# दसवीं और बारहवीं कक्षा के मेधावियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

- 21 जनवरी से 20 फरवरी तक ऑनलाइन करना होगा आवेदन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने मार्च-2025 में आयोजित जमा दो कक्षा की परीक्षा के विज्ञान संकाय के 100, कला व वाणिज्य के 100 तथा दसवीं कक्षा के 400 मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इसके लिए योग्यता सूची, स्वीकृति प्रपत्र एवं बिल प्रपत्र बोर्ड की वेबसाइट में उपलब्ध करा दिए गए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस आशय की विज्ञप्ति में बताया कि योग्यता सूची में शामिल परीक्षार्थी ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात आवेदन पत्र एवं बिल प्रपत्र की हार्ड कॉपी बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने अध्ययनरत शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/संस्था प्रमुख से सत्यापित करवाकर अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर पंजीकृत डाक द्वारा सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला (कांगड़ा) 176215 के पते पर भेजना सुनिश्चित करें। ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 जनवरी से 20 फरवरी तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी एवं प्रधानाचार्य की होगी। इसके अतिरिक्त संबंधित संस्थानों के प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि मेरिट कम मेंस, एससी, एसटी तथा बैकवार्ड क्लास की आरक्षित छात्रवृत्तियों को छोड़कर अन्य परीक्षार्थियों को केवल एक ही विभाग या संस्था से छात्रवृत्ति प्रदान की जाए। इसके लिए सभी तथ्यों की जांच कर छात्र के स्वीकृति प्रपत्र एवं बिल प्रपत्र को सत्यापित करना अनिवार्य होगा। यदि परीक्षार्थी ने बोर्ड छात्रवृत्ति के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग से भी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है, तो उसका विवरण हार्ड कॉपी में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए। भुगतान के लिए परीक्षार्थी के बैंक खाते एवं आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि पात्रता के आधार पर जमा दो कक्षा के विज्ञान संकाय के 100, कला तथा वाणिज्य संकाय के 100 तथा दसवीं कक्षा के 400 पात्र मेधावी विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। चयन प्रक्रिया अंतिम मेरिट सूची के अनुसार की जाएगी।

### सालगिरह मुबारक



ढलियारा (बरवाड़ा) के विनोद धीमान और शामली धीमान को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## बाल विवाह एक गंभीर समस्या : शिवाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा और बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मंदिर अधिकारी शिवाली ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी संदीप बग्गा ने मुख्यातिथि व प्रतिभागियों का स्वागत किया। वहीं, चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक मनमोहन चौधरी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य धार्मिक नेताओं, प्रतिनिधियो और समुदाय के माध्यम से यह संदेश फैलाना कि बाल विवाह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य के खिलाफ भी है। कार्यक्रम में मंदिर पुजारियों से भी आग्रह किया गया कि वे अपने प्रभाव का उपयोग करके लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करें और इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने में सहयोग करें। मंदिर अधिकारी शिवाली ठाकुर ने कहा कि वे अपने क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम में हरसंभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है जो न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करती है, बल्कि समाज के विकास में भी बाधक बनती है।

# नेशनल यंग एनवायरनमेंट कॉन्फ्रेंस में छाए ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर के स्टूडेंट्स

अनंत ज्ञान



उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाल भवन में आयोजित नेशनल यंग एनवायरनमेंट कॉन्फ्रेंस में अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर के तीन विद्यार्थियों ने सहभागिता कर विद्यालय, अभिभावकों एवं पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना द्वारा विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ये पुरस्कार विद्यालय की उपप्रधानाचार्या रविंदा कुमारी द्वारा विद्यार्थियों को भेंट किए गए। उप प्रधानाचार्या रविंदा कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों की सहभागिता एवं सम्मान पूरे विद्यालय, उनके अभिभावकों तथा प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित करते रहेंगे। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उनके सतत प्रगति की कामना की।

## केसीसी बैंक के पूर्व उप महाप्रबंधक ने लगाया जातिगत उत्पीड़न का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केसीसी बैंक के पूर्व उप महाप्रबंधक ने बैंक के मौजूदा अधिकारियों पर जाति के आधार पर पीड़ित करने का मामला पुलिस थाना धर्मशाला में दर्ज करवाया है। धर्मशाला पुलिस थाने में दी अपनी शिकायत में पूर्व अधिकारी कुलदीप चंद भारद्वाज निवासी चैतड़ू ने बताया कि वह अनुसूचित जाति समुदाय से है। जब वह कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड धर्मशाला में उप महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे, तब बैंक के अधिकारियों द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय का होने के कारण उनका उत्पीड़न किया। यह आरोप लगाते हुए उन्होंने बैंक के आठ वर्तमान व पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। एएसपी बीर बहादुर ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस थाना धर्मशाला में आठों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# धारकंडी के अक्षय ने प्रदेश स्तरीय ग्रीको रोमन कुश्ती स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान



**कोहली, शाहपुर।** आज जब युवाओं का एक बड़ा वर्ग नशे और गलत रास्तों की ओर भटक रहा है, ऐसे समय में बोह घाटी बातूनी गांब के धारकंडी क्षेत्र के होनहार युवक अक्षय कुमार ने खेल को अपना लक्ष्य बनाकर एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है।

मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने प्रदेश स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम खेलो इंडिया के तहत आयोजित प्रदेशस्तरीय ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी को ऊना हॉस्टल अकादमी में किया गया। इस प्रतियोगिता में 67 किलोग्राम भार वर्ग में ग्राम पंचयात रुलहेड के बातूनी गांव के अक्षय कुमार पुत्र जरम सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चार राउंड की कड़ी और रोमांचक प्रतियोगिता में अक्षय ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया। उन्होंने फरवरी माह में छत्तीसगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी प्राप्त किया है। ग्रीको रोमन कुश्ती कुश्ती का एक अंतरराष्ट्रीय और ओलंपिक स्तर का खेल है, जिसमें पहलवान केवल शरीर के ऊपरी हिस्से का ही प्रयोग कर सकता है। इसमें कमर के नीचे पकड़ या वार की अनुमति नहीं होती। अक्षय कुमार की इस सफलता से पूरी बोह घाटी में खुशी का माहौल है। पिछले तीन वर्षों से अखाड़ा लंबा नाला में नियमित अभ्यास कर रहे अक्षय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु सोनू प्रसिद्ध पहलवान (लंबा नाला), राजू पहलवान, तथा अपने माता-पिता को दिया है। अक्षय कुमार की यह उपलब्धि उन युवाओं के लिए एक मजबूत संदेश है जो नशे जैसी बुराइयों में उलझ रहे हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि मेहनत, सही मार्गदर्शन और खेल के प्रति समर्पण से पहली ही कोशिश में बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। अक्षय कुमार ने अपने संघर्ष से बोह घाटी का परचम प्रदेश स्तर पर लहराकर युवाओं के सामने एक उज्ज्वल रास्ता दिखाया है।

## बंदाऊ में कल लगेगा चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** भगवान श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर 22 जनवरी को बंदाऊ बाजार के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सेवा समिति के अध्यक्ष वनीत भारती, सचिव विपिन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रातः सुदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, भजन कीर्तन के साथ लंगर प्रसाद व भारद्वाज हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## भक्ति मार्ग से ही होता है मुक्ति मार्ग प्रशस्त : अनिल

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रसिद्ध कथा वाचक अनिल डोहरु ने बैजनाथ के नागटा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत गीता उपदेश के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति मार्ग से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर परमपिता परमेश्वर की भक्ति में अपना ध्यान लगाना चाहिए। अनिल डोहरु ने कहा कि ईश्वर द्वारा रचित इस सृष्टि और भौतिक जीवन का आनंद अवश्य लें, लेकिन भगवान के चरणों में मन लगाना कभी न भूलें।

उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने भी अर्जुन को भक्ति मार्ग का उपदेश देकर महाभारत का सार प्रस्तुत किया था। भक्ति में ऐसी शक्ति है जो शरीर में बल, मन में एकाग्रता और बुद्धि में विवेक उत्पन्न करती है, जिससे सत्य की विजय संभव होती है। उन्होंने कहा कि जब मानव धर्म के मार्ग पर चलता है तो उसका कर्म श्रेष्ठ होता है और कर्म श्रेष्ठ होने से जीवन यात्रा भी मंगलमय बनती है। जो लोग भगवान का प्रचार-प्रसार करते हैं, उन पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है, इसलिए भगवान का स्मरण और प्रचार निरंतर करते रहना चाहिए।

# राम मंदिर स्थापना दिवस पर निकाली कलश यात्रा



राम मंदिर स्थापना दिवस पर नाग मंदिर करियाड़ा तक कलश यात्रा निकाली गई और हवन यज्ञ भी किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** करियाड़ा के राजोल में प्रभु श्रीराम जी के अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर की स्थापना दिवस के तीन वर्ष पूरे होने पर मातृ शक्ति की ओर से सनातन धर्म प्रहरी एवं समाज सेविका शिवांगी ठाकुर की अध्यक्षता में प्रसिद्ध नाग मंदिर करियाड़ा तक कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नाग मंदिर करियाड़ा के पुजारी कुलदीप गुलेरिया ने कलश यात्रियों को फल बांटकर उनका स्वागत किया। गौरव शर्मा द्वारा कलश पूजन व हवन यज्ञ किया गया। पवन बजरंगी ने कहा कि मुगलकाल में सनातन धर्म के धार्मिक आयोजनों पर पूरा प्रतिबंध होता था, लेकिन आज हम कटर सनातनियों द्वारा दिए गए बलिदान की ही बदौलत अपने देश में पूरी आजादी के साथ धार्मिक जशन मनाते हैं। इस अवसर पर विहिप के पवन बजरंगी, तरलोक शर्मा, सुशील शर्मा, स्वामी आचार्य मनोज भारद्वाज, बलदेव सिंह, महेंद्र ठाकुर, देशराज भाटिया, शिवांगी ठाकुर, विजय राणा, रंजना कुमारी, फुलां देवी, अनु शर्मा, श्रोतां देवी, निशा देवी, सलोचना, रमनां, इंदू, अनुबाला, सुमनां व अतुल ढोली आदि ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया व कलश यात्रा में भाग लिया।

## गगल खास में लोगों को दी प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक शाखा धीरा के सौजन्य से पंचायत गगल खास में वित्तीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक कर्मचारियों अखिलेश कुमार, अंकित कुमार व एमबीए ट्रेनी मनीषा ने लोगों को ई-केवाईसी के साथ प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। बैंक कर्मचारी अखिलेश कुमार ने लोगों व जनप्रतिनिधियों को एटीएम, एसएमएस, फ्रॉड काल व साइबर क्राइम के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को स्वावलंबी बनने के लिए बैंक से मिलने वाले ऋण तथा अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरुकता शिविरों का उद्देश्य लोगों को विशेष कर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व साइबर ठगी के बारे में जानकारी देना व जागरूक करना है।

# विद्युत तकनीकी कर्मियों ने की एक्सईएन से भेंट



प्रतिनिधिमंडल ने अधिशाषी अभियंता को नए वर्ष का कैलेंडर भेंट किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई पालमपुर के प्रतिनिधिमंडल ने इकाई अध्यक्ष अक्षय कुमार की अध्यक्षता में अधिशासी अभियंता विद्युत मंडल पालमपुर से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने अधिशाषी अभियंता को नए वर्ष का कैलेंडर भेंट किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने फील्ड एवं तकनीकी कर्मचारियों की समस्याओं को अधिशाषी अभियंता के समक्ष रखा, जिनका मौके पर निदान किया गया। इस अवसर पर तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रभारी लक्ष्मण कापटा, जिला कांगड़ा के मुख्य सलाहकार विक्रम सिंह के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## व्यवसाय योजना एवं वित्तीय प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उद्योग विभाग के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के सशक्तिकरण के लिए रैंप कार्यक्रम के तहत डमटाल में व्यवसाय योजना एवं वित्तीय प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 82 प्रतिभागियों ने भागीदारी निभाई, जिनमें नवोदित उद्यमी, लघु व्यवसायी एवं अन्य हितधारक शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नितिन शर्मा, सदस्य सचिव डमटाल के उद्घाटन संबोधन से हुआ। उन्होंने लघु व्यवसायों के समक्ष आने वाली वित्तीय चुनौतियों तथा सतत विकास के लिए वित्तीय जागरुकता के महत्व पर प्रकाश डाला। रणवीर पृथ्वी, अग्रणी जिला प्रबंधक कांगड़ा ने संसाधन व्यक्ति के रूप में व्यवसाय योजना, वित्तीय अनुशासन एवं दीर्घकालिक स्थिरता पर जानकारी दी।

## पुलिस ने दरंग क्षेत्र में युवक से बरामद किया 5.93 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना की टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर दरंग क्षेत्र में एक युवक से 5.93 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसपी कार्यालय कांगड़ा के अनुसार आरोपी की पहचान नवदीपक (28) निवासी गांव ढाटी, डाकघर रोंह, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेकर चिट्टे को कब्जे में लिया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है।

## रजवाहा प्रोजेक्ट निर्माण में अवैध खनन के लगे आरोप, जांच तेज

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** इरिगेशन विभाग की ओर से किसानों को सिंचाई सुविधा देने के लिए बनाए जा रहे करोड़ों रुपए के रजवाहा प्रोजेक्ट में अवैध खनन के गंभीर आरोप लगे हैं। पांच रजवाहों में से नंबर तीन जैनी से कानपुर रजवाहा डडवाल क्षेत्र में सुर्खियों में है। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार पर पुल निर्माण के नाम पर खड्ड से अवैध खुदाई कर माइनिंग मटीरियल क्रशर मालिकों को बेचने का आरोप लगाया है। डडवाल निवासी नत्था सिंह और सुखदेव सिंह ने बताया कि रजवाहे के लिए खड्ड में खुदाई की कोई अनुमति नहीं थी, फिर भी करीब 200 मीटर क्षेत्र में 6-7 फीट तक खुदाई की गई। सूचना मिलने पर माइनिंग विभाग, पुलिस और विजिलेंस ने मौके पर जांच की। माइनिंग विभाग के एसडीओ गुरमुख ने कहा कि इरिगेशन विभाग से अनुमति संबंधी दस्तावेज तलब किए गए हैं और गड़बड़ी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीसी ने किया गऊ सेवा नारायण सेवा पोर्टल लांच

## कहा- प्रदेश के एक-तिहाई बेसहारा पशु कांगड़ा जिले में



अब कोई भी गोसदनों को गोसेवा के लिए कर सकेगा दान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेशभर के बेसहारा पशुओं की एक-तिहाई संख्या कांगड़ा जिले में है। इसके लिए बेसहारा पशुओं के लिए और प्रयास किए जाने की जरूरत है। इसी कड़ी में पशुपालन विभाग जिला कांगड़ा और जिला इन्फोमेटिव सेंटर के डीआईओ के सहयोग से जिले में गऊ सेवा नारायण सेवा पोर्टल तैयार किया गया है, जिसे डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने लांच किया।

डीसी ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति, किसी भी गोसदन को सीधे तौर पर दान दे सकता है, जो कि गोसदन के खाते में जाएगा। दान से प्राप्त होने वाली राशि को गोसदन में कहां और किस लिए खर्च किया गया, उसका यूटीलाइजेशन भी इसी पोर्टल पर अपलोड करेगा। पोर्टल में पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी, जिससे किस गोसदन को कहां से पैसा मिला है, कोई भी व्यक्ति इसको देख सकता है। डीसी ने कहा कि इस पोर्टल की जरूरत इसलिए पड़ी की, क्योंकि बेसहारा पशुओं की समस्या का एक रूप सामाजिक है और हमें लगा कि समाज से भी अपील की जानी चाहिए कि लोग इस समस्या से निपटने के लिए सरकार का सहयोग करें। बेसहारा पशुओं की देखरेख के लिए सरकार ने राशि को 700 रुपए से बढ़ाकर 1200 रुपए किया है, जिससे गोसदनों व गो अभ्यारण में रखे गए पशुओं की देखरेख में सहायता मिली है।

## धर्मशाला में नायब तहसीलदार यासीन ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला से दो विधानसभा क्षेत्रों को सेवाएं देने वाली धर्मशाला तहसील में नए नायब तहसीलदार यासीन मोहम्मद सोनी ने कार्यभार संभाल लिया है। यासीन मोहम्मद ने कार्यभार संभालते ही अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली हैं। उन्होंने कहा कि वह तकसीम, निशानदेही, इंतकाल आदि के मसलों को तेजी से निपटाएंगे। तहसील में कोई काम पेंडिंग नहीं छोड़ा जाएगा। यासीन अप्रैल, 2020 में रिटायर हुए थे। उन्हें अब सरकार ने दोबारा तैनाती दी है।



उन्होंने कहा कि जनता राजस्व कार्यों से संबंधित कोई भी सलाह उनसे ले सकती है। वह मूलता चंबा जिला में सलूणी के गांव डियूर के रहने वाले हैं। उन्होंने अपनी तैनाती के लिए प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन, उपायुक्त हेमराज बैरवा का आभार जताया है।

# कम उपस्थिति के कारण व्यापार मंडल योल की बैठक स्थगित, अब 28 को होगा नई कार्यकारिणी पर मंथन

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** योल व्यापार मंडल की कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को राधा-कृष्ण मंदिर योल में आयोजित की गई। बैठक वर्तमान कार्यकारिणी के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर बुलाई गई थी। व्यापार मंडल की ओर से क्षेत्र के सभी व्यापारियों को बैठक में आमंत्रित किया था, लेकिन अपेक्षित संख्या में व्यापारियों की मौजूदगी न होने के कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा।

बैठक में केवल 25 से 30 व्यापारी ही उपस्थित हो सके। कम उपस्थिति को देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बैठक को स्थगित कर दिया जाए और अब आगामी बैठक 28 तारीख को पुनः राधा-कृष्ण मंदिर, योल में आयोजित की जाएगी, जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यकाल के दौरान व्यापारियों के हित में कई प्रयास किए गए, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कुछ कमियां रह गईं, जिसके चलते व्यापारी वर्ग में नाराजगी भी देखने को मिली है। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि व्यापार मंडल सभी व्यापारियों की संस्था है और इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने व्यापारी भाइयों से अपील की कि 28 तारीख की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने सुझाव दें, ताकि एक मजबूत, सक्रिय और व्यापारी हितों की आवाज उठाने वाली नई कार्यकारिणी का गठन किया जा सके।



राधा-कृष्ण मंदिर योल में हुई व्यापार मंडल की बैठक में मौजूद व्यापारी। अनंत ज्ञान

बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष अक्षित, उपप्रधान विकास चढ़ा, सचिव रमन चौधरी, सह सचिव सत्यम, खजांची राजीव महाजन के अलावा डॉक्टर विजय, अशोक धवन, सुदर्शन सिंह, सनी भाटिया, विजय शर्मा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीबीपी इंस्पेक्टर इंद्र सिंह ठाकुर का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के हरनोडा गांव निवासी आईटीबीपी इंस्पेक्टर इंद्र सिंह ठाकुर उर्फ काला राम का सोमवार को चंडीगढ़ में निधन हो गया। वह स्वर्गीय तुड़िया राम के पुत्र थे। उनके आकस्मिक निधन से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। इंद्र सिंह ठाकुर आईटीबीपी में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे और चंडीगढ़ में तैनात थे। बताया जा रहा है कि वे आगामी वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी। सोमवार सुबह अचानक स्वास्थ्य अधिक बिगड़ गया, जिसके बाद उनका निधन हो गया। मंगलवार को सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कोल डैम क्षेत्र के समीप तांतिया पुल के पास किया गया। इस दौरान आईटीबीपी की ओर से 13 जवानों की टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी।

### द्वितीका वसु ने शतरंज में चमकाना प्रदेश का नाम

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के हिमाचल पब्लिक स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा द्वितीका वसु ने झारखंड के रांची में आयोजित चार दिवसीय अंडर-14 राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। द्वितीका ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 3 अंक हासिल किए। उनके इस उपलब्धि पर स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के चेयरमैन तमन्ना चंदेल और अन्य स्टाफ सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया तथा उन्हें सम्मानित किया गया। द्वितीका वसु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों, अभिभावकों और भाई को दिया। उन्होंने कहा, 'झारखंड के रांची में आयोजित इस शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेकर मैं बहुत खुश हूं। मैंने 3 अंक प्राप्त किए। इसके लिए मेरे सभी शिक्षकों, माता-पिता और भाई ने मेरा पूरा साथ दिया।' स्कूल चेयरमैन तमन्ना चंदेल ने द्वितीका की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे स्कूल और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने द्वितीका को आगे भी ऐसे ही प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।



### समाज की दिशा बदल सकती नारी: चंचल ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विद्या भारती के सौजन्य से महिलाओं का सप्त शक्ति संगम समारोह सरस्वती विद्या मंदिर कन्या उच्च निहाल में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश मत्स्य विभाग की सहायक निदेशिका चंचल ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कालेज प्राचार्या बृजबाला सांख्यान ने की। समारोह के मुख्य वक्ता डॉ. प्रियंका व नगर पार्षदा संतोष जोशी रहीं। अपने संबोधन में मुख्यातिथि चंचल ठाकुर ने कहा कि महिलाएं घर व समाज की धुरी होती हैं तथा वे समाज की दिशा बदल सकती हैं। मुख्य वक्ता डा. प्रियंका ने कहा कि स्त्री सौम्य शक्ति और सूक्ष्म शक्ति का भंडार हैं और इसकी अभिव्यक्ति आक्राम्क शक्ति की अभिव्यक्ति से भिन्न होती है। वहीं नगर पार्षद संतोष जोशी ने कहा कि जिस समाज में महिलाओं का सम्मान होता है वही समाज उन्नति करता है।समारोह में महिला मंडल चांदपुर व महिला मंडल तरेड़ की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित सामान की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस समारोह में पूर्व प्रधानाचार्या अंजना सांख्यान व सीता जस्वाल, बल्ह-भुल्वाणा पंचायत सदस्या निशा व रामकली सहित करीब 300 महिलाओं ने भाग लिया।

### एक फरवरी को मनाई जाएगी गुरु रविदास जयंती

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से उपमंडल घुमारवीं के देहरा बल्हड़ा हटवाड़ में संत गुरु रविदास का 650वां जन्मदिन 1 फरवरी को मनाया जाएगा। आयोजक मंडल के सदस्य जयराम ने बताया कि झंडा रस्म सुबह 10 बजे होगी। उसके बाद भजन कीर्तन द्वारा गुरु जी की महिमा का गुणगान किया जाएगा। 1 बजे के बाद प्रसाद का अटूट लंगर का आयोजन होगा। उन्होंने इलाकावासियों से अनुरोध किया कि वे इस भव्य पावन कार्यक्रम में बढ़.चढ़ कर भाग लें।

### लेखिका ललिता कश्यप को भेंट की 'ओस' की प्रति

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** देश की पहली हस्तलेख रचनाओं पर आधारित प्रकाशित पत्रिका 'ओस' के संपादक रतन चंद निर्झर ने बिलासपुर की चर्चित लेखिका ललिता कश्यप को पत्रिका की एक प्रति भेंट की। इस अवसर पर साहित्य, रचनात्मक अभिव्यक्ति और हस्तलेख लेखन की प्रासंगिकता को लेकर सार्थक चर्चा हुई। रतन चंद निर्झर ने बताया कि 'ओस' पत्रिका का मुख्य उद्देश्य हस्तलेख रचनाओं की मौलिकता, भावनात्मक गहराई और सृजनात्मक संवेदना को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में हस्तलेख लेखन धीरे-धीरे हाशिए पर जा रहा है, ऐसे में 'ओस' के माध्यम से लेखन की उस आत्मीयता को सहेजने का प्रयास किया जा रहा है, जो सीधे लेखक की भावनाओं से जुड़ी होती है। लेखिका ललिता कश्यप ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि हस्तलेख साहित्य केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि लेखक की मानसिक अवस्था और संवेदना का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब होता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में हस्तलेख रचनाओं को मंच देना नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने और लेखन के प्रति संवेदनशील बनाने का सशक्त माध्यम सिद्ध हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि 'ओस' जैसी पत्रिकाएं साहित्य को केवल पढ़ने तक सीमित नहीं रखतीं, बल्कि उसे महसूस करने का अवसर भी देती हैं।



### चौकी प्रभारी से मिला व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस चौकी शहर के नए प्रभारी से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र पंडित ने किया। महासचिव तरुण टाडू ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने चौकी प्रभारी बलवीर सिंह से की कानून व्यवस्था और व्यापार मंडल के सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने में व्यापार मंडल की भूमिका हमेशा अहम रही है। व्यापार मंडल पूर्व में भी प्रशासन को सहयोग करता आया है और भविष्य में भी हर संभव सहयोग जारी रखेगा। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से चिट्टे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस सामाजिक बुराई के खिलाफ समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर आगे आना होगा। पुलिस चौकी प्रभारी बलवीर सिंह ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की और कहा कि पुलिस और समाज के सामूहिक प्रयासों से ही शहर में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।

# आस्था की नगरी प्यास से बेहाल

## शक्तिपीठ श्री नयना देवी में एक बार फिर गहराया पेयजल का संकट

अनंत ज्ञान

- स्थानीय लोगों ने सरकार और विभाग से मांगा जवाब
- सर्दियों में हाल इतने खराब तो गर्मियों में क्या होगा

**श्री नयना देवी।** उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी में एक बार फिर पेयजल संकट गहरा गया है। हालात इतने खराब हैं कि पिछले दो दिनों से लोगों को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हुआ, जिससे स्थानीय बाशिंदों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। बार-बार लगने वाले पानी के ब्रेक ने अब लोगों के सब्र का बांध तोड़ दिया है।

यह कोई पहली बार नहीं है। 13 तारीख को भी चार दिनों तक पानी की आपूर्ति ठप रही, जबकि इससे पहले नववर्ष मेला शुरू होने से ठीक पहले भी चार दिन तक पेयजल संकट बना रहा। हैरानी की बात यह है कि यह समस्या अब अपवाद नहीं, बल्कि नैना देवी की स्थायी पहचान बनती जा रही है। पेयजल संकट की मार केवल नगर परिषद क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि लगभग आधा दर्जन पंचायतें भी इससे प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय निवासी अल केंद्र भूषण, अमित शर्मा, राजेश कुमार, गौरव शर्मा, भारत भूषण शर्मा, श्रीकांत सहित अन्य लोगों का कहना है कि इतना महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल होने के बावजूद यहां बार-बार पानी की समस्या पैदा होना विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि कभी-कभार तकनीकी कारणों से जलापूर्ति बाधित होना समझ में आता है, लेकिन हर हफ्ते या दस दिन में पेयजल संकट पैदा होना अब लापरवाही नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता है। भौगोलिक दृष्टि से पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नयना देवी में पानी का कोई वैकल्पिक स्रोत नहीं है और लोग पूरी तरह विभाग की सप्लाई पर निर्भर हैं। ऐसे में पानी बंद होते ही आम लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाती हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा

पानी न आने से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने सवाल उठाया है कि अगर सर्दियों में ही यह हाल है, तो आने वाली गर्मियों में स्थिति कितनी भयावह होगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विभाग के पास हर बार वही घिसे-पिटे बहाने होते हैं, कभी पाइप फट गई, कभी ट्रांसफार्मर खराब, कभी मोटर जवाब दे गई, तो कभी बिजली कट। जनता का कहना है कि अब वे इन बहानों से पूरी तरह ऊब चुके हैं और सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं। लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि जब सरकार ने भारी-भरकम पानी के बिल थमा दिए हैं, तो क्या हर चौथे दिन पानी बंद रहने पर बिलों में भी कटौती की जाएगी या फिर जनता सिर्फ भुगतान करने के लिए ही जिम्मेदार है।

**विभाग दे रहा आश्वासन जनता को नहीं भरोसा**

**पेयजल** संकट को लेकर जब बस्सी स्थित विभाग के सहायक अभियंता सुरेश पुरी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि दवट में पंप खराब होने के कारण जलापूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने दावा किया कि पंप को शाम तक ठीक कर लिया जाएगा और अगले दिन से पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे आश्वासन वे पहले भी कई बार सुन चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब देखना यह होगा कि आस्था की इस नगरी की प्यास कब स्थायी समाधान से बुझती है या फिर यह संकट यूं ही दोहराता रहेगा।

# मनरेगा बचाने को हर स्तर पर संघर्ष करेगी कांग्रेस : सोनिया

अनंत ज्ञान

- जनता को बताई जाएंगी भाजपा की जनविरोधी नीतियां

**नम्होल।** विधानसभा क्षेत्र श्री नयना देवी के अंतर्गत नम्होल स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) रेस्ट हाउस में मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में अभियान की पर्यवेक्षक सोनिया चौहान और मदन चौधरी मौजूद रहे।

इसके अलावा पूर्व हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव विकास ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमरजीत सिंह बंगा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता भी बैठक में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर ने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार की नीतियों के कारण यह योजना लगातार कमजोर की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि समय पर मजदूरी न मिलना, काम के दिनों में कटौती और बजट में कमी से मजदूर वर्ग परेशान है।

वहीं, पर्यवेक्षक सोनिया चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और आम जनता को भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया जाएगा। वहीं, मदन चौधरी ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर अभियान को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मनरेगा बचाओ अभियान को आने वाले दिनों में पंचायत स्तर तक ले जाया जाएगा। इसके तहत गांव-गांव जाकर लोगों को मनरेगा से जुड़े अधिकारों की जानकारी दी जाएगी और भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध किया जाएगा।

# सलोंह में रात के सन्नाटे में घरों तक पहुंचा तेंदुआ

अनंत ज्ञान

- डर के मारे सारी रात नहीं सो पाए ग्रामीण

**घुमारवीं।** बिलासपुर जिले की उप तहसील भराड़ी क्षेत्र में इन दिनों ग्रामीणों की नींद उड़ाने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। सलोंह पंचायत के सलोंह-भपरालियां गांव में देर रात एक तेंदुआ आबादी के बेहद करीब पहुंच गया, जिसकी मौजूदगी घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई।



सोमवार की रात तेंदुआ रिहायशी मकानों के आसपास घूमता देखा गया। कैमरों में कैद फुटेज के अनुसार तेंदुआ एक पालतू कुत्ते के पिंजरे के पास काफी देर तक मंडराता रहा। माना जा रहा है कि वह कुत्ते को शिकार बनाने की कोशिश में था, लेकिन किसी कारणवश सफल नहीं हो सका और वापस जंगल की ओर लौट गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते करीब तीन महीनों से क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही लगातार बनी हुई है। रात होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं और बच्चों व मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है। स्थानीय निवासी देशराज के अनुसार, सोमवार रात उनके घर के पास कुत्ते के तेज भौंकने से परिवार की नींद खुली। सुबह जब सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो तेंदुए की मौजूदगी देखकर सभी सकते में आ गए।

गौरतलब है कि इससे पहले भदरेट कस्बे में भी इसी तरह तेंदुए का एक जोड़ा घर की चाहरदीवारी के भीतर प्रवेश कर गया था, जिसकी तस्वीरें भी कैमरों में कैद हुई थीं। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से ग्रामीण वन विभाग से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले हालात पर काबू पाया जा सके।

# रविवार को बस न आने से ग्रामीणों में रोष

## गुस्साए लोगों ने कुहमझवाड़ के उपप्रधान के नेतृत्व में एसडीएम घुमारवीं को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



रविवार दोपहर को बस सेवा बहाल करने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुहमझवाड़ सहित आसपास की चार-पांच पंचायतों के ग्रामीणों ने एचआरटीसी द्वारा रविवार दोपहर को बस न चलाए जाने पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्णय के कारण उन्हें हर सप्ताह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, रविवार को बस सेवा बंद रहने से रोहिण, हरलोग, बरडी, चलैहली, हवाण और त्रिफालघाट की ओर जाने वाले यात्रियों को आवागमन में गंभीर दिक्कतें आती हैं। मजबूरन उन्हें कंदरौर घुमाणी चौक से महंगे दामों पर टैक्सी लेकर अपने घरों तक पहुंचना पड़ता है, जो आम आदमी की पहुंच से बाहर है। मंगलवार को ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कुहमझवाड़ के उपप्रधान रतन ठाकुर की अगुवाई में घुमारवीं पहुंचकर एसडीएम गौरव चौधरी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में कैप्टन प्यार चंद (सेवानिवृत्त), मनोरमा चौहान, पूर्व हवलदार हंस राज, सोनू कुमार, शशिपाल और सूबेदार रामानंद सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि घुमारवीं-त्रिफालघाट दोपहर की बस सेवा रविवार को बंद रहने से उन्हें अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। उन्होंने एचआरटीसी प्रबंधन और जिला प्रशासन से मांग की कि इस बस सेवा को नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस विषय में एचआरटीसी बिलासपुर डिपो के उपमंडलीय प्रबंधक विवेक लखनपाल ने बताया कि रविवार को अधिकांश बसों में सवारियां कम होती हैं। साथ ही स्कूल और अन्य संस्थान भी बंद रहते हैं। इसी कारण एचआरटीसी द्वारा रविवार को करीब 40 बस रूट अस्थायी रूप से बंद रखे गए हैं। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्रों की मजबूरियों को देखते हुए कम से कम आवश्यक रूटों पर बस सेवाएं बहाल रखनी चाहिए, ताकि लोगों को बार-बार निजी वाहनों पर निर्भर न होना पड़े।

# विद्यार्थियों ने बनाए मिट्टी के बर्तन

## कलोल स्कूल के 53 बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सीखी अद्भुत कला

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** जिले की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलोल ने व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा को व्यवहारिक रूप देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए छठी से आठवीं कक्षा के 53 विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण झंडूता उपमंडल के गांव ठप्पर स्थित अर्पिता कुम्हारी लघु उद्योग में करवाया।



झंडूता उपमंडल के ठप्पर में मिट्टी के बर्तन बनाना सीखते बच्चे। अनंत ज्ञान

कुम्हार सुमन प्रजापति ने विद्यार्थियों को कुम्हारी कला की बारीकियां सिखाईं। विद्यार्थियों ने चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाना, हाथों से मिट्टी को आकार देना, नए डिजाइन तैयार करना और तैयार बर्तनों को रंगने की प्रक्रिया को स्वयं अनुभव किया। उन्होंने बताया कि अगर शिक्षा को हुनर, नवाचार और प्रकृति से जोड़ा जाए, तो भविष्य की पीढ़ी न केवल आत्मनिर्भर बनेगी, बल्कि वैश्विक चुनौतियों का समाधान भी दे सकेगी। विद्यार्थियों ने जाना कि कुम्हारी केवल एक पारंपरिक कला नहीं, बल्कि आज के वैश्विक बाजार में सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण एक अंतरर्राष्ट्रीय अवसर बन चुकी है। बच्चों ने मिट्टी से बने खिलौने, सजावटी वस्तुएं और भोजन के बर्तन तैयार कर यह साबित किया कि पारंपरिक शिल्प में नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में प्लास्टिक के बर्तनों के दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की गई और मिट्टी से बने बर्तनों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया। प्रजापति ने बताया कि मिट्टी के बर्तन न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होते हैं, क्योंकि वे भोजन के पोषक तत्वों को सुरक्षित रखते हैं। सुमन प्रजापति ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक छोड़ो ओर प्रकृति को अपनाओ का संदेश दिया। सुमन प्रजापति ने कहा कि यदि शिक्षा प्रणाली को हुनर, नवाचार और प्रकृति से जोड़ा जाए, तो आने वाली पीढ़ी न केवल आत्मनिर्भर बनेगी, बल्कि वह वैश्विक स्तर पर उभर रही सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान भी प्रस्तुत कर सकेगी। मिट्टी से जुड़ा यह शिल्प पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

### बिलासपुर कॉलेज में मनाया जाएगा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में जिला स्तरीय 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को राजकीय डिग्री कॉलेज बिलासपुर के सभागार में गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी तहसीलदार निर्वाचन विभाग संजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट - भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक' निर्धारित की गई है। तहसीलदार संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक की भागीदारी को सशक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। 'मेरा भारत, मेरा वोट' थीम यह संदेश देती है कि देश का भविष्य प्रत्येक मतदाता के एक-एक वोट से जुड़ा है और हर वोट का अपना विशेष महत्व है। यह दिवस नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

# नेफ्रोलॉजी में उत्कृष्ट कार्य के लिए एम्स के डॉ. संजय सम्मानित

अनंत ज्ञान



- सीएम सुक्खू ने डॉक्टर्स अवॉर्ड समारोह में किया सम्मानित

ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के अग्रणी मीडिया समूह दिव्य हिमाचल द्वारा आयोजित डॉक्टर्स अवॉर्ड-2025 समारोह में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बिलासपुर के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. संजय विक्रांत को नेफ्रोलॉजी क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुसंधान, चिकित्सा सेवाओं एवं जनसेवा में असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान 15 जनवरी को आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. संजय विक्रांत ने हिमाचल प्रदेश में किडनी रोगों के उपचार और नेफ्रोलॉजी सेवाओं की स्थापना एवं विस्तार में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। ऐसे समय में, जब प्रदेश में विशिष्ट किडनी देखभाल सुविधाएं लगभग न के बराबर थीं, उन्होंने पहले आईजीएमसी शिमला तथा उसके बाद एम्स बिलासपुर में नेफ्रोलॉजी विभाग की स्थापना कर इस क्षेत्र में नई नींव रखी। उनके प्रयासों से प्रदेश में सरकारी स्तर पर पहली बार डायलिसिस और किडनी प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) सेवाएं प्रारंभ हुईं। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर भारत की प्रारंभिक पहलों में शामिल होम-बेस्ड सीएपीडी डायलिसिस सेवाओं की भी शुरुआत की, जिससे मरीजों को घर पर ही बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध हो सकी।

# डॉ. जय चंद और रचना चंदेल सम्मानित

## भाषा एवं संस्कृति विभाग की मासिक साहित्यिक गोष्ठी में मिला सम्मान

अनंत ज्ञान



डॉ. जय महलवाल और रचना चंदेल सम्मान प्राप्त करते हुए। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति भवन बिलासपुर में 'साहित्यकार कलाकार से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन इंद्र सिंह चंदेल ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की।

यह कार्यक्रम दो सत्रों में विभाजित किया गया। प्रथम सत्र 'साहित्यकार से मिलिए' को समर्पित रहा, जिसमें जिले के दो विशिष्ट साहित्यकारों डॉ. जय चंद महलवाल और रचना चंदेल के जीवन, व्यक्तित्व और साहित्यिक अवदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। डॉक्टर महलवाल का जीवन चरित्र साहित्यकार रविंद्र चंदेल कमल ने पढ़ा , वहीं रचना चंदेल का जीवन चरित्र डॉक्टर हेमा द्वारा पढ़ा गया। डॉ. जयचंद महलवाल को जनसरोकारों से जुड़ा वह कवि बताया गया, जिनकी रचनाओं में सामाजिक कुरीतियों, विशेषकर नशे जैसी समस्या के विरुद्ध मुखर प्रतिरोध और लोक जीवन की पीड़ा का सशक्त चित्रण मिलता है। उनकी कविताएं समाज को चेताने के साथ दिशा भी देती हैं, वहीं रचना चंदेल को संवेदनशील अभिव्यक्ति, स्त्री चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों की सजग प्रहरी के रूप में रेखांकित किया गया। उनकी कविताएं आत्मसम्मान, संस्कार और नि:स्वार्थ समर्पण की गहन भावभूमि से पाठकों को जोड़ती हैं। दोनों साहित्यकारों को उनके निरंतर साहित्यिक सृजन और योगदान के लिए विभाग की ओर से डायरी, पैन, मफलर एवं टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया। दूसरे सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन ने कार्यक्रम को काव्यात्मक ऊंचाई प्रदान की। सम्मेलन में कई कवियों ने कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

**पंचायत चुनाव** राजनीतिक दलों ने अंदरखाते तेज कर दीं अपनी रणनीतियां

# जिले की 176 पंचायतों में सियासी हलचल शुरू

अनंत ज्ञान




**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार के स्पष्ट संकेतों के बाद अब पंचायत चुनाव को लेकर तस्वीर साफ होती नजर आ रही है। सरकार ने यह कहकर सियासी चर्चाओं पर विराम लगा दिया है कि पंचायत चुनाव अब टाले नहीं जाएंगे। इसके साथ ही बिलासपुर जिले में गांव-गांव चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है और राजनीतिक दलों ने अंदरखाते अपनी रणनीतियां तेज कर दी हैं।

बिलासपुर जिले में करीब 176 ग्राम पंचायतें हैं और यही पंचायतें आने वाले समय में जिले की सियासी दिशा तय करेंगी। भले ही पंचायत चुनाव औपचारिक रूप से गैर-दलगत होते हों, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लगभग हर पंचायत किसी न किसी राजनीतिक दल के प्रभाव में रहती है। पिछले पंचायत चुनावों और मौजूदा राजनीतिक समीकरणों पर नजर डालें तो बिलासपुर में फिलहाल भाजपा समर्थित पंचायतों की संख्या अधिक मानी जाती है। अनुमान के मुताबिक जिले की करीब 85 से 90 पंचायतें भाजपा के प्रभाव वाली रही हैं, जबकि कांग्रेस समर्थित पंचायतों की संख्या लगभग 55 से 60 के बीच आंकी जाती है। इसके अलावा कुछ पंचायतें ऐसी भी हैं जहां निर्दलीय उम्मीदवारों का दबदबा रहा है और यही पंचायतें चुनावी संतुलन बिगाड़ने की क्षमता रखती हैं।

भाजपा जहां अपने पुराने सरपंचों और समर्थकों को फिर से मैदान में उतारने की तैयारी में है, वहीं कांग्रेस नए चेहरों और स्थानीय मुद्दों के सहारे वापसी की रणनीति बना रही है। गांव की गलियों में अब विकास कार्यों, सड़क, पानी और रोजगार जैसे मुद्दों के साथ-साथ सीधे तौर पर यह सवाल उठने लगा है कि अगली पंचायत किसके खाते में जाएगी। ग्रामीण इलाकों में यह चर्चा भी आम है कि इस बार पंचायत चुनाव सिर्फ प्रधान चुनने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इन्हें प्रदेश सरकार के कामकाज पर जनता के जनादेश के रूप में भी देखा जाएगा। ऐसे में साफ है कि बिलासपुर का पंचायत चुनावी मुकाबला सिर्फ गांव की सत्ता नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति की बुनियाद भी तय करेगा।

**किस विकास खंड में कितनी पंचायतें**

**जिले** में कुल 176 ग्राम पंचायतें हैं, जो जिले के चार विकास खंडों में विभाजित हैं। इनमें बिलासपुर सदर में 49 ग्राम पंचायतें, झंडूता में 42 ग्राम पंचायतें, घुमारवीं में 59 ग्राम पंचायतें, श्री नयना देवी में 26 ग्राम पंचायतें हैं।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कार्यक्रम 29 को

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के विकास खंड कार्यालय के साथ स्थित पंचायत समिति हॉल में आज उपमंडलीय अधिकारी अर्शिया शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण से जुड़े कार्यक्रम पर चर्चा की। एसडीएम अर्शिया शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि 29 जनवरी को वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल सेवाओं तथा अन्य सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे इन सुविधाओं से पूरी तरह अवगत हो सकें और इनका लाभ उठा सकें। बैठक में सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। चर्चा के बाद कार्यक्रम के आयोजन स्थल को लेकर सहमति बनी और बैरी मियां को स्थान के रूप में अंतिम रूप दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा की सीमाएं सील, अलर्ट मोड में जवान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पड़ोसी राज्य जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में हुई आतंकी घटना के बाद चंबा जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीमाओं पर तैनात जवानों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश जारी किए गए हैं, वहीं रुटीन गश्त भी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक चंबा विजय सकलानी ने जिला की सीमाओं को सील करते हुए सुरक्षा में तैनात जवानों को संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा वाहन के दिखने पर तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। जम्मू की ओर से डोडा-किश्तवाड़ मार्ग से आने-जाने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि चंबा जिले की लगभग 216 किलोमीटर लंबी सीमा जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील जिलों डोडा और कठुआ से लगती है।

### भटियात में किया रामभक्ति का भव्य उत्सव

**अनंत ज्ञान, भटियात।** जिला चंबा के भटियात क्षेत्र में भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना के तीन वर्ष पूर्ण होने पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन ककीरा स्थित स्वामी राजेश्वरानंद भारती जी एवं स्वामी हरीगिरी जी महाराज के संन्यास आश्रम में नवीन गुरुंग की अगुवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बकलोह क्षेत्र के सभी लोग और महिला मंडलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह 10 बजे पंडित रेवाधर द्वारा विधिवत पूजन किया गया, इसके बाद महिला मंडलों ने 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन-कीर्तन के पश्चात सामूहिक आरती हुई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। नवीन गुरुंग ने कंजक पूजन कर पंडितों का सम्मान किया। कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ।

### भंजराडू में ड्राइवरों व कंडक्टरों की जांची आंखें

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सड़क सुरक्षा माह के तहत भंजराडू बस स्टैंड पर परिवहन विभाग चंबा द्वारा आंखों का जांच शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान लगभग 70 वाहन चालकों और परिचालकों की दृष्टि की जांच की गई और विशेषज्ञों ने आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया। शिविर में उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) चुराह राजेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि चालकों की आंखों की सही दृष्टि सड़क सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर दुर्घटनाओं को रोकने में मददगार साबित होते हैं। शिविर में परिवहन विभाग के अधीक्षक संजीव, सीनियर असिस्टेंट अमित कुमार, अमर सिंह, रविंद्र, परवीन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। नेत्र जांच के लिए स्पेशलिस्ट डॉ. वैभव भारद्वाज और उनकी टीम ने चालकों का विस्तार से परीक्षण किया।

### चंबा के दो किसानों को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी (सोलन) में आयोजित कार्यशाला में विकासखंड सलूणी के गांव तिवारी के पवन कुमार और चंबा के गांव बगोली के अनिल कुमार को देशी अनाज और फसल जर्मप्लाज्म के संरक्षण एवं गुणन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने प्रदान किया। कार्यशाला में किसानों द्वारा देशी बीजों और पारंपरिक फसल प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिससे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच संरक्षण और संवर्धन का महत्व दर्शाया गया। कृषि विज्ञान केंद्र चंबा की वैज्ञानिक टीम ने किसानों को पंजीकरण और दीर्घकालिक संरक्षण की जानकारी भी दी।

### भगवान शिव की महिमा का किया गुणगान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** त्रिलोचन महादेव चेला कमेटी बरौर द्वारा मंदिर प्रांगण में दूसरे शिव नुआला एवं भंडारे का आयोजन श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ से हुई और पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार शिव नुआला की रस्म विधिवत संपन्न करवाई गई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के साथ भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया गया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। सायंकाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। त्रिलोचन महादेव चेला कमेटी के प्रधान, सचिव, उपप्रधान, सलाहकार और सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि इसका उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को जीवित रखना और समाज में आस्था व सौहार्द को मजबूत करना है।

### भियोड़ में संच स्तरीय भजन मंडली कार्यक्रम संपन्न

**अनंत ज्ञान, भियोड़।** संभाग उत्तर हिमाचल, भाग चंबा के अंतर्गत भियोड़ में संच स्तरीय भजन मंडली कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मान सिंह रनोत और विशेष अतिथि मान लेखराम द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई 9 भजन मंडलियों ने भाग लिया और भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। निर्णायक मंडल के अनुसार संगल की भजन मंडली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त मंडली को धार्मिक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया और कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत बनाते हैं।

### कार से 701 ग्राम चरस बरामद, तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुंघ क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने एक स्विफ्ट कार एच आर-12एएस-5515 को जांच के लिए रोका और तलाशी के दौरान वाहन से 701 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस के अनुसार कार में सवार तीन युवकों सागर पुत्र कदम सिंह, निवासी डाकघर बरोड़ा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत हरियाणा, मोहित पुत्र राजेन्द्र, निवासी डाकघर छपरा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत हरियाणा तथा आशीष पुत्र बिजेन्द्र, निवासी डाकघर बरोड़ा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत हरियाणा के कब्जे से मादक पदार्थ पाया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है और बरामद चरस को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एंटी चिट्टा विशेष ग्राम सभा आज और कल

**अनंत ज्ञान, गोहर।** प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से पंचायतीराज विभाग की अधिसूचना के अनुसार 21 और 22 जनवरी को गोहर की 37 ग्राम पंचायतों में एंटी चिट्टा विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में प्रधान ग्रामीणों को अपनी पंचायत को नशा एवं चिट्टा मुक्त बनाने की सामूहिक शपथ दिलाएंगे। सरकार ने मादक पदार्थ तस्करों की गुप्त सूचना देने वाले सजग नागरिकों को नकद पुरस्कार देने का भी निर्णय लिया है। बी.डी.ओ. गोहर सरवन कुमार कौण्डल ने कहा कि सभी पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला मंडल, युवक मंडल, स्कूल एसएमसी और वार्ड पंच की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और प्रत्येक ग्राम सभा में विशेष पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।

# मनरेगा में छेड़छाड़ अन्याय : सुरजीत

## केंद्र सरकार पर जमकर बरसे नवनियुक्त जिला अध्यक्ष, भरमौर में किया स्वागत

अनंत ज्ञान



सुरजीत भरमौरी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, भरमौर।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपनी विधानसभा क्षेत्र भरमौर पहुंचे सुरजीत भरमौरी का मंगलवार को ऐसा ऐतिहासिक स्वागत हुआ, जिसने पूरे क्षेत्र में सियासी संदेश दे दिया। रजेरा से लेकर मैहला, बकानी, राख और अंतत: त्रिलोचन महादेव मंदिर प्रांगण तक कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, बैंड-बाजों और नारों के बीच उन्हें कंधों पर उठाकर स्वागत किया। हर पड़ाव पर उमड़ा जनसैलाब कांग्रेस संगठन की ताकत और कार्यकर्ताओं के उत्साह का प्रतीक बना।

यह कार्यक्रम कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत आयोजित किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ खुलकर अपनी आवाज बुलंद की। कई कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए अपनी पीड़ा जिला अध्यक्ष के समक्ष रखी और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की मांग की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुरजीत भरमौरी ने कहा कि 'मनरेगा में दिहाड़ी लगाने वाले एक श्रमिक के बेटे को कांग्रेस आलाकमान ने चंबा जिले की कमान सौंपी है—यह केवल कांग्रेस पार्टी में ही संभव है। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही भरमौर की जनसमस्याओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री तक मजबूती से पहुंचाएंगे।

भरमौरी ने दो टूक शब्दों में कहा कि अब संगठन में आम कार्यकर्ता और तथाकथित मलाईदार कार्यकर्ता जैसी कोई श्रेणी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा, 'अब सब बराबर हैं, संगठन को मजबूती केवल एकता और ईमानदार मेहनत से ही मिलेगी।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कांग्रेस को फिर से मजबूत करने का आह्वान किया। केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा के स्वरूप से छेड़छाड़ कर गरीबों का हक छीना जा रहा है, जो भरमौर जैसे दुर्गम और आदिवासी क्षेत्र के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और मनरेगा संग्राम को और अधिक बुलंद किया जाएगा। इस भावनात्मक समागम में उनके पिता भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं मनरेगा में दिहाड़ी लगाकर अपने बेटे को पढ़ाया और आज वही बेटा मनरेगा के हक की लड़ाई लड़ते हुए भरमौर से निकलकर पूरे चंबा जिले का अध्यक्ष बना है। उनका यह वक्तव्य पूरे कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण बन गया। अपने भाषण के समापन पर सुरजीत भरमौरी ने स्पष्ट किया कि यह समय बदलाव का है और कांग्रेस गरीब, मज़दूर और अंतिम व्यक्ति के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब का हक अब छीना नहीं जाने दिया जाएगा।

# राडी के आधा दर्जन से ज्यादा गांव में गहराया पेयजल संकट

अनंत ज्ञान



**धरवाला।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत राडी में भारी पेयजल संकट स्थानीय लोगों पूर्ण सिंह, सोनू ,निक्कू, शरण दास, गुतला देवी, सपना देवी, चंपा, अमरजीत, बालकृष्ण, गुड्डु राम मनीषा रीना अमित कुमार, मुंशी, मुरली, बजरो, गोपाल, उदित कुमार, मुकेश कुमार, इत्यादि लोगों का कहना है कि जैसे गांव डंडौला, पढ़ली, सपैडा ,भटवाड़ा, कुठैला, बतोग सहित आस पड़ोस में पिछले तीन दिनों से पानी की भारी समस्या पेश आ रही है।

यह जल संकट न केवल इंसानों के लिए बल्कि मवेशियों के लिए भी मुसीबत बन चुकी है लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग के कर्मचारी वह अधिकारी फोन तक नहीं उठाते हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में जब लगभग घर के सभी लोग सो जाते हैं उस समय नामात्र पानी लोगों के घरों तक पहुंचता है। जिसका कोई फायदा नहीं क्योंकि मवेशी जो दिन में एक बार पानी पीते हैं और इंसानों को भी सुबह से शाम ही पानी की आवश्यकता रहती है लोगों का कहना है कि अमूमन गांव में पानी स्टोरेज नहीं किया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित गांव में हर दूसरे दिन पानी की समस्या पेश आ रही है लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संबंधित विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन होगा जिसका जिम्मेदार स्वयं संबंधित विभाग होगा।

# स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और पशुपालन क्षेत्रों में सुधार के लिए रणनीतियां तय

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपमंडल चुवाड़ी स्थित खंड विकास कार्यालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त सचिव एवं विकास आयुक्त, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार तथा आकांक्षी जिला कार्यक्रम चंबा के केंद्रीय प्रभारी डॉ. रजनीश कुमार (भारतीय प्रशासनिक सेवा) द्वारा की गई।

बैठक में आकांक्षी जिला चंबा के अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों एवं कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के संदर्भ में भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. रजनीश कुमार ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित प्रदर्शन संकेतकों के अनुरूप जिला प्रशासन के सकारात्मक प्रदर्शन की सराहना करते हुए अधिकारियों को और अधिक प्रभावी प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा नीति आयोग से प्राप्त प्राइज मनी के तहत जिले में खोली गई नई 20 लाइब्रेरी,प्री प्राइमरी के 17 नए स्कूल बनाने वहीं सीएसआर के तहत भवन हीन विद्यालयों के भवन निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र की समीक्षा करते हुए जिले में संस्थागत प्रसव की दर में वृद्धि हेतु स्वास्थ्य विभाग को और अधिक सघन प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कम जन्म भार वाले बच्चों की बढ़ती दर पर चिंता व्यक्त करते हुए इस संबंध में अध्ययन कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। डॉ. रजनीश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग को समय-समय पर विशेष रूप से जिले के दूर-दराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा घुमंतू समुदायों को जागरूक कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। कृषि एवं बागवानी क्षेत्र की समीक्षा करते हुए उन्होंने सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि करने तथा किसानों को फसल बीमा योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने 20 जनवरी 2026 को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 281 व 125(ए) के तहत मुकेश कुमार निवासी जाखला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता तारा चंद ने बताया कि कलप्रेई नाला के पास मौड़ा जीरो प्वाइंट के समीप वाहन लगभग 100 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही इस दुर्घटना का मुख्य कारण थी। पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और घटना की गहन जांच जारी है।

# युवक के कब्जे से 800 प्रतिबंधित गोलियां बरामद

अनंत ज्ञान

◆ **एसआईयू चंबा की टीम को मिली सफलता**

**चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआईयू चंबा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सपड़ी, मंगलवार को चंबा निवासी एक युवक के कब्जे से भारी मात्रा में नशीली व आदत बनाने वाली गोलियां बरामद की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआईयू चंबा की टीम ने हेड कांस्टेबल योग राज, हेड कांस्टेबल सुनील तथा कांस्टेबल नीरज ने गवाह रोहित जंबाल की उपस्थिति में सपरी, चंबा निवासी आतिश पुत्र स्वर्गीय रमेश के कब्जे से करीब 800 प्रतिबंधित गोलियां बरामद कीं।

पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी कोई भी ड्रग लाइसेंस अथवा दवाओं की खरीद से संबंधित बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने आरोपी को 7 दिनों के भीतर संबंधित रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया है। आगे की जांच के मद्देनज़र पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन भी कब्जे में ले लिया है, ताकि नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की गहन जांच की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# सुव्यवस्थित संचालन व बालिका सुरक्षा के लिए क्षमता संवर्धन पर दिया जोर



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास में कार्यशाला लगी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावासों के स्टाफ के लिए आयोजित दो दिवसीय क्षमता संवर्धन एवं ओरिएंटेशन कार्यशाला का द्वितीय दिवस आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता उप शिक्षा निदेशक (गुणवत्ता) भाग सिंह ने की। द्वितीय दिवस में प्रथम दिवस की समीक्षा के बाद नवीन ठाकुर और सोनिया शाह ने अकाउंट्स व स्टॉक मैनेजमेंट पर प्रशिक्षण दिया। इसमें बजट हेड्स, बिल वाउचर, भुगतान प्रक्रिया, स्टॉक रजिस्टर सत्यापन और ऑडिट हेतु रिकॉर्ड संधारण पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही डॉ. कविता बिजलवान ने वार्षिक कार्ययोजना, आवश्यकता पहचान, प्रस्ताव निर्माण और मॉनिटरिंग के तरीकों पर मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला में मुनीष शर्मा ने सेफ्टी एवं गैस सुरक्षा पर सत्र आयोजित किया, जिसमें भूकंप, अत्यधिक वर्षा जैसी आपात स्थितियों में सावधानियों और इमरजेंसी रेफरल व्यवस्था की जानकारी दी गई। अंतिम चरण में हॉस्टल-वार फीडबैक लिया गया और प्रतिभागियों के अनुभव व सुझाव संकलित किए गए। इस कार्यशाला ने छात्रावासों में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था, वित्तीय पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण सिविल कार्य व बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जारी परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

# लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध करें पूरा : डीसी

अनंत ज्ञान



परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक करते उपायुक्त। अनंत ज्ञान

◆ **कहा- पूर्ण कार्यों के शीघ्र उपलब्ध करवाएं उपयोगिता प्रमाण पत्र**

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत वित्तपोषित लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तौर पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

मुकेश रेपसवाल ने यह निर्देश राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत ज़िला में जारी विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उपायुक्त ने बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, राष्ट्रीय उच्च मार्ग तथा शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को पूर्ण हो चुके कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। मुकेश रेपसवाल ने जल शक्ति विभाग द्वारा आपदा न्यूनीकरण से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए बनीखेत नाला के बाढ़ संरक्षण कार्यों में तीव्रता लाने तथा चंबा शहर के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त अग्निशमन प्रणाली स्थापित करने के लिए जल्द विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण करने को कहा। उपायुक्त ने बैठक में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154-ए के तहत मेहला घार, मोहल्ला पक्का टाला में भूस्खलन रोकथाम कार्य, स्कूलों में रेट्रोफिटिंग कार्य सहित जारी विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी अमित मैहरा, उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता भाग सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण जोगिंदर शर्मा, उच्च मार्ग मीत शर्मा, सहायक अभियंता जल शक्ति अनिल भारद्वाज, डीडीएमए शाखा प्रभारी सुमित गुप्ता बैठक में उपस्थित रहे। अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण दिवाकर सिंह पठानिया ने वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लिया।

## चमेरा-III बांध से छोड़ा जाएगा पानी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय जल विद्युत निगम (एनएचपीसी) की चमेरा-III जल विद्युत परियोजना को 21 जनवरी से 5 फरवरी तक पूर्ण शटडाउन पर रखा जाएगा। परियोजना प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार शटडाउन प्रक्रिया के तहत चमेरा-III बांध खडामुख के जलाशय को खाली करने का कार्य 20 जनवरी की देर रात से शुरू किया जाएगा। जलाशय खाली किए जाने के दौरान रावी नदी में जल का मुक्त प्रवाह रहेगा। इस प्रक्रिया में बांध के गेटों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण रूप से खोला जाएगा, जिससे डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में नदी के जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना है। आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परियोजना प्रबंधन द्वारा एहतियाती कदम उठाए गए हैं। जल छोड़े जाने से पहले हूटरों के माध्यम से चेतावनी सायरन बजाए जाएंगे तथा बांध स्थल से धरवाला तक मोबाइल वाहनों द्वारा सार्वजनिक घोषणाएं की जाएंगी। परियोजना प्रबंधन ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और आम लोगों से अपील की है कि वे इस अवधि में नदी के समीप न जाएं।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

मैं, No. 2659570X Ex-NK गुलाब सिंह (76) पुत्र झाऊं राम निवासी गांव कुनैला डाकघर नालग तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरी पत्नी के सभी दस्तावेजों के अनुसार उसका वास्तविक और सही नाम बिमला देवी के स्थान पर महंती है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

I, Smt. Sunaina aged 24 yrs wife of Sh. Sunny Parmar R/o Chowki Khalet, Teh. Palampur, Distt. Kangra, H.P. declare That my son name is entered in his date of birth certificate No. B:2023: 2-90066-000335 is Kairav Parmar. But I have changed my son name Kairav Parmar to Kratav Parmar.

**बेदखली सूचना**

मैं, हरीश कुमार आयु 49 वर्ष पुत्र धर्म चन्द निवासी वार्ड नंबर 7 गावं बमनेहड़ डा. पठियार तहसील जिला कांगड़ा हि. प्र. स्थाई निवासी हूं घोषणा करता हूं कि मेरी लड़की रितू देवी मेरे व मेरे परिवार के कहने से बाहर है और मेरी लड़की रितू देवी ने अपनी मर्जी से अभि कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव व डा. तकीपुर तहसील व जिला कांगड़ा हि.प्र. से शादी कर ली है। अत: मैं मेरी लड़की रितू देवी को अपनी जायदाद (चल व अचल सम्पति) से बेदखल करता हूं। भविष्य में अगर कोई उसके साथ कोई भी लेन-देन करता है तो उसका जिम्मेवार वह खुद होगा।

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी, (नायब-तहसीलदार) उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**किसम मुकदमा जन्म तिथि पंजीकरण**

**आगामी तारीख पेशी 20.01.2026**

**श्रीमति सुमना देवी पुत्री श्री हरवंश सिंह वासी गांव बलोह मौजा उगयालता उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.)........प्रार्थीगण**

**आम जनता।**

**नोटिस बनाम आम जनता**

उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्रीमति सुमना देवी पुत्री श्री हरवंश सिंह वासी गांव बलोह मौजा उगयालता उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है। जिसमें प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि उसका जन्म दिनांक 01.02.1985 को महाल बलोह में हुआ है। परन्तु जन्म तिथि का इन्द्राज रजिस्टर जन्म / मृत्यू में दर्ज नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत बलोह में दर्ज नहीं हुआ है। अत: दर्ज किये जाने प्रार्थना की है।

अत: आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुन्यादी / अखबार इस्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त इन्द्राज बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह असालतन/वकालतन दिनांक 20/01/2026 को प्रात: 11:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 20/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी लम्बलू, जिला हमीरपुर, (हि.प्र.)**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न./NT/25

तारीख पेशी- 29.01.2026

श्री कृष्ण चन्द पुत्र परमा राम निवासी लोहारल ड़ा रानी सिद्धपुर डा. विन्द्रावन, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**

**आम जनता**

**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**

श्री कृष्ण चन्द पुत्र परमा राम निवासी लोहारल ड़ा रानी सिद्धपुर ड़ा विन्द्रावन, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरी माता शीला देवी पत्नी परमा राम की मृत्यू दिनांक 15.11.2007 को गांव लोहारल, मौजा विन्द्रावन बर्तमान नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर में हुआ है, लेकिन सम्बन्धित नगर निगम पालमपु में मृत्यू पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।

अत: सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखबारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र/एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 29.01.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।

आज दिनांक 31.12.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न./NT/25

तारीख पेशी:- 29.01.2026

श्री कृष्ण चन्द पुत्र परमा राम निवासी लोहारल डा. रानी सिद्धपुर डा. विन्द्रावन, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**

**आम जनता**

**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**

श्री कृष्ण चन्द पुत्र परमा राम निवासी लोहारल डा. रानी सिद्धपुर डा. विन्द्रावन, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरे पिता परमा राम वेलिया की मृत्यू दिनांक 05.02.2006 को गांव लोहारल, मौजा विन्द्रावन बर्तमान नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर में हुआ है, लेकिन सम्बन्धित नगर निगम पालमपुर में मृत्यू पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।

अत: सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखबारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र/एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 29.01.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।

आज दिनांक 31.12.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न./NT/25

तारीख पेशी:-10.02.2026

पवना देवी पुत्री विक्रम राम वर्तमान पता पत्नि प्रशोतम चन्द निवासी वार्ड न. 4 गांव थला डा. कण्ड़ी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**

**आम जनता**

**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**

पवना देवी पुत्री विक्रम राम वर्तमान पता पनि प्रशोतम चन्द निवासी वार्ड न. 4 गांव थला डा कण्ड़ी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.। ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनका जन्म दिनांक 01.07.1971 को गांव बन्दला, डा. नच्छिर, तहसील पालमपुर में हुआ है लेकिन सम्बन्धित ग्राम पंचायत/नगर निगम पालमपुर में जन्म पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।

अत: सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखबारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्दमा वारे कोई उज्र/एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 10.02.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।

आज दिनांक 17.01.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

क्रमांक 04 रीडर-1

दिनांक 06-1-2026

मिसल न.-त./2025

ता. दा. 03-02-2025

ता. पेशी 05-02-2026

**अनुमान मुकदमा**

श्री रमेश चन्द पुत्र अमर सिंह निवासी हटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.। ...प्राथी पक्ष

**वनाम**

**आम जनता** **प्रत्याक्षी पक्ष**

**विषय:** प्रार्थना पत्र भू राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड में नाम दरुस्ती करने बारे।

**अखवारी इश्तहार**

प्रार्थना पत्र श्री रमेश चन्द पुत्र अमर सिंह निवासी हटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र., ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन किया है कि महाल पटोला मौजा झिकली कोठी के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम अनिल कुमार पुत्र अमर सिंह दर्ज है। जोकि गलत है। जबकि मेरा सही नाम रमेश चन्द पुत्र अमर सिंह है। दर्ज करने का आग्रह किया है।

अत: इस अदालती नोटिस अखबारी इश्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस नाम दरुस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 06-02-2026 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ला आले की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।

आज दिनांक 6-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

क्रमांक 05 रीडर-1

दिनांक 06-1-2026

मिसल न.-त./2025

ता. दा. 03-02-2025

ता. पेशी 06-02-2026

**अनुमान मुकदमा**

श्री मति कुशला धर्मपत्नि अमर सिंह निवासी हटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.। ...प्रार्थी पक्ष

**वनाम**

**आम जनता** **प्रत्याक्षी पक्ष**

**विषय:** प्रार्थना पत्र भू राजस्व अधिनियम 1954 कीजेर धारा 37 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड में नाम दरुस्ती करने बारे।

**अखवारी इश्तहार**

प्रार्थना पत्र श्री मति कुशला धर्मपत्नि अमर सिंह निवासी हटवास खास मौजा हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र., ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन किया है कि महाल पटोला मौजा झिकली कोठी के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम कौशल्या देवी पत्नि अमर सिंह दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम कुशला पत्नि अमर सिंह है। दर्ज करने का आग्रह किया है।

अत: इस अदालती नोटिस अखवारी इश्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस बाम दरुस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 6-02-2026 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।

आज दिनांक 6-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.**

मिसल न./N/2025

ता. दा. 28-05-2025

तारीक फैसला 15/01/2025

**अनुमान मुकदमा**

प्रार्थी रविन्द्र कुमार पुत्र धनी राम निवासी व डाकघर झरेट जगिया तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.। ....प्रार्थी पक्ष

**बनाम**

**आम जनता**

**विषय:-** प्रार्थना पत्र भू राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अंतर्गत राजस्व रिकॉर्ड में नाम दरुस्त करने बारे ।

**आदेश:-** प्रार्थी रविन्द्र कुमार पुत्र धनी राम निवासी व डाकघर झरेट जगिया तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र. ने इस अदालत में उपस्थित होकर आवेदन किया कि महाल पंतेड व टमवरहार के राजस्व रिकॉर्ड में रवि कुमार दर्ज है जो की गलत है, दरुस्ती की जावे। सही नाम रविन्द्र कुमार है। मिसल सर्व प्रथम अदालत द्वारा कार्यालय रिपोर्ट करवा कर दर्ज रजिस्टर हुई। और क्षेत्रीय कानूनगो। क्षेत्रीय कानूनगो की रिपोर्ट मिसल में साथ सलंग्न है। से नाम दरुस्ती की रिपोर्ट मांगी गई

प्रकरण पुन: सुनवाई हेतु प्रस्तुत हुआ। प्रार्थना पत्र मय सभी सहायक दस्तावेजों की नस्ति पर गौर करने से पाया गया कि प्रार्थना पत्र सत्यता पर आधारित है प्रार्थना पत्र जेर धारा 37 हि.प्र. भू. राजस्व अधिनियम के अंतगर्त स्वीकार किया जाता है। अत: मैं नायब तहसीलदार तहसील नगरोटा बगवां उक्त नियम के अंतर्गत राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी रवि कुमार उपनाम रविन्द्र कुमार पुत्र धनी राम दरुस्त करने के आदेश पारित करता हूं। आदेश की एक प्रति पटवारी, पटवार वृत पठियार को राजस्व रिकार्ड मे अमल द्रामद हेतु प्रेषित की जावे। मिसल में अग्रिम कार्यवाही की आवश्यता न है। मिसल नियमानुसार दाखल दफ्तर होवे। सुनाया गया।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.**

यदि तुम्हारे हृदय के तार मुझसे जुड़ गए हैं तो अनंतककाल तक आवाज देता रहूंगा।

– आचार्य रजनीश

## संपादकीय

# भाजपा में नितिन नेतृत्व

विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बार फिर अपनी परंपरा को जीवित रखते हुए यह साबित कर दिया है कि संगठन में मेहनत और समर्पण ही सबसे बड़ा आधार हैं। पार्टी ने अपने अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन को सर्वसम्मति से नियुक्त किया। यह निर्णय न केवल पार्टी की रणनीति के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा शक्ति को केंद्रीय महत्व देने की दिशा में भी एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। यह तथ्य कि भाजपा ने अनुभवी वरिष्ठ नेताओं के बजाय बिहार के एक युवा, जमीन से जुड़े नेता को पार्टी की कमान सौंपी है, खुद में एक नया संदेश है कि संगठन में मेहनत और निष्ठा ही सबसे बड़ी पूंजी है।

नितिन नबीन, 45 वर्षीय युवा नेता, बिहार के पटना और बांकीपुर से पांच बार के विधायक रह चुके हैं। उनका जन्म 23 मई, 1980 को झारखंड के रांची शहर में हुआ था, हालांकि उनका पैतृक गांव बिहार के नवादा जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत अमावां है। इस तरह देखा जाए तो झारखंड उनकी जन्मभूमि है और बिहार उनकी कर्मभूमि, जहां उन्होंने राजनीतिक करियर की नींव रखी और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा साबित की। नबीन का राजनीतिक सफर पारंपरिक राजनीतिक वंशजों से अलग रहा। उनके पिता नबीन किशोर सिन्हा बिहार सरकार में मंत्री थे, लेकिन पिता की असमय मृत्यु के बाद नितिन नबीन ने कम उम्र में ही चुनावी राजनीति में कदम रखा। इस तरह वह अपने परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए खुद भी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण नेता बन गए।

भाजपा में नितिन नबीन की पहचान न केवल उनके विधायक बनने से है, बल्कि संगठनात्मक दक्षता और प्रशासनिक क्षमता के कारण भी है। उन्होंने पार्टी में विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तर के पदों पर नेतृत्व संभाला है और सिक्किम और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाई हैं। इस अनुभव ने उन्हें तैयार किया कि वह पार्टी की कमान संभाल सकें और युवा शक्ति को नए आयाम दें। यह नियुक्ति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह संदेश देती है कि भाजपा का केंद्र नेतृत्व संगठन के काम को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने वाले नेताओं पर भरोसा करता है।

नितिन नबीन के अध्यक्ष बनने के निर्णय का राजनीतिक और सामाजिक संदेश दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर इस निर्णय को लेकर चर्चा जोरों पर है और इसे भाजपा में 'नबीन युग' की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने इस फैसले को दूरदर्शी बताया है। उनकी यह समझदारी ही पार्टी की ताकत है, कि संगठन को युवा नेतृत्व से जोड़ा जाए और इसे नई ऊर्जा और नए दृष्टिकोण के साथ संचालित किया जाए।

नितिन नबीन की उपलब्धियों की लंबी सूची उनके अनुभव और क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने पांच बार विधायक रहकर न केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास में योगदान दिया, बल्कि बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में सड़क निर्माण, शहरी विकास और कानून जैसे महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाला। इसके अलावा, वह पार्टी संगठन के विभिन्न जिम्मेदार पदों पर भी रहे, जहां उन्होंने प्रशिक्षण, रणनीति और कार्यकर्ताओं के समन्वय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह व्यापक अनुभव उन्हें पार्टी की कमान संभालने के लिए न केवल योग्य बनाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि युवा नेता मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां निभा सकते हैं। भाजपा के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण भी है और अवसरों से भरा भी। इस वर्ष पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, और नितिन नबीन की जिम्मेदारी है कि वह पार्टी का शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करें। पार्टी कार्यकर्ताओं का विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नबीन बिहार और देश में भाजपा के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## फिल्म अभिनेता, थियेटर और टीवी कलाकार



**सुशांत सिंह राजपूत**
**जन्म :** 21 जनवरी, 1986
**मृत्यु :** 14 जून, 2020

**सुशांत** सिंह राजपूत भारतीय सिनेमा के प्रतिभाशाली अभिनेता, थियेटर और टेलीविजन कलाकार थे। उनका जन्म पटना, बिहार में हुआ और उनका पैतृक गांव पूर्णिया जिले के मालडीहा में है। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले सुशांत ने मेहनत, प्रतिभा और आत्मविश्वास के बल पर मनोरंजन जगत में अपनी अलग पहचान बनाई।

सुशांत की प्रारंभिक शिक्षा पटना के सेंट करेन हाई स्कूल और दिल्ली के कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल से हुई। वे अत्यंत मेधावी छात्र थे और ऑल इंडिया इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन में 7वीं रैंक प्राप्त की थी। उन्होंने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (वर्तमान डीटीयू) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया, लेकिन अभिनय के प्रति जुनून के कारण पढ़ाई छोड़कर कला के क्षेत्र में आ गए। वे भौतिकी ओलंपियाड के राष्ट्रीय स्तर के विजेता भी थे।

उनके करियर की शुरुआत बैकअप डांसर के रूप में हुई। एकता कपूर के धारावाहिक 'किस देश में है मेरा दिल' से उन्हें पहचान मिली, लेकिन 'पवित्र रिश्ता' में मानव देशमुख की भूमिका ने उन्हें घर-घर लोकप्रिय बना दिया। इसके बाद उन्होंने 'काय पो छे!' से फिल्मी करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके अभिनय को खूब सराहा गया। 'शुद्ध देसी रोमांस', 'पीके', 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी', 'केदारनाथ', 'छिछोरे' और विशेष रूप से 'एम.एस. धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी' उनकी प्रमुख फिल्में रहीं। धोनी की भूमिका में उनका अभिनय बेहद प्रशंसित हुआ। उन्होंने कुल 12 फिल्मों और 2 लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों में काम किया। 14 जून 2020 को मात्र 34 वर्ष की आयु में मुंबई के बांद्रा स्थित अपने घर में उनका निधन हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार यह आत्महत्या का मामला था और बताया गया कि वे पिछले कुछ समय से अवसाद से जूझ रहे थे। ■



कविता

## आ जाओ किसी वेश में

डॉक्टर विजय कुमार पुरी

**नेताजी** तुम फिर से आओ, आ जाओ किसी वेश में।
बड़ी जरूरत आन पड़ी है, फिर से भारत देश में।।
दिए देश को ऐसे नारे, जन्म मरण फिर कौन विचारे,
घर-घर से मिली दान दक्षिणा, माताओं ने सुत भी वारे,
आजादी की जंग छेड़ दी, डटकर वहीं विदेश में।
बड़ी जरूरत आन पड़ी है फिर से भारत देश में।।
सोना चांदी गहना गठरी, दे दी घर की पाई पाई,
महिलाएं भी आ गईं आगे, उनकी भी रेजिमेंट बनाई,
हिंद की सेना में शामिल हो, खूब सजी गणवेश में।
बड़ी जरूरत आन पड़ी है फिर से भारत देश में।।
त्याग समर्पण सेवा सार, देख रहा था सब संसार,
सबको मोहितकर लेता है, नेता जी का यह व्यवहार,
देश प्रेम का अलख जगाया, वर्दीधारी वेश में।
बड़ी जरूरत आन पड़ी है, फिर से भारत देश में।।
देश की सेवा का दिखलावा, वैसे हम सब करते हैं,
सच्चाई कुछ और है लेकिन, सच कहने से डरते हैं,
झूठ फरेब मकड़जाल बुन, सब सत्ता की रेस में।
बड़ी जरूरत आन पड़ी है, फिर से भारत देश में।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मोटापे की ओर बढ़ता भारत: स्वाद की कीमत सेहत क्यों चुकाए?



शरद गुप्ता
विषय विशेषज्ञ (उद्यान)
मशोबरा, जिला शिमला
orchid.gupta@gmail.com
मो. 94182-09900

हाल ही में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अखबार का पन्ना पलटते समय एक समाचार की हेडलाइन पर नजर ठहर गई। पहली दृष्टि में यह खबर साधारण-सी प्रतीत हुई, किंतु जब पूरे विवरण को पढ़ा तो विषय की गंभीरता और उसके दूरगामी परिणामों ने गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। यह समाचार हिमाचल प्रदेश के एक प्रशिक्षण संस्थान से जुड़ा था, जहां महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से फास्ट फूड निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना निस्संदेह एक सराहनीय प्रयास है, परंतु जिस माध्यम को इसके लिए चुना गया है, वह अपने आप में कई मूलभूत प्रश्न खड़े करता है।

आज पूरी दुनिया में फास्ट फूड और अत्यधिक चीनी, नमक व वसा युक्त खाद्य पदार्थों को स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे के रूप में देखा जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन बार-बार चेतावनी दे चुका है कि असंतुलित आहार और बिगड़ती जीवनशैली आने वाले समय में गैर-संचारी रोगों को एक महामारी का रूप दे सकती है। ऐसे में यह विचार करना आवश्यक हो जाता है कि क्या आजीविका सृजन के नाम पर ऐसे खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना उचित है, जिनका सीधा प्रभाव समाज के स्वास्थ्य पर नकारात्मक रूप से पड़ता है।

यदि वैश्विक परिदृश्य पर नजर डालें तो कई देश इस खतरे को समय रहते समझ चुके हैं। ब्रिटेन ने हाल ही में 5 जनवरी 2026 को जंक फूड के ऑनलाइन विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इतना ही नहीं, स्कूलों के आसपास जंक फूड की बिक्री पर भी सख्त रोक लागू की गई है। इन निर्णयों के पीछे कारण भी अत्यंत गंभीर हैं। इंग्लैंड में जब बच्चे पहली बार स्कूल में प्रवेश करते हैं, उसी समय 22.1 प्रतिशत बच्चे मोटापे से ग्रस्त पाए जाते हैं। स्कूल छोड़ते-छोड़ते यह आंकड़ा बढ़कर 35.1 प्रतिशत तक पहुंच जाता है, अर्थात् हर तीसरा बच्चा मोटापे का शिकार है। यह स्थिति केवल शारीरिक बनावट का प्रश्न नहीं है, बल्कि भविष्य में उभरने वाली अनेक बीमारियों की भूमिका तैयार कर रही है।

भारत में स्थिति अभी उतनी भयावह नहीं दिखती, किंतु आंकड़े स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि हम भी उसी दिशा में बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2005-06 में भारत में केवल 1.5 प्रतिशत बच्चे मोटापे से पीड़ित थे, जबकि 2019-21 तक यह आंकड़ा बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गया। मात्र पंद्रह वर्षों में बच्चों में मोटापे का दोगुना होना किसी भी रूप में सामान्य नहीं कहा जा सकता। भारत जैसे देश में, जहां एक ओर कुपोषण और अल्पपोषण आज भी बड़ी समस्या है, वहीं दूसरी ओर मोटापे का तेजी से बढ़ना यह दर्शाता है कि हमारा खान-पान किस तरह असंतुलित होता जा रहा है।



बच्चों में बढ़ता मोटापा भविष्य के लिए एक गंभीर चेतावनी है। चिकित्सकीय शोध स्पष्ट करते हैं कि मोटे बच्चों में आगे चलकर टाइप-2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव, अवसाद तथा कई प्रकार के कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसका प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ बढ़ता है, कार्यक्षमता घटती है और आर्थिक उत्पादकता प्रभावित होती है। वास्तव में, एक स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकता है।

आज विडंबना यह है कि आधुनिक पोषण विज्ञान की चर्चा करते हुए हम अपने पारंपरिक आहार ज्ञान को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। हमारे पारंपरिक भोजन में संतुलन और पोषण का गहरा अनुभवजन्य ज्ञान निहित था। बचपन में कद्दू के बीज जैसे साधारण खाद्य पदार्थों का सेवन सामान्य बात थी। आज विज्ञान भी मानता है कि ये बीज उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड, जिंक और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो बच्चों के मस्तिष्क विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। कई महंगे हेल्थ सप्लीमेंट्स की तुलना में ये अधिक सुलभ और पौष्टिक हैं।

इसी संदर्भ में हिमाचल प्रदेश के करसोग क्षेत्र से पद्मश्री सम्मानित नेकराम शर्मा की पहल उल्लेखनीय है। उन्होंने फास्ट फूड के विकल्प के रूप में मोटे अनाजों पर आधारित पारंपरिक और नवाचारी खाद्य उत्पादों को बढ़ावा दिया। कोदरा, ज्वार और बाजरा जैसे मोटे अनाजों से बने मोमो, डोसा और सिड्डू न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी हैं। इसके साथ ही वे महिलाओं और युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन कर रहे हैं।

दुनिया के कई देशों ने अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लेबल और अतिरिक्त कर जैसे कदम उठाए हैं। भारत में भी केवल जंक फूड पर प्रतिबंध पर्याप्त नहीं, बल्कि पोषण शिक्षा, विज्ञापन नियंत्रण और पारंपरिक आहार को प्रोत्साहन आवश्यक है। हमारे शास्त्रों में वर्णित 'हितभुक, ऋतभुक और मितभुक' का सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है। अर्थात् ऐसा भोजन करना चाहिए जो शरीर के लिए हितकारी हो, ऋतु के अनुसार हो और सीमित मात्रा में हो। यदि भारत आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक आहार दर्शन के बीच संतुलन बना सके, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सशक्त भविष्य दिया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विकास बनाम विरासत : क्योटो बनाते-बनाते खो न जाए काशी का वैभव?



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर

काशी एक पौराणिक नगरी है। गंगा तट पर बसी यह शिव नगरी उनकी त्रिशूल पर बसी है, ऐसा लोग कहते आ रहे हैं। यहीं पर राजा हरिश्चंद्र ने अपने सत्य के धर्म को पूर्ण करने के लिए अपने आपको बेचा था। यह कहावत सही है या नहीं यह इतिहास में दर्ज है।

राजा हरिश्चंद्र बनारस में ही मणिकर्णिकाघाट पर कर वसूली का काम डोमराजा बनारस के लिए करते थे। राम, कृष्ण युग की पुरातन काशी भव्य काशी थी। पांच हजार साल का इतिहास समेटे काशी ज्ञान की काशी थी, जिसे मुगलों के बाद अंग्रेजों ने भी लूटा, तोड़ा पर काशी अपनी जगह अडिग थी। आज काशी अपने अस्तित्व की लड़ाई में आधुनिक शिल्पकारों के साथ हार गई और लूट रही है। आंसू अपनी आंखों से गिर रहे गौरव पर बहा रहा हूं, परंतु काशी बंट गई, कट रही है, लूटी जा रही है। काशी को संवारने में रानी अहिल्याबाई होल्कर के साथ साथ बहुत लोगों का धन, प्यार और समपर्ण आज भी छिपा है। बस इतिहास को पढ़ा नहीं जा रहा, बल्कि बदला जा रहा है। पुराने नाम को मिटाया जा रहा है। नए नाम के लिए कहा जा रहा कि 'मैं मां गंगा का पुत्र हूं।' नई पुरानी काशी और उसके पुराने स्वरूप से घृणा है। मैं काशी को नए रंग रूप में जापान के क्वेटो शहर की तरह बना रहा हूं। एक नया शिल्पकार हूं। विश्वनाथ कॉरिडोर से धनवर्षा हो रही है। अब मणिकर्णिकाघाट के नाम पर धनवर्षा करनी है, नया क्योटो बसाना है। नई रील में युवा शक्ति को अब काशी नहीं, बल्कि क्योटो शब्द को ही पढ़ाना है।

कहा जाता है कि मणिकर्णिकाघाट वाराणसी के सबसे प्रसिद्ध पवित्र शास्त्रीय रूप से महत्वपूर्ण घाटों में से एक है। यहां के श्मशानघाट की आग कभी बुझी नहीं। लाखों लोग बनारस से नहीं पूर्वांचल और बिहार से भी लाशों का अंतिम दाह संस्कार करने यहां आते हैं। कभी किसी ने शिकायत नहीं की कि मणिकर्णिकाघाट पर सुविधाएं नहीं हैं, परेशानी होती है। सभी लोग श्रद्धा से आते हैं दाह संस्कार करते हैं। वापस घर जाते हैं। यही सदियों से होता आ रहा है, परंतु विकास का एक भूत ऐसा तांडव काशी में कर रहा है, जो हर जगह को तोड़ रहा है।




गंगा में क्रूज से गिरते मल मूत्र पर मौन रहता है। यह गंगा की पवित्रता का दोहरा मापदंड भी है। मणिकर्णिकाघाट पुनर्वास विकास परियोजना का उद्देश्य दाह संस्कार से जुड़ी सुविधाओं-चिता प्लेटफॉर्म, लकड़ी भंडार, मुंडन क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था, शौचालय और पेयजल को बेहतर बनाना बताया जा रहा है, किंतु इस योजना में काशीवासियों से व्यापक विचार-विमर्श नहीं किया गया। विवाद की शुरुआत घाट की पुरानी सीढ़ियों को तोड़ने, दीवारों पर स्थापित कलाकृतियों के खंडित होने और अहिल्याबाई की मूर्ति हटाने से हुई। सरकार का दावा है कि सभी मूर्तियां सुरक्षित हैं, लेकिन काशीवासियों की मांग है कि यह बात सार्वजनिक रूप से प्रमाण सहित दिखाई जाए। काशीवासियों की चिंता केवल संरचनाओं तक सीमित नहीं है। विश्वनाथ कॉरिडोर के बाद स्थानीय लोगों की धार्मिक और रोजमर्रा की पहुंच में आए बदलावों ने यह भय बढ़ाया है कि मणिकर्णिका के नवीनीकरण के बाद स्थानीय व्यापारी, डोमराजा और परंपरागत व्यवस्थाएं हाशिये पर चली जाएंगी। आशंका है कि दाह-संस्कार जैसी पवित्र प्रक्रिया भी ऑनलाइन बुकिंग और व्यावसायिक ढांचे में बदल सकती है, जहां आस्था के स्थान पर लाभ प्रधान हो जाएगा।

मणिकर्णिका श्मशानघाट पर स्थित पुरानी धर्मशालाओं को गिराकर 'क्योटो मॉडल' पर विकास की बात की जा रही है। रोजगार सृजन के तर्क दिए जा रहे हैं, जैसे विश्वनाथ कॉरिडोर में हुआ, किंतु सवाल यह है कि क्या इस विकास में काशी की आत्मा सुरक्षित रहेगी। गंगा की स्वच्छता, अधूरे रोपवे और वर्षों से जारी परियोजनाओं के बीच यह स्पष्ट है कि विकास के नाम पर काशी का स्वरूप लगातार बदला जा रहा है। मणिकर्णिका के बाद अगली गली कौन-सी होगी, यह भय आज काशीवासियों को सता रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश में सूखा : बदलती जलवायु की साफ चेतावनी



राजन कुमार शर्मा
प्रशिक्षण प्रभारी एवं आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ
जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश
मो. 9459779314

हिमाचल प्रदेश में कम होती बारिश और बर्फबारी अब केवल मौसम की अनियमितता नहीं रह गई है, बल्कि यह एक गहरी और स्थायी होती समस्या का संकेत बन चुकी है।

झरनों का सूखना, नदियों में घटता जलस्तर और पेयजल संकट इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि पहाड़ी राज्य जलवायु परिवर्तन की मार सबसे पहले झेल रहा है। सर्दियों में पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से बर्फबारी में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बढ़ते तापमान के कारण जो बर्फ गिर भी रही है, वह लंबे समय तक टिक नहीं पा रही।

इससे प्राकृतिक जल भंडारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और 'स्नो ड्राउट' जैसे नए खतरे सामने आ रहे हैं। इसका सीधा असर खेती, बागवानी और ग्रामीण आजीविका पर पड़ रहा है। हालांकि, इस संकट के लिए केवल जलवायु परिवर्तन को दोषी ठहराना भी पर्याप्त नहीं होगा। अनियंत्रित निर्माण, वनों की कटाई और कमजोर जल प्रबंधन ने समस्या को और गंभीर बनाया है। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ लगातार हो रहे समझौते अब भारी पड़ने लगे हैं। अब समय आ गया है कि चेतावनियों को गंभीरता से लिया जाए। जल संरक्षण, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, स्मार्ट कृषि और पर्यावरण-संतुलित विकास नीति अपनाए बिना समाधान संभव नहीं है।

हिमाचल का सूखा सिर्फ एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि आने वाले समय की राष्ट्रीय चुनौती का संकेत है-जिससे निपटने के लिए आज ही ठोस और सामूहिक कदम उठाने होंगे। हिमाचल प्रदेश में लगातार कम बारिश और बर्फबारी के कारण कई इलाकों में सूखे जैसे हालात बनते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन, कमजोर पश्चिमी विक्षोभ और मानव गतिविधियां इसकी बड़ी वजह हैं। हालांकि, समय रहते सही कदम उठाकर इस संकट से निपटा जा सकता है। जल संरक्षण सबसे अहम वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों (नौले, धाराएं, कूहल) का संरक्षण और भूजल रिचार्ज से पानी की उपलब्धता बढ़ाई जा सकती है। स्मार्ट खेती की जरूरत कम पानी वाली फसलें, ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई और मल्चिंग जैसी तकनीकें किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकती हैं। जंगल और समुदाय की भूमिका वन संरक्षण और स्थानीय प्रजातियों का पौधरोपण जल संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। वहीं, गांव स्तर पर जल समितियां बनाकर पानी का न्यायपूर्ण उपयोग जरूरी है।



हिमाचल प्रदेश में उभरता सूखा अब केवल मौसम की अनिश्चितताओं का परिणाम नहीं रहा, बल्कि यह स्पष्ट रूप से कमजोर प्रबंधन और अदूरदर्शी विकास नीतियों की भी परीक्षा ले रहा है। बदलते जलवायु पैटर्न ने संकट की गंभीरता जरूर बढ़ाई है, लेकिन जल संरक्षण की उपेक्षा, पारंपरिक जल स्रोतों की अनदेखी और योजनाओं के आधे-अधूरे क्रियान्वयन ने हालात को और बिगाड़ा है। इस चुनौती से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर ठोस प्रयासों की सबसे अधिक आवश्यकता है। वर्षा जल संचयन, झरनों और धाराओं का संरक्षण, तथा सामुदायिक भागीदारी के बिना कोई भी नीति सफल नहीं हो सकती।

इसके साथ ही आधुनिक तकनीकों-जैसे माइक्रो सिंचाई, जलवायु-अनुकूल खेती और वैज्ञानिक जल प्रबंधन को जमीन पर उतारना अनिवार्य है। सरकारी योजनाएं तभी प्रभावी साबित होंगी, जब उनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता, निरंतर निगरानी और स्थानीय जरूरतों की समझ शामिल होगी। सूखा हिमाचल के लिए केवल एक मौसमी चेतावनी नहीं, बल्कि भविष्य के लिए गंभीर संकेत है। यदि आज संतुलित विकास और जल संरक्षण को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और गहराता जाएगा। इसलिए अब वक्त बहस का नहीं, बल्कि निर्णायक और सामूहिक कार्रवाई का है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष : संगठन, विचार और कार्यकर्ताओं की विजय



श्रेय अवस्थी
सोशल मीडिया सह-संयोजक
भाजपा, हिमाचल प्रदेश

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक इतिहास में यह क्षण केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि विचारधारा की निरंतरता और लोकतांत्रिक संस्कृति की पुष्टि है। जब यह घोषणा हुई कि भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिला है और नितिन नबीन निर्विरोध इस पद के लिए चुने गए हैं, तो यह घटना सिर्फ एक पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं रही, बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं की सामूहिक भावना, अनुशासन और विश्वास की अभिव्यक्ति बनी।

निर्विरोध चयन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में निर्णय शक्ति के बल पर नहीं, सहमति और वैचारिक एकता के आधार पर होते हैं। भाजपा की यात्रा सत्ता की राजनीति से कहीं आगे की यात्रा रही है। यह एक ऐसा आंदोलन है जिसने भारतीय राजनीति की परिभाषा ही बदल दी। दशकों तक 'परिवारवाद' और 'व्यक्तिवाद' पर टिकी राजनीति के बीच भाजपा ने संगठनवाद, विचारवाद और राष्ट्रवाद की नई परंपरा स्थापित की। आज जब नितिन नबीन जैसे नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, तो यह इस बात का संकेत है कि पार्टी निरंतर जमीनी नेतृत्व को महत्व देती है-ऐसा नेतृत्व जो कार्यकर्ताओं के बीच से निकला हो, उनकी भाषा समझता हो और उनकी मेहनत की कद्र करता हो।

पिछले वर्षों में भाजपा की उपलब्धियां केवल राजनीतिक जीतों तक सीमित नहीं रहीं; उन्होंने भारत की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दिशा बदली है। आर्थिक मोर्चे पर भाजपा सरकार ने देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया, स्टार्ट-अप क्रांति को गति दी, डिजिटल भुगतान को जन-आंदोलन बनाया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल से स्वदेशी उद्योगों को नई ऊर्जा दी। मेक इन इंडिया, PLI योजनाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए और भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का अहम हिस्सा बनाया।



राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भाजपा ने निर्णायक और साहसी नेतृत्व प्रस्तुत किया है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने यह स्पष्ट किया कि भारत अब आतंकवाद और सीमा उल्लंघन का सशक्त जवाब देने में सक्षम है।

आधुनिक रक्षा नीति, स्वदेशी हथियार निर्माण और सीमा अवसंरचना के विकास ने देश की सुरक्षा को नई मजबूती दी। यह केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भाजपा सरकार की योजनाओं ने करोड़ों गरीब और वंचित नागरिकों के जीवन को बदला है। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को स्वच्छ ईंधन मिला, आयुष्मान भारत से स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई, प्रधानमंत्री आवास योजना से बेघर परिवारों को पक्की छत मिली और हर घर जल मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता बढ़ी। किसान सम्मान निधि ने छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहारा दिया। यह विकास का ऐसा मॉडल है जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी नीति के केंद्र में है। सांस्कृतिक दृष्टि से भाजपा ने भारत की सभ्यतागत चेतना को पुनर्जीवित किया। राम मंदिर निर्माण ऐतिहासिक न्याय का प्रतीक बना और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारतीय भाषाओं, मूल्यों और ज्ञान परंपरा को सम्मान दिया। इन सभी उपलब्धियों के मूल में भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन-प्रधान संस्कृति और 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य भाजपा की पहचान है। नेतृत्व बदल सकता है, पर राष्ट्र-निर्माण का संकल्प अटल रहता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कार से 74.80 ग्राम चिट्टा बरामद, चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेरचौक क्षेत्र में गश्त के दौरान मंडी पुलिस ने एक सफेद रंग की कार से 74.80 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने कार नंबर एचपी 29बी-7924 को जांच के लिए रोका, जिसमें चालक अब्दुल मोमिन पुत्र मोहम्मद अली, निवासी गांव डीनक, डाकघर कनैड, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी के कब्जे से मादक पदार्थ पाया गया। आरोपी को मौके पर ही हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया है तथा उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### 11 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसटीएफ सेंट्रल रेंज मंडी की टीम ने नाकाबंदी के दौरान 11 ग्राम हेरोइन/चिट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अक्षय पुत्र कृष्ण चन्द, निवासी डाकघर जुगाहन, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी के कब्जे से मादक पदार्थ बरामद किया गया। आरोपी को नियमानुसार हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में पुलिस द्वारा जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### छात्राओं को दी मासिक धर्म की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नर्तवम् चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लीफोर्ट के सहयोग से मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हिमालयन पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं के लिए आयोजित किया गया, जिसमें मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता, स्वास्थ्य और जागरूकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। लीफोर्ट की टीम से संजय शर्मा और योगेश ठाकुर उपस्थित रहे। वहीं menstrual health educator टीम की ज्योतिका, नेहा, तनुजा, नीलम और मोनिका ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई, सही सैनिटरी उत्पादों के उपयोग और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के बारे में जागरूक किया। शिविर के दौरान निःशुल्क सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। नर्तवम् चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि हर्ष ने बताया कि संस्था का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। विद्यालय प्रशासन व अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की।

### छात्रों को आवारा कुत्तों से दूरी बनाने की सलाह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल में मंगलवार को मेडिकल टीम द्वारा रेबीज नियंत्रण एवं पशु व्यवहार पर आधारित एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रेबीज जैसी घातक बीमारी से बचाव और जानवरों के सुरक्षित व्यवहार की जानकारी देना था। कार्यक्रम में सीनियर वेटरनरी डॉक्टर राजेंद्र जसवाल, मेडिकल ऑफिसर विक्रम सिंह और फार्मासिस्ट रितेश ठाकुर उपस्थित रहे। डॉ. राजेंद्र जसवाल ने छात्रों को आवारा कुत्तों से दूरी बनाए रखने और उन्हें तंग न करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि कुत्ते के काटने पर घाव को तुरंत 10 से 15 मिनट तक साफ पानी और साबुन से धोकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सपना ठाकुर और प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने मेडिकल टीम का आभार जताया।

### जनेड़ से काट कर बनाई जाए तांदी पंचायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी सदर विकास खंड की जनेड़ पंचायत की आबादी को देखते हुए उसकी दो पंचायतें बनाए जाने की मांग नेता जी सुभाष ग्रामीण विकास कमेटी ने उठाई है। कमेटी के अध्यक्ष लाभ सिंह जमवाल ने इस बारे में उपायुक्त मंडी को एक प्रार्थनापत्र देकर उनके ध्यान में लाया है कि सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत जनेड़ की आबादी लगभग 3 हजार हो चुकी है। यह पंचायत 12 से 15 किलोमीटर के दायरे में फैला है। इसमें तांदी सबसे बड़ा वार्ड है। तांदी गांव हाई स्कूल पास तीन वार्डों तांदी, सराई व गनेहड़ का केंद्र बनता है। ग्राम पंचायत द्वारा इस बारे में एक प्रस्ताव भी अपनी पंचायत से पारित करके उपायुक्त मंडी को 12 अगस्त 2024 को भेजा जा चुका है। कमेटी के अध्यक्ष ने उपायुक्त से आग्रह किया कि इस प्रार्थनापत्र व पहले भेजे गए प्रस्ताव पर गंभीरता के साथ विचार किया जाए तथा जनेड़ पंचायत से कुछ वार्ड अलग करके तांदी पंचायत बनाई जाए।

### पुनर्व्यवस्थापन योजना का प्रारूप जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में व्यास नदी पर प्रस्तावित 191 मेगावाट की थाना प्लौन जल विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु अधिग्रहित निजी भूमि से संबंधित पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना का प्रारूप जारी कर दिया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं परियोजना पुनर्वास प्रशासक डॉ. मदन कुमार ने बताया कि यह प्रारूप भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत तैयार किया गया है। प्रारूप को उप-मंडलाधिकारी (ना.) सदर, कोटली, पधर और जोगिंदर नगर को भेजा गया है। साथ ही, संबंधित कार्यालयों और परियोजना प्रभावित पंचायतों के प्रधान एवं उप-प्रधानों को भी योजना उपलब्ध करवा दी गई है। डॉ. मदन कुमार ने कहा कि योजना से संबंधित आपत्तियों और सुझावों के लिए जन-सुनवाई की तिथि शीघ्र निर्धारित कर सूचित की जाएगी।

### एकल विद्यालय अभियान निभा रहा अहम योगदान

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** एकल विद्यालय अभियान प्रदेश में समाज सुधार और सामाजिक निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और वर्तमान समय में इन गतिविधियों को और विस्तार देने की सख्त आवश्यकता है। यह बात एकल विद्यालय अभियान अंचल जोगिंद्रनगर के संच बरोट की संच प्रमुख प्रियंका ने कही। उन्होंने बताया कि जिला मंडी में अंचल जोगिंद्रनगर के तहत 301 एकल विद्यालय स्थापित किए गए हैं, जिनमें बाल शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, ग्राम विकास और संस्कार शिक्षा सहित पांच गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संच बरोट के अंतर्गत छोटाभंगाल और चौहार घाटी में 30 एकल विद्यालय केंद्र संचालित किए गए हैं, जहां कार्यरत सभी आचार्य पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि एकल विद्यालय के आचार्य विद्यालय केंद्रों के साथ-साथ घर-घर जाकर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं।

### बरोट में हो जिलास्तरीय कवि सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल और चौहार घाटी जैसी दुर्गम घाटियों की साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतिभाओं को सामने लाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए बरोट में जिला स्तरीय कवि सम्मेलन आयोजित करने की मांग उठी है। सुभाष ठाकुर, राजकुमार, बलदेव सिंह, काजू राम, दीपू रिस्की, सुनील कुमार और अन्य युवाओं का कहना है कि इन क्षेत्रों के सैकड़ों युवक-युवतियों में प्रतिभाएं हैं, लेकिन उन्हें सार्वजनिक मंच नहीं मिलता। युवाओं ने मंडी और धर्मशाला स्थित लोक संपर्क विभाग और जिला भाषा अधिकारियों से आग्रह किया है कि बरोट में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाए, ताकि स्थानीय साहित्य और संस्कृति को नई पहचान मिल सके और दुर्गम घाटियों की प्रतिभाएं उजागर हों।

### स्वयंसेवकों को मिला आपदा बचाव प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मंडी के सहयोग से उपमंडल सरकाघाट में पांच दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन एसडीएम राजेन्द्र कुमार गौतम ने किया। दूसरे दिन गृह रक्षक विभाग सरकाघाट के कंपनी कमांडर मेहर चंद और प्लाटून कमांडर राजीव कुमार ने 32 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा और स्ट्रैचर नॉट्स पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने घायल व्यक्ति को स्ट्रैचर पर सुरक्षित उठाने और विभिन्न नॉट्स का व्यावहारिक प्रयोग सिखाया। साथ ही स्वयंसेवकों को हमेशा सतर्क, निपुण और आपदा प्रबंधन में सक्षम रहने की महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

### सरकाघाट-रखोटा में बिजली कटौती टली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** 4.5 किलोमीटर लंबी जाहू-बरच्छवाड़ 33 केवी लाइन हाल ही में हुई बारिश आपदा में पूरी तरह टूट गई थी, जिससे क्षेत्र में बिजली सप्लाई प्रभावित हो गई थी। वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता राजकुमार गुप्ता ने बताया कि मरम्मत कार्य पूर्ण कर लाइन को पुनः एनर्जाइज कर दिया गया है। अब सरकाघाट और रखोटा के पावर सब-स्टेशनों से बिजली कटौती नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए टूटे हुए खंड को बदल दिया और लाइन को सुरक्षित तरीके से चालू किया। इससे स्थानीय निवासियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। विद्युत मंडल सरकाघाट ने जनता से अनुरोध किया है कि आपातकालीन परिस्थितियों में विद्युत उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करें।

### वैदिक स्कूल शानन के बच्चों ने मनाई पिकनिक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शानन स्थित वैदिक स्कूल के बच्चों ने मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक का आयोजन किया। बच्चों को योरा स्थित त्रिवेणी महादेव ले जाया गया, जहाँ उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण का आनंद लिया। हरे-भरे जंगलों और मनोरम दृश्य के बीच बच्चों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, डांस और सामूहिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या कंचन ठाकुर ने बताया कि इस तरह की पिकनिक से बच्चे प्रकृति के करीब आते हैं और टीम भावना विकसित होती है। स्कूल निदेशक मेघ सिंह ठाकुर ने कहा कि त्रिवेणी महादेव की सुंदर नर्सरी और हरियाली ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया। यह पिकनिक बच्चों के लिए यादगार और सीखने का प्रभावी अनुभव रही।

# भीड़भाड़ वाले सेरी मंच में गंदगी का राज

## स्वच्छता के दावे खोखल, परिसर में फैली बदबू और कचरे के ढेर से राहगीर परेशान

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, मंडी।** मंडी शहर का सार्वजनिक व्यस्ततम स्थल सेरी मंच परिसर जो पूर्व की मंडी रियासत काल का ऐतिहासिक स्थल बताया जाता है। यह जिला प्रशासन की नाक तले ही प्रदूषित हालत में है। भीड़भाड़ वाली सेरी मंच स्थली जहां वर्तमान समय में जहां वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। इसको योजनाबद्ध तरीके से सजा संवार कर बड़े पैमाने पर स्वच्छता प्रदान करने की भी सख्त जरूरत है।



सेरी मंच परिसर की नाली में पड़ी गंदगी। अनंत ज्ञान

सेरी मंच जैसी सार्वजनिक जगह में नगर निगम एवं प्रशासन स्वच्छ वातावरण देने में बहुत ज्यादा सफल नहीं हुए हैं, क्योंकि यह इनका घर आंगन कहा जा सकता है, जिसके एक बड़े भाग की हवा प्रदूषित हालत में है, जिसे जनहित में कुठाराघात करना कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मनोरंजन ही नहीं बल्कि यह स्थान धरना-प्रदर्शन, राजनीतिक, सामाजिक आदि कार्यक्रमों का केंद्र बिंदु है जहां अकसर कोई न कोई कार्यक्रम-गतिविधियां होती रहती हैं। इसके लिए शायद बहुत कुछ करना बाकी है। सेरी मंच जो दूर-दूर तक मशहूर है के परिसर की दुर्गंध फैलाती नाली में प्लास्टिक कचरा-शराब की खाली बोतलों को तैरते देखा जा सकता है।

नाली अवरुद्ध हालत में है यानि गंदे पानी की निकासी लगभग ठप पड़ी है जहां सड़ांध मारते गंदगी की कीचड़ की मोटी परत जमी पड़ी है, इसे देखकर लगता है कि वर्षों से इसे सुधारा ही नहीं गया है। यह सब देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आमतौर पर इस मंडी शहर का एक बड़ा भाग समुचित सफाई में व्यवस्था के लिए तरस सा गया है जो जिला मुख्यालय तो जरूर है, मगर प्रशासन इत्यादि की नाक तले इस प्रकार की गंदगी-कूड़ा कचरा फैला रहे तो इसे संबंधित विभाग के लिए भी नाम की ही कार्यशैली कहा जाएगा व इसे कारगुजारी की अव्वल श्रेणी में रखना तो नामुमकिन सा इसलिए भी है क्योंकि निर्मल भारत अभियान एवं स्वच्छता अभियान जैसे राष्ट्र हित के कार्यक्रम उस वक्त गौण नजर आते हैं जब जिला के विभिन्न हिस्सों से अपने अपने काम के लिए आने वाले लोग सेरी मंच परिसर की इस गंदगी से लबालब नाली के यहां से नाक ढक कर गुजरने पर मजबूर हो जाते हैं। उक्त नाली से आसपास के वातावरण की अशुद्धी को लेकर बुद्धिजीवी लोगों ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही सेरी मंच परिसर के बीचोंबीच गंदगी से भरी पड़ी नाली को सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

# नीलकंठ महादेव बुंदेलखंड के स्वरूप में सजा बाबा भूतनाथ

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी में धृत शृंगार के चौथे दिन बुंदेलखंड स्थित कालिंजर दुर्ग के नीलकंठ महादेव मंदिर के स्वरूप को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। इस धृत शृंगार में उस पौराणिक मान्यता को दर्शाया गया, जिसके अनुसार भगवान शिव ने विषपान के पश्चात इसी स्थान पर तपस्या की थी और उनके कंठ के नीले पड़ने के कारण यह स्थल नीलकंठ महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

मान्यता है कि इस मंदिर में प्राकृतिक जलस्रोत से शिवलिंग का निरंतर अभिषेक होता है और शिवलिंग से पसीना रिसने का अद्भुत चमत्कार आज भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि नीलकंठ महादेव बुंदेलखंड क्षेत्र की एक अमूल्य धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर है, जिसका निर्माण चंदेल शासकों के काल में हुआ था। उन्होंने कहा कि इस धृत शृंगार का उद्देश्य देश के विभिन्न पवित्र शिवधामों की आध्यात्मिक महत्ता को श्रद्धालुओं तक पहुंचाना है। शिवलिंग से रिसते पसीने की मान्यता को धृत शृंगार में अत्यंत भावपूर्ण और कलात्मक ढंग से उकेरा गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। बाबा भूतनाथ मठ मंदिर में प्रतिदिन किया जा रहा धृत शृंगार शिवभक्तों के लिए विशेष आकर्षण बना हुआ है और यह आयोजन आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

# दो दिन में शानन उप डाकघर नहीं खुला तो होगा उग्र आंदोलन : राकेश धरवाल

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** शानन वार्ड नंबर-7 स्थित ऐतिहासिक उप डाकघर को बंद किए जाने के विरोध में क्षेत्र में जन आक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने डाक विभाग व प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि आगामी दो दिनों के भीतर शानन उप डाकघर को पुनः शुरू नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा।



डॉ. राकेश धरवाल ने कहा कि शानन उप डाकघर दशकों से क्षेत्र के ग्रामीणों की जीवनरेखा रहा है। इस डाकघर से पेंशन, बचत खाते, मनरेगा मजदूरी, डाक सेवाएं एवं अन्य आवश्यक सरकारी लेन-देन जुड़े हुए हैं। इसे बिना पूर्व सूचना और जन-सहमति के बंद करना पूरी तरह जनविरोधी फैसला है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि डाक विभाग ने दो दिनों के भीतर अपना निर्णय वापस नहीं लिया और उप डाकघर को पुनः बहाल नहीं किया, तो स्थानीय जनता के सहयोग से बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस आंदोलन में धरना-प्रदर्शन, चक्का जाम और अन्य लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।डॉ. धरवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह संघर्ष केवल एक भवन या कार्यालय का नहीं, बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं की रक्षा का है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से एकजुट होकर इस जनहित के मुद्दे पर संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

## पड्डल मैदान में अब पतंग उत्सव 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में पतंग उत्सव का आयोजन पड्डल मैदान झुला मैदान मंडी में किया जा रहा है। मौसम विभाग की ओर से जारी प्रतिकूल मौसम की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन अब पूर्व निर्धारित बसंत पंचमी की बजाय बुधवार 28 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। इस पतंग उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को केमिकल नशे चिट्टा सहित सभी प्रकार के नशे से दूर रखते हुए खेलकूद और स्वस्थ मनोरंजन की गतिविधियों की ओर प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी पतंग और मांझा स्वयं लाना अनिवार्य होगा, जबकि पर्यावरण और जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चाइनीज मांझा, प्लास्टिक की पतंगें अथवा किसी भी प्रकार की हानिकारक सामग्री के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों के उल्लंघन पर प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से बाहर किया जा सकता है। प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे तथा 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी आयु वर्ग की महिलाएं और पुरुष भाग ले सकते हैं। आयोजन में किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। पतंग उत्सव के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा मंडी के प्रसिद्ध पारंपरिक व्यंजनों सिड्डू, कचौरी, गलगल का छाछा सहित अन्य व्यंजनों के स्टाल भी लगाए जाएंगे।

# एनएच व जयूणी रोड पर वाहनों की पार्किंग पर लगाम, आमजन के लिए खुले होंगे रास्ते

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** पड़ोह बाजार के साथ एनएच पर लगातार लग रहे जाम और फुटपाथ को आम लोगों के लिए हर वक्त सुचारू रखा जाएगा। यह निर्णय मंगलवार को पुलिस चौकी पंडोह में व्यापार मंडल और पुलिस प्रशासन के बीच हुई सामुदायिक समन्वय बैठक में लिया गया। चौकी प्रभारी पंडोह अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस आम जनता के लिए है। हम आपका सहयोग पंडोह बाजार को सुरक्षित व सुंदर बनाने के लिए अति आवश्यक है। जिसमें दुकानों के बाहर अपनी गाड़ी टू-व्हीलर हो या फोर व्हीलर हो खडी न करें। एनएच पर बने पुल के दोनों ओर के फुटपाथों को खाली रखें।


पंडोह बाजार में जाम व फुटपाथ समस्या पर बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि जयूणी रोड पर अनावश्यक रूप से पार्क किए गए वाहनों को भी हटा लें। यदि आप पुलिस का सहयोग नहीं करेंगे तो मजबूरन हमें चालान करने पड़ेंगे। जबकि व्यापारियों ने भी पुलिस से सहयोग की मांग करते हुए कहा कि थोड़ी देर दूकानों में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को पार्क होने दें। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क में या पुल के फुटपाथों पर वाहनों को कंट्रोल करना पुलिस का काम है। इस में व्यापारी वर्ग का कोई हस्तक्षेप नहीं है।

बता दें कि पंडोह के जयूणी रोड पर सबसे ज्यादा जाम लगता है व एनएच पर पडोह पुल के फुटपाथ पर टू व्हीलर पार्क होने तथा दुकानदार द्वारा पुल पर अवरोधक खडे करने से आमजन परेशान हैं। इसकी शिकायत एसपी मंडी से और 1100 नंबर सीएम हेल्प लाइन पर भी की गई है। देखना है कि इस बैठक का असर अब तक और कितना रहेगा।

# बालीचौकी में 500 बच्चों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को किया जागरूक


टीबी जागरुकता अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** जिला मंडी के बालीचौकी ब्लॉक में टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के कई स्कूलों के विद्यार्थियों तथा विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 500 विद्यार्थियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वेच्छा से कार्य कर रहे अनिल ठाकुर द्वारा संचालित किया गया, जो कि मूलतः जिला सिरमौर के निवासी हैं। अनिल ठाकुर पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के भाव से लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में फैली भ्रांतियों को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को टीबी के लक्षण, कारण, बचाव, समय पर जांच और मुफ्त उपचार की जानकारी दी गई।

टीबी रोगियों के प्रति भेदभाव न करने और उन्हें उपचार के लिए प्रेरित करने का संदेश भी दिया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को टीबी के प्रारंभिक लक्षण पहचानने, संदिग्ध मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने तथा समुदाय में जागरूकता फैलाने की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों और संस्थाओं ने इस निरंतर सामाजिक प्रयास की सराहना की है।

## करसोग क्षेत्र में पांडव सर्किट पर शोध, आजीविका और विरासत संरक्षण पर फोकस

**अनंत ज्ञान, करसोग।** प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के पर्यटन विभाग द्वारा करसोग क्षेत्र में पाण्डव सर्किट के विकास और उसके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों पर महत्त्वपूर्ण शोध किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य पाण्डवों से जुड़े ऐतिहासिक एवं लोककथाओं से संबंधित स्थलों को सांस्कृतिक पर्यटन मार्ग के रूप में विकसित कर स्थानीय समुदाय को आजीविका के नए अवसर प्रदान करना है।

दो सदस्यीय शोध दल द्वारा पांगणा, ममेल, माहुनाग, कामाक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और विषय विशेषज्ञों से संवाद किया गया। शोधकर्ताओं खूबराम पाठक और साहिल शर्मा ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत पर्यटन आधारित आजीविका विविधीकरण, क्षमता निर्माण और मॉडल विलेज विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अध्ययन से न केवल करसोग क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि होम-स्टे, स्थानीय व्यवसाय और स्वरोजगार के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाया जा सकेगा।

# वैज्ञानिक चेतना विकसित करना व युवा बचाओ आज की सबसे बड़ी प्राथमिकता: भूपेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति गोपालपुर खंड का 21वां त्रैवार्षिक सम्मेलन नबाही में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता कैप्टन राजेंद्र, केके ठाकुर और संतोष देवी ने की। सम्मेलन का संचालन सुनीता पटियाल ने किया जबकि बंदना ने संगठन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सम्मेलन का उद्घाटन समिति के संस्थापक भूपेंद्र सिंह ने किया और इसमें राज्य कोषाध्यक्ष भीम सिंह, ऋत्विक ठाकुर सहित कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में भूपेंद्र सिंह ने कहा कि ज्ञान विज्ञान समिति का गठन अस्सी के दशक में साक्षरता अभियान के दौरान हुआ था और तब से संस्था ने महिला समता, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, खेती बचाओ, पर्यावरण बचाओ, जनस्वास्थ्य, संपूर्ण स्वच्छता, आपदा प्रबंधन व युवा बचाओ जैसे दर्जनों सफल अभियानों का संचालन किया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में समिति द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान युवाओं और भविष्य को बचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। नशे की रोकथाम में महिलाओं की भूमिका को अहम बताते हुए उन्होंने गांव-गांव महिलाओं की नशा मुक्ति निगरानी समितियां गठित करने और 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सरकाघाट में महिलाओं द्वारा नशे के खिलाफ विशाल पैदल यात्रा निकालने की घोषणा की। भूपेंद्र सिंह ने समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने को समिति का मूल लक्ष्य



संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह। अनंत ज्ञान

बताते हुए कहा कि रूढ़िवादी, पोंगापंथी और अतार्किक ताकतों के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ ज्ञान विज्ञान आंदोलन की जरूरत और भी बढ़ गई है। इस अवसर पर राज्य कोषाध्यक्ष भीम सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, रोजगार और परिवहन जैसी जनसुविधाओं को लेकर आवाज उठाने पर जोर दिया और बताया कि साक्षरता एवं ज्ञान-विज्ञान अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं के अनुभव के आधार पर विभिन्न सरकारी व वित्तीय संस्थान समिति पर भरोसा जता रहे हैं।

सम्मेलन में 21 सदस्यीय खंड कमेटी का गठन किया गया, जिसमें केके ठाकुर को अध्यक्ष, कैप्टन राजेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, सुनीता पटियाल को सचिव, रोशनी, संतोष और ऋत्विक को सह सचिव तथा बंदना को कोषाध्यक्ष चुना गया, जबकि केसर सिंह, त्रिलोक, मॉन सिंह, जयदेव, सुषमा, स्नेहलता, ललिता, मीना, कुसमा, राजेश्वरी, रीना, प्रोमिला और सोमा को सदस्य बनाया गया।

## नगर निगम मंडी क्षेत्र में पालतू कुत्तों का पंजीकरण अनिवार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी की सीमा के अंतर्गत सभी पालतू कुत्तों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। नागरिकों की सुरक्षा, स्वच्छता तथा पालतू पशुओं के उचित प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा यह व्यवस्था लागू की गई है। नगर निगम के अनुसार सिटीजन सेवा पोर्टल के माध्यम से अब तक 106 पालतू कुत्तों का पंजीकरण किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद कई पालतू कुत्ता मालिकों ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है। नगर निगम मंडी ने ऐसे सभी पालतू कुत्ता मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कुत्तों का ऑनलाइन पंजीकरण सिटीजन सेवा पोर्टल के माध्यम से 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से करवा लें। निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण न कराने की स्थिति में नगर निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सरकाघाट में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

# बच्चों में देशभक्ति की भावना को किया प्रोत्साहित


पीएम श्री स्कूल सरकाघाट में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरकाघाट में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन में वंदे मातरम् के महत्व को उजागर करना और उनमें देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर वंदे मातरम् की प्रभारी निशा शर्मा ने विद्यार्थियों को इस गान के ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या अनीता आज़ाद की अध्यक्षता में किया गया। पूरे विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी इस आयोजन में शामिल हुए और कार्यक्रम विद्यालय में देशभक्ति की भावना से गूंज उठा, जिससे विद्यार्थियों में अपने राष्ट्र के प्रति गर्व और सम्मान की भावना को और मजबूती मिली।

## बिजली उपभोक्ताओं से समय पर बिल भुगतान की अपील, 26 जनवरी के बाद कटेगी आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल संधोल के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू, व्यावसायिक एवं अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं से विद्युत विभाग ने समय रहते अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान करने की अपील की है। विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि जिन उपभोक्ताओं ने अब तक अपने बिजली के बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे दिनांक 26 जनवरी 2026 से पूर्व अनिवार्य रूप से बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक अभियंता, विद्युत विभाग संधोल, विपिन कुमार ने बताया कि निर्धारित तिथि तक भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बकाया बिलों के चलते बिना किसी अग्रिम सूचना के बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित उपभोक्ता की होगी।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निशमन यंत्रों के बारे में विस्तार से बताया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अग्निशमन विभाग ऊना द्वारा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टक्का के छात्रों को अग्निशमन यंत्रों व आग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। ड्रिल में स्कूल के 297 स्टूडेंट्स व 29 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि विभाग की टीम में शामिल फायरमैन लक्की, मुकेश कुमार, दौलतराम व चालक अमित कुमार पर आधारित टीम ने छात्रों को अग्निशमन यंत्रों के बारे में विस्तार से बताया तथा इन यंत्रों का जरूरत पड़ने पर प्रयोग करने के तरीके बताए। आग के प्रकार, किस आग पर कौन सा यंत्र प्रयोग करना है प्रैक्टिकल करके बताया गया। स्टूडेंट्स को सुरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए बताया कि वे ये सब जानकारियां अपने गांव, शहर व क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ साझा करें तथा आग लगने की स्थिति में नजदीकी फायर स्टेशन के टोल फ्री नंबर 101 पर सूचित करें। उन्होंने बताया कि जब तक अग्निशमन विभाग का दलबल घटनास्थल पर पहुंच नहीं जाते, तब तक अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए सीमित संसाधनों को अपनाते हुए आग को बुझाने के प्रयास जारी रखें। मॉक ड्रिल में प्रिंसिपल वीरेंद्र कपिल ने स्कूल में आग के प्रति जागरूकता अभियान के तहत स्टूडेंट्स व स्टाफ को जागरूक करने के लिए अग्निशमन विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान से सभी को सीख मिलती है कि कभी भी लापरवाही से आग न लगाएं।

### रमन जॉनी बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** भाजपा मंडल गगरेट के पूर्व महामंत्री एवं ग्राम पंचायत अंबोटा के उपप्रधान रमन जॉनी को जिला भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में भाजपा संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र राणा की संस्तुति पर मोर्चा के महामंत्री इकबाल सिंह ने नियुक्ति के आदेश जारी किए। रमन जॉनी की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर तथा पूर्व विधायक एवं भाजयुमो के प्रांतीय उपाध्यक्ष चैतन्य शर्मा ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि रमन जॉनी लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठावान रहे हैं और उनकी सक्रियता से किसान मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं, रमन जॉनी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ में महिला विंग का गठन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** संतोषगढ़ स्थित ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में स्थानीय सभा के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए महिला विंग का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य मंदिर सभा में महिला श्रद्धालुओं की भागीदारी बढ़ाना और संगठन को और अधिक सशक्त बनाना है। गठित महिला विंग में बेबी देवी को प्रधान तथा बबली देवी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विद्या देवी, ज्ञानों देवी, आशा देवी, माया देवी, अंजना, सुनीता, बिंदो देवी, केसरो देवी, सिमरो देवी, रिधु, निर्मला देवी महे, निर्मला देवी, सुरिन्द्रा देवी, संसारी देवी, रजनी बाला बैंस और रानी देवी को सदस्य बनाया गया है। महिला विंग का गठन श्री गुरु रविदास जोड़ मेला कमेटी जिला ऊना के अध्यक्ष बलवंत सिंह की देखरेख में किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महाराज, डॉ. भीमराव अंबेडकर और साहब कांशी राम ने महिलाओं के उत्थान पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पर विकास में उदासीनता का आरोप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कुटलैहड़ के टक्का, झलेड़ा और नारी पंचायत के लोगों ने कांग्रेस सरकार पर क्षेत्र के विकास में उदासीनता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में दो विधायक रहे, लेकिन क्षेत्र में कोई नई योजना या ठोस वित्तीय सहायता नहीं मिली। हाल ही में झलेड़ा में लोकभवन और टक्का में पंचायत घर के लोकार्पण को कांग्रेस सरकार की उपलब्धि बताना गलत है, क्योंकि ये परियोजनाएं पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थीं। स्थानीय भाजपा नेताओं और पंचायत सदस्यों ने कहा कि वर्तमान विधायक अधिकतर समय अस्पताल निरीक्षण में व्यतीत कर रहे हैं और ऊना-टक्का रोड पर कोटलकलां के पास छह महीने से पुली का काम लंबित है। उन्होंने सरकार से बंद पड़े विकास कार्यों को तुरंत शुरू करने की मांग की और चेतावनी दी कि जनता क्षेत्र की अनदेखी को समझ चुकी है।

### दिनेश खत्री ने विधायक विवेक की सराहना की

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर युवा कांग्रेस नेता और हिमाचल प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य दिनेश खत्री ने विधायक विवेक शर्मा की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विधायक जनहितैषी सोच के साथ सड़क, स्वास्थ्य, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में लगातार सुधार कर रहे हैं। जर्जर सड़कों का नवीनीकरण, स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाओं का विस्तार और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना इसके उदाहरण हैं। दिनेश खत्री ने कहा कि विधायक घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनते और मौके पर समाधान करते हैं, जिससे जनता में विश्वास और संतोष बढ़ा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास कार्यों को रोकने की बजाय जनता अब विकास और बयानबाजी में अंतर समझ रही है। विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में कुटलैहड़ निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है।

### समाज को नशे के दुष्प्रभावों से चेताया

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चूरड़ी में चिट्टा मुक्त समाज अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह व अनुशासन के साथ रैली निकालकर 'नशे को न, जीवन को हां', 'चिट्टा छोड़ो, सपने जोड़ो' जैसे नारों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्प्रभावों से चेताया। प्रधानाचार्य कर्म चंद ने कहा कि चिट्टा युवाओं का भविष्य और समाज की नींव दोनों कमजोर कर रहा है और इसे रोकने के लिए सामूहिक जागरूकता जरूरी है। शिक्षकों ने युवाओं और अभिभावकों से नशे से बचाव, संवाद और सही मार्गदर्शन की अपील की। शिक्षिका ज्योति कुमारी ने कहा कि सरकार नशे के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। विद्यार्थियों और नागरिकों ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया और कहा कि अभियान तभी सफल होगा जब युवा स्वयं आगे आएं और समाज को जागरूक करें।

# संतोषगढ़ में पटवारी की स्थायी नियुक्ति को लेकर उठी मांग

अनंत ज्ञान

**संतोषगढ़।** संतोषगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में पटवारी की स्थायी नियुक्ति न होने से परेशान संतोषगढ़ वार्ड-1 के पार्षद संदीप पहेश ने जिलाधीश ऊना को ज्ञापन दिया।

उन्होंने बताया कि आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नगर में लगभग 20 हजार की आबादी निवास करती है और भूमि संबंधी कार्यों के लिए नागरिकों को लगातार दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। पिछले दो वर्षों से संतोषगढ़ पटवार हलके में स्थायी पटवारी तैनात नहीं है, जिससे दाखिल-खारिज, फर्द, इंतकाल व अन्य राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं नगर परिषद संतोषगढ़ के पार्षद एवं अधिवक्ता संदीप कुमार पहेश ने बताया की 9 जनवरी को भी जिलाधीश ऊना को इस मामले को लेकर ज्ञापन दिया था और 19 जनवरी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है इस समस्या को लेकर जिला उपायुक्त ऊना को ज्ञापन देकर


पटवारी पोस्ट पर नियुक्ति की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

अवगत कराया है की 23 जनवरी तक अगर पटवारी की नियुक्ति नहीं होती तो संकेतिक धरना प्रदर्शन किया जायेगा उन्होंने बताया कि वर्तमान में अस्थायी व्यवस्था के तहत बाहर से पटवारी बुलाया जाता है जिससे आम लोगों को समय पर सेवाएं नहीं मिल पा रहीं और उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि 23 जनवरी 2026 तक संतोषगढ़ पटवार हलके में पटवारी की स्थायी नियुक्ति नहीं की गई, तो मजबूरन शहरवासियों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन की जानकारी पहले ही प्रशासन व सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाई जा रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि पटवारी न होने से जमीन से जुड़े छोटे-छोटे काम महीनों तक लटके रहते हैं, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानी बढ़ रही है। अब क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन पर टिकी है कि क्या समय रहते इस गंभीर समस्या का समाधान किया जाएगा या फिर शहर को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## तेंदुए की दहशत से ग्रामीण भयभीत

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** समीपवर्ती पंचायत डुहल भंटवाला वार्ड नंबर-3 में तेंदुए की दहशत बनी हुई है। गांव की युवती ने तेंदुए की सूचना अपने पिता को दी थी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, ज्ञान चंद ने स्थानीय प्रधान राजेश कुमार को मामले से अवगत कराया था। प्रधान ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रेंज ऑफिसर, भरवाईं, नरेंद्र पटियाल को घटना की जानकारी दी। वन विभाग ने इस सूचना को गंभीरता से लिया और क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कदम उठाए। विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए, मौके पर एक पिंजरा (पिंजरा) स्थापित कर दिया गया है। रेंज ऑफिसर नरेंद्र पटियाल और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर वार्ड नंबर-3 के निवासियों से मुलाकात की और उन्हें तेंदुए के खतरे के प्रति जागरूक किया। लोगों को सलाह दी गई है कि वे रात के समय अपनी बाहरी लाइटें जलाकर रखें व अंधेरे में अकेले बाहर न निकलें। इसके अतिरिक्त, विभाग ने निवासियों से किसी भी आपात स्थिति या खतरे का आभास होने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करने का आग्रह किया है। विभाग ने लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## संगठनात्मक मजबूती व आगामी कार्यक्रमों को लेकर बनाई रणनीति


अंब भाजपा मंडल महिला मोर्चा की बैठक में हिस्सा लेने वाले पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अंब।** मंगलवार को भाजपा कार्यालय अंब में महिला मोर्चा चिंतपूर्णी अपर मंडल की परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में महिला मोर्चा की समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक व पूर्व जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह ने महिला मोर्चा की भूमिका, संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के अद्यतन की प्रक्रिया तथा मनरेगा से जुड़े मुद्दों पर भी महिला कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया। पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है और भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महिला मोर्चा की अहम भूमिका है। बैठक के अंत में संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई गई तथा सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, अपर मंडल अध्यक्ष कृपाल ठाकुर, अपर मंडल प्रभारी राजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष रविंदर द्विवेदी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शंभु गोस्वामी, ऊपर मंडल महामंत्री कुलदीप ठाकुर और सुनीता धीमान, मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा महिला मोर्चा ऊपर मंडल अध्यक्ष राधा कुमारी, नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान, कुठेड़ा खेरला प्रधान शालिनी गोस्वामी, ज्योति ठाकुर, नंदिनी, पूनम शर्मा, स्वर्णा देवी, पूजा ठाकुर, मीणा कुमारी, मोनिका ठाकुर, उर्मिला देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निजी स्कूलों की मान्यता व नवीनीकरण के लिए 15 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन

अनंत ज्ञान

**ऊना।** स्कूल शिक्षा उपनिदेशक (प्रारंभिक) ऊना द्वारा जिला ऊना के सभी निजी विद्यालयों के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की मान्यता व नवीनीकरण प्रक्रिया से संबंधित शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उपनिदेशक, ऊना सोमलाल धीमान ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 2(एन) उपखंड (दो) व (चार) के तहत सभी निजी विद्यालयों के प्रबंधकों को प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के आरंभ से कम से कम 15 दिन पूर्व निर्धारित प्रपत्र पर अपना स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

इसके लिए आवेदन ऑनलाइन माध्यम से 15 मार्च तक वेबसाइट पर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन निजी शिक्षण संस्थानों की मान्यता अवधि पांच वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें नई मान्यता के लिए आवेदन करना होगा तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित फाइल संबंधित कार्यालय में भी जमा करवानी होगी। निरीक्षण एवं मान्यता प्रदान करने कक्षा 1 से 8 तक 10 हजार रुपए, कक्षा 6 से 8 तक तक 5 हजार रुपए तथा वार्षिक नवीनीकरण शुल्क 500 रुपए ऑनलाइन माध्यम से सरकारी कोष में जमा करवाना होगा। यदि कोई निजी विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त किए अथवा मान्यता अस्वीकृत होने के बावजूद संचालित पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 18(5) के अंतर्गत जुर्माने सहित कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। सभी निजी विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि धारा 12(1)(सी) के अंतर्गत गैर-सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रवेश स्तर पर कुल संख्या के 25 प्रतिशत सीटें कमजोर वर्ग व वंचित समूह के बच्चों के लिए अनिवार्य रूप से आरक्षित रखी जाएं। विद्यालयों में योग्य अध्यापकों का चयन धारा 23(1) के तहत निर्धारित मानकों के अनुसार करने, विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित भवन, स्वच्छता तथा पर्याप्त संख्या में शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## श्रीकृष्ण जन्म की कथा से भावविभोर हुए श्रद्धालु

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** ग्राम टकारला में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन कथा स्थल भक्ति और श्रद्धा के रंग में सराबोर नजर आया।

इस अवसर पर कथा वाचक स्वामी नारायण पुरी महाराज ने अजामल उपाख्यान तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य कथा का अत्यंत भावपूर्ण और विस्तार से वर्णन किया। उनकी ओजस्वी वाणी और सरल व्याख्या ने श्रोताओं को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान स्वामी नारायण पुरी महाराज ने अजामल प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान के नाम का स्मरण व्यक्ति के जीवन को पतन से उबारकर मोक्ष की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि चाहे मनुष्य कितना भी भटका हुआ क्यों न हो, सच्चे हृदय से भगवान का स्मरण उसे सद्मार्ग पर ले आता है। इसके उपरांत श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए उन्होंने भगवान के अवतार का उद्देश्य, अधर्म के नाश


चौथे दिन अजामल प्रसंग व श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

और धर्म की स्थापना को विस्तार से समझाया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरे पंडाल में 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष गूंज उठे। नारायण पुरी महाराज ने अपने प्रवचन में यह भी बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण क्यों आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा न केवल आध्यात्मिक ज्ञान देती है, बल्कि मनुष्य के जीवन में सकारात्मक सोच, संयम, करुणा और सत्य के मूल्यों को स्थापित करती है। आज के तनावपूर्ण जीवन में भागवत कथा मन को शांति और आत्मा को बल प्रदान करती है। इस अवसर पर कथा स्थल पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी व धर्मप्रेमी भी कथा श्रवण के लिए पहुंचे और आयोजन की सराहना की। कथा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के आगामी दिनों में भी विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा और अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने की अपील की।

## पटवारियों के 20 पद सेवानिवृत्त अधिकारियों से भरे जाएंगे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डीसी कार्यालय ऊना में राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों से 20 पद पटवारियों के पारिश्रमिक आधार पर भरे जाएंगे। डीसी ने बताया कि सेवानिवृत्त अधिकारी अपना आवेदन पात्र सभी अनिवार्य प्रमाण-पत्रों के साथ डीसी कार्यालय के कमरा नं. 313 में 27 जनवरी सायं 3 बजे से पहले जमा करवाना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन न पहुंचने की स्थिति में आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। इच्छुक आवेदकर्ता पदों से संबंधित नियम एवं शर्तें और आवेदन फॉर्म httpÑ//hpuna.nic.in डाउनलोड कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि आवेदक द्वारा सेवानिवृत्ति से पहले प्रदेश के राजस्व विभाग के किसी भी विंग में न्यूनतम 5 वर्ष की सेवाएं प्रदान की हो तथा उनके खिलाफ कोई विभागीय/ अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित नही होनी चाहिए।

## नितिन के नेतृत्व में भाजपा होगी और मजबूतः राजेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** नितिन नबीन के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व में भाजपा व अधिक मजबूत होगी तथा संगठन को नई दिशा मिलेगी। पूर्व विधायक ने राष्ट्रीय नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता के समर्पण, मेहनत व क्षमता के आधार पर उसे आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। नितिन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि है और यहां कार्यकर्ता सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां एक ओर भाजपा में कार्यकर्ता संस्कृति है, वहीं अन्य दलों में परिवारवाद हावी हैं।

## बैंक की भिन्न-भिन्न ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में किया जागरूक

अनंत ज्ञान

**संतोषगढ़।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा संतोषगढ़ द्वारा आयोजित एवं नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय सह डिजिटल साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को ग्राम पंचयात खानपुर के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में करीब 110 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के मैनेजर कुलदीप सिंह माहल द्वारा लोगों को बैंक की भिन्न-भिन्न ऋण संबंधी योजनाओं बारे जागरूक किया।



उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, सेल्फ हेल्प ग्रुप, गृह ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन फसल बीमा योजना सामाजिक सुरक्षा पेंशन अटल बीमा योजना, और एटीएम साइबर क्राइम के बारे में लोगों को जागरूक किया शाखा प्रबंधक कुलदीप सिंह माहल ने अपने संबोधन में कहा की अगर आपको कोई भी फ्रॉड कॉल आती है, तो आप इस बारे बैंक में आकर या फोन के माध्यम से बैंक कर्मचारियों से सलाह मशवरा करें और किसी को भी अपना बैंक अकाउंट नंबर या एटीएम नंबर ना दें। उन्होंने कहा कि फ्रॉड कॉल के जरिए कई लोगों के खाते से पैसे निकल चुके हैं, तो इसमें सतर्कता जरूरी है। उन्होंने बचत योजना के बारे में भी लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक कुलवंत सिंह ठाकुर, अनूप सिंह, उपप्रधान हरि चंद, कमल देव, योग राज, देव राज सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना से 85,826 किसान लाभान्वित

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना किसानों के लिए एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। यह योजना किसानों को उन्नत, टिकाऊ और लाभकारी खेती के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण बीज, पौध संरक्षण सामग्री एवं खाद उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभा रही है।

कृषि उपनिदेशक कुलभूषण धीमान ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के विजन के अनुरूप ऊना जिला में इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर बीज एवं खाद पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही पेखुबेला स्थित सरकारी फार्म एवं मृदा प्रशिक्षण प्रयोगशाला के लिए भी नियमित बजट का प्रावधान किया गया है। बीते तीन वर्षों में 8.78 करोड़ रुपए व्यय कर 85,826 किसानों को योजना से लाभान्वित किया गया है। इनमें वर्ष 2023-24 में 3.19 करोड़ रुपए खर्च कर 15,377, वर्ष 2024-25 में 3.16 करोड़ रुपए खर्च कर 48,646 तथा वर्ष 2025-26 में 2.43 करोड़ रुपए व्यय कर 21,803 किसानों को लाभ पहुंचाया गया है।

### मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के मुख्य घटक

मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के अंतर्गत समूह आधारित सब्जी उत्पादन योजना, आदान आधारित उपदान योजना (बीज, पौध संरक्षण सामग्री एवं खाद), बीज गुणन श्रृंखला की सुदृढ़ता और प्रयोगशालाओं का सशक्तिकरण जैसे घटक शामिल हैं।

### आदान आधारित उपदान योजना

**बीज** को कृषि का सबसे महत्वपूर्ण आदान मानते हुए सरकार द्वारा किसानों को अनाज, दाल, तिलहन एवं चारा फसलों के बीजों पर 50 प्रतिशत अनुदान, जबकि आलू, अदरक और हल्दी के बीजों पर 25 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मिश्रित खादों पर भी उपदान दिया जा रहा है।

### समूह आधारित सब्जी उत्पादन योजना

**प्रदेश** में सब्जी उत्पादन की अपार संभावनाओं को साकार करने के लिए कृषि विभाग द्वारा समूह पद्धति के माध्यम से सब्जी उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पहल से न केवल सब्जी फसलों के उत्पादन में वृद्धि हो रही है, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही युवा एवं महिला किसानों को कृषि व्यवसाय और लघु उद्योगों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

**प्राथमिकता** विधायक विवेक ने टक्का में रास्तों का किया औचक निरीक्षण, कुटलैहड़ को विकास का मॉडल बनाना हमारा लक्ष्य

# रास्ते, सड़क निर्माण कार्यों में न हो भूमि विवाद

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने टक्का पंचायत का दौरा कर क्षेत्र में प्रस्तावित व निर्माणाधीन रास्तों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए विकास कार्यों में सहयोग की अपील की और स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान और ग्रामीण रास्तों के निर्माण के लिए भूमि को लेकर आपसी विवाद न करें।

उन्होंने कहा कि यदि गांव के लोग मिलकर सहयोग करें, तो क्षेत्र का विकास तेजी से और बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सकता है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के हर घर तक पक्के रास्ते का निर्माण करना और प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें और पक्के रास्ते केवल आवागमन की सुविधा ही नहीं देते, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देते हैं इसलिए इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। विधायक विवेक शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि पक्के रास्तों, सड़कों अथवा अन्य विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कई बार भूमि विवादों के कारण स्वीकृत योजनाएं समय पर शुरू नहीं हो पातीं या अधर में लटक जाती हैं, जिससे पूरे गांव को नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने अपील की कि जहां भी किसी विकास कार्य के लिए धन स्वीकृत हो चुका है, वहां पर ग्रामीण भूमि विवाद न करें, ताकि कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरे हो सकें। विवेक शर्मा ने कहा कि तभी कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र विकास का मॉडल बन सकेगा, जब लोग व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर सामूहिक विकास के बारे में सोचेंगे। उन्होंने कहा कि सड़कें और रास्ते किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे गांव और आने वाली पीढ़ियों के लिए होते हैं। अपने पौने दो वर्षों के विधायक कार्यकाल का उल्लेख करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि इस अवधि में हम ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति दी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। कई सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि कई नई सड़क परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन आसान हुआ है और लोगों को दैनिक जीवन में सुविधा मिली है। कुटलैहड़ में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर बोलते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि स्कूलों के भवनों में सुधार, अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे लोगों को बेहतर इलाज अपने ही क्षेत्र में मिल सके।

## ईशांत ने राष्ट्रीय कबड्डी में रचा स्वर्णिम इतिहास

**लठियानी।** उपमंडल बंगाणा की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के प्रतिभाशाली छात्र ईशांत ठाकुर ने अंडर-17 राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय फलक पर रोशन कर दिया है। तेलंगाना में 7 से 13 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय विद्यालयी अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ईशांत ने अपनी फुर्ती, साहस, रणनीतिक कौशल और अनुशासन से सभी को प्रभावित किया। कुलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता के मूल में विद्यालय के समर्पित शारीरिक शिक्षक अशोक धीमान का प्रेरणादायी मार्गदर्शन रहा।



उनकी कुशल प्रशिक्षण पद्धति, अनुशासित अभ्यास व निरंतर प्रोत्साहन ने ईशांत की छिपी प्रतिभा को निखार कर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। समय रहते ईशांत की खेल क्षमता को पहचानकर उसे सही दिशा देना अशोक धीमान की दूरदर्शिता और अनुभव का प्रमाण है। ईशांत की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ईशांत की उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि यदि समर्पण, कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन मिले, तो ग्रामीण पृष्ठभूमि के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी सशक्त पहचान बना सकते हैं। विधायक ने शारीरिक शिक्षक अशोक धीमान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक ही विद्यार्थियों के सपनों को पंख देते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बताया कि अशोक धीमान विद्यार्थियों को निरंतर खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं और उन्हें अनुशासन, फिटनेस व खेल भावना का महत्व सिखाते हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के कबड्डी खिलाड़ी लगातार ब्लॉक व जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर रहे हैं, जो उनकी मेहनत और उत्कृष्ट प्रशिक्षण का जीवंत उदाहरण है।

## नितिन को अजय ठाकुर ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राज्य भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हाईकमान द्वारा एक युवा नेतृत्व को राष्ट्रीय जिम्मेदारी सौंपना देश के करोड़ों युवाओं के लिए सम्मान और प्रेरणा का विषय है। यह निर्णय संगठन की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है और इससे युवाओं की भूमिका और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन एक ऊर्जावान, कर्मठ और दूरदर्शी नेता हैं, जो युवाओं को भाजपा से जोड़कर संगठन को नई मजबूती देंगे। उनके नेतृत्व में युवाओं की आकांक्षाओं, विचारों और सपनों को प्राथमिकता मिलेगी और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को नई दिशा प्राप्त होगी। अजय ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुभव, परिश्रम और संगठनात्मक कौशल से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा और अधिक सशक्त होकर देशहित में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

## नितिन नबीन के निर्विरोध राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष बनने पर कुटलैहड़ में खुशी, भुट्टो ने दी बधाई

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने भाजपा के नव नियुक्त एवं निर्वाचित 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को कुटलैहड़ भाजपा मंडल तथा समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना न केवल पार्टी के लिए, बल्कि देश के करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व व उत्साह का विषय है। भुट्टो ने कहा कि भाजपा आज देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पार्टी की मजबूत विचार धारा, अनुशासित संगठन व समर्पित कार्यकर्ताओं की देन है। भाजपा ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है और इसी कारण जनता का भरोसा लगातार पार्टी के साथ मजबूत हुआ है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो संस्कारों से ओतप्रोत है। पार्टी की नींव भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और सेवा भावना पर टिकी हुई है। यहां राजनीति को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का माध्यम माना जाता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इसी भावना के साथ संगठन के लिए काम करता है। भुट्टो ने कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान मिलता है। चाहे वह बूथ स्तर का कार्यकर्ता हो या राष्ट्रीय स्तर का नेता, सभी को समान रूप से सम्मान व अवसर प्रदान किए जाते हैं।

पार्टी में कार्यकर्ता आधारित संगठनात्मक ढांचा है, जहां मेहनत, निष्ठा और समर्पण के आधार पर जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। यही कारण है कि भाजपा का संगठन आज इतना मजबूत और प्रभावी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा और अधिक सशक्त होगी। नितिन नबीन एक अनुभवी, कर्मठ व जमीनी स्तर से जुड़े हुए नेता हैं। उन्होंने संगठन में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है और कार्यकर्ताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से संगठन में नई ऊर्जा, उत्साह व दिशा मिलेगी। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी को और मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### माता हिडिंबा की पूजा व झांकियों को हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आगाज

# 299 महिला मंडलों की झांकियों से संस्कृति के रंगों में रंगी मनाली

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली में मंगलवार से राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आगाज हो गया है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने माता हिडिंबा के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत झांकियों को हरी झंडी दिखाकर विंटर कार्निवाल का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर देशभर से आए सांस्कृतिक दलों के साथ-साथ 299 महिला मंडलों ने पारंपरिक वेशभूषा में रंग-बिरंगी झांकियां निकालकर मनाली को संस्कृति से सराबोर कर दिया। झांकियों में सामाजिक संदेशों, लोक परंपराओं व हिमाचली संस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिली। मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, मिल्क फेडरेशन के चेयरमैन बुद्धि सिंह ठाकुर, एपीएमसी के चेयरमैन राम सिंह मियां सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री द्वारा झांकियों को हरी झंडी दिखाते ही सर्किट हाउस से माल रोड मनाली तक पूरा क्षेत्र उत्सव के माहौल में बदल गया। कार्निवाल परेड को देखने के लिए हजारों स्थानीय लोग और पर्यटक सड़कों पर उमड़ पड़े।

महिला मंडलों की झांकियों ने जीवन के विभिन्न रंगों को प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत को झांकियों के माध्यम से बखूबी प्रदर्शित किया। झांकियों के जरिए पारंपरिक परिवेश, सामाजिक सरोकारों और लोकजीवन का संदेश दिया गया। विंटर कार्निवाल के तहत शरद सुंदरी प्रतियोगिता के ऑडिशन पहले ही संपन्न हो चुके हैं, जिनमें देशभर से प्रतिभागियों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता के पहले राउंड में 30 प्रतिभागी भाग लेंगी। वहीं, वॉयस ऑफ विंटर कार्निवाल के कलाकार भी मनु रंगशाला में अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। कार्निवाल परेड में खरोगी, बलसारी, भांडका, जगतसुख, वशिष्ठ, सियाल, अलेउ, चिचोगा, ढुंगरी, प्रीणी, रायसन, मनाली गांव, पलचान, सिमसा, बडाग्रां, कन्याल, बश्कोला, बंदरोल, जोला, धमसू, कलाथ, नेरी, डोभा, शिमली, रामपुर, 17 मील सहित कुल 299 महिला मंडलों ने विभिन्न थीम पर आधारित झांकियां प्रस्तुत कीं। झांकियों में स्थानीय परंपरागत विवाह और डोली, सराज घाटी के फागली उत्सव का मुखौटा नृत्य, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अनाज पर आधारित झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कुल मिलाकर, माता हिडिंबा की छत्रछाया में शुरू हुआ राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल मनाली को एक बार फिर लोकसंस्कृति, उत्सव और पर्यटन के रंगों में रंग गया।



सीएम मनाली में परेड को हरी झंडी दिखाकर विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

## महिलाओं ने झांकियों से फैलाई जागरूकता

**कार्निवाल** परेड में निकली झांकियों के माध्यम से महिलाओं ने जहां अपनी संस्कृति की झलक को पेश की वहीं, विभिन्न झांकियों के माध्यम से जागरूकता का संदेश भी दिया। इस मौके पर 299 महिला मंडलों की सैकड़ों महिललों ने अपनी पारंपरिक कुलवी वेशभूषा में परिधि गृह से लेकर मालरोड तक परेड के माध्यम से विभिन्न झांकियां निकाली जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। महिलाओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशे के दुष्प्रभावों, स्वच्छता, अपने पारंपरिक अनाजों, पर्यावरण का संदेश देने के साथ ही अपनी वेशभूषा को भी प्रदर्शित किया। वहीं, महिला मंडलों ने पौष्टिक आहार और पुराने अनाज को लेकर भी जागरूक किया।मालरोड में हिमाचल की ठेठ पहाड़ी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती और सामाजिक जागरूकता का संदेश देतीं भव्य सांस्कृतिक झांकियों को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मालरोड के दोनों ओर पर्यटक और स्थानीय लोग झांकियों की तस्वीरें मोबाइल में कैद करते नजर आए।

# मनाली शरदोत्सव में टांकरी लिपि को लेकर अनूठी पहल

अनंत ज्ञान

**मनाली।** राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल 2026 के पहले दिन मंगलवार को जहां विभिन्न महिला मंडलों ने झांकियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

वहीं कुल्लू जिले के कोठी सारी के ब्लोह्नि गांव के महिला मंडल ने एक अनूठी पहल की है। मनाली में हो रहे शरदोत्सव में इस महिला मंडल ने हिमाचल की लुप्त प्राय: टांकरी लिपि के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया है। उन्होंने टांकरी लिपि द्वारा पर्यावरण संदेश हमारा इस विषय को लेकर अपना प्रदर्शन किया। यह हिमाचल का पहला महिला मंडल बना जिसने टांकरी लिपि में पर्यावरण संदेश प्रदर्शित कर प्रोत्साहन इस लिपि का बढ़ाया। भुवनेश्वरी महिला मण्डल के प्रधान संगीता ठाकुर ने बताया कि किसी समय यह लिपि हमारे राज्य तथा पड़ोसी राज्य उतराखण्ड की आधिकारिक लिपि हुआ करती थी। उत्तरी हिमालय में यही प्रचलती थी। आज भी इस लिपि में कई शिलालेख प्राप्त होते हैं। हमने यह कदम इसलिए उठाया ताकि हमारी पुरातन संस्कृति फिर से इन पहाड़ों में जन्म ले और चैन की सांस लें, क्योंकि जैसे हमें अपनी मातृ भूमि से प्रेम करते हैं। उसके प्रति हमारा कर्तव्य समर्पण होता है ठीक वैसे ही हमारा दायित्व बनता है कि उसी मातृ भूमि से जुड़ी भाषा, लिपि का भी हम सरंक्षण हम करें । उन्होंने यह भी बताया कि जब हम दूसरे राज्यों को देखते हैं, उदहारण के लिए पंजाब जो हमारा पड़ोसी राज्य है वह अपनी लिपि से किंतना प्रेम करते हैं उसी में लिखते है तो पढ़ते हैं। उनके प्रदेश में हर जगह उसी गुरुमुखी लिपि में प्रचार प्रसार होता है यहां तक कि उसी लिपि में पढ़ाया भी जाता है। इसीलिए आज भी उनकी संस्कृति जीवंत है , फलती फूलती नजर आ रही है। ऐसे ही अन्य राज्यों की भी अपनी लिपि है। तो हमारा अस्तित्व कहां है ? हमारी लिपि कहां है।? यह प्रश्न है? इसीलिए टांकरी लिपि को अस्तित्व में लाने के लिए हमने यह अनूठी पहल की है। साथ ही उन्होंने बताया कि हमें इस लिपि में लिखने के लिए तथा प्रचार के लिए हिम संस्कृति शोध संस्थान के संस्थापक डॉ. यज्ञ दत्त से प्रेरणा मिली जो इस टांकरी लिपि पर पिछले 18 वर्षों से कार्य कर रहें ।

इसी संस्था के कुल्लू जिला के अध्यक्ष डॉ. रिपुदमन पंडित की सहायता से हम इसे लिख पाए। यह हमारी प्राचीन लिपि है, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी आदि का समावेश बाद में होने से हम अपनी लिपि में लिखना भूल गए, यदि हम अपनी मूल जड़ों से जुड़े रहेंगे तो ही हमारी संस्कृति फलेगी फुलेगी वरना जजिस वृक्ष की जड़ें सुख जाती है । वह वृक्ष भी एक दिन सुख जाता है। हमें अपनी संस्कृति को बचाने के लिए उसे अपनाने के लिये भरसक प्रयास करना चाहिए। उसके बाद दूसरे नंबर पर बाकी चिंजो को रखना चाहिए। हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है ।



झांकी के माध्यम से टांकरी लिपि द्वारा पर्यावरण का संदेश देते हुए। अनंत ज्ञान

## अनुपयोगी वस्तुओं की खुली नीलामी 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** स्टेशन हाउस ऑफिसर कुल्लू द्वारा जानकारी दी गई कि पुलिस थाना, राज्य सतर्कता व भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो कुल्लू द्वारा अनुपयोगी/कंडम घोषित किए गए स्टोर सामान की खुली नीलामी की जाएगी। यह नीलामी 27 जनवरी को सुबह 11:30 बजे पुलिस थाना परिसर, कुल्लू में पुलिस उपाधीक्षक, केलांग की अध्यक्षता में संपन्न होगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में शामिल होने वाली वस्तुओं का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 से शाम 5 बजे के बीच पुलिस थाना कुल्लू में कर सकते हैं। नीलामी में भाग लेने से पहले प्रत्येक बोलीदाता को 500 रुपए की धरोहर राशि जमा करानी होगी। उच्चतम बोलीदाता को बोली समाप्त होते ही पूरी राशि मौके पर जमा करनी होगी। पूर्व में जमा की गई धरोहर राशि को अंतिम बोली राशि में समायोजित कर दिया जाएगा। सफल बोलीदाता को नीलामी की गई वस्तुओं को तुरंत थाना परिसर से हटाना होगा। नीलामी अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

## सीएम साहब! पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का हो एकमुश्त भुगतान: एलआर गुलशन

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से परिधि गृह मनाली में मिला। इस मौके पर उन्हें संघ का पांच सूत्रीय 'मांगपत्र' सौंपा।

प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांगपत्र में एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स के संशोधित वेतनमान की सभी लंबित वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान करने, एक जुलाई, 2023 से देय मंहगाई भत्ते की पांच किस्तों का लंबित 13 प्रतिशत मंहगाई भत्ता जल्द जारी करने, जनवरी 2022 से देय करीब 120 महीनों के मंहगाई भत्ते के बकाया एरियर का एकमुश्त भुगतान करने, पेंशनरों के मेडिकल बिलों के एकमुश्त भुगतान के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान करने तथा जिला कुल्लू सहित सभी जिला मुख्यालयों में 'पेंशनर भवन' के निर्माण के लिए 10 बिस्वा भूमि आवंटित करने की प्रमुखता से मांग की गई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जैसे ही केंद्र से धन का प्रावधान होगा पेंशनरों और कर्मचारियों की सभी वित्तीय देनदारियों का भुगतान कर दिया जाएगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, एसपी सागर, तेजा सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) चिंतपूर्णा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, मनाली खंड के अध्यक्ष नील चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलम चंद, जिला मंडी पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा, भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार दत शर्मा, शहरी कुल्लू इकाई के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, बंजार खंड के महासचिव शेर सिंह ठाकुर, डोले राम, अशोक कुमार, हरिचंद, अर्चना शर्मा सहित अनेक पेंशनर मौजूद रहे।

# 250 करोड़ से बनेगा मनाली रिवर फ्रंट: सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंगलवार को पर्यटन नगरी मनाली में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले विंटर कार्निवल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 300 झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा माल रोड पहुंचने पर इन झांकियों का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 250 करोड़ रुपए की लागत से रिवर फ्रंट विकसित करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने परिधि गृह मनाली के नए भवन में अतिरिक्त पांच कमरे बनाने, मनाली क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा के लिए आवश्यक सात चिन्हित स्थानों के लिए सुरक्षा दीवार लगाने, ओल्ड मनाली में दो करोड़ की लागत से पार्किंग निर्माण तथा गांव सोलंग तथा कराल में भूस्खलन के न्यूनीकरण संबंधी कार्यों के लिए 25-25 लाख रुपए प्रदान करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों और अतिथि-सत्कार परंपरा के कारण देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। प्रदेश में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या में पर्यटक आते हैं। राज्य सरकार प्रदेश में आने वाले पर्यटकों के अनुभवों को यादगार बनाने के उद्देश्य से प्रमुख पर्यटन स्थलों पर विंटर कार्निवाल जैसे भव्य आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। सुक्खू ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार है। राज्य सरकार का लक्ष्य प्रदेश को प्राकृतिक, धार्मिक, साहसिक, आध्यात्मिक तथा स्वास्थ्य पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस दिशा में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 'ग्रीन हिमाचल बॉयोडायवर्सिटी पार्क' तथा नदियों के किनारे पार्क विकसित किए जा रहे हैं।इस अवसर पर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी, मिल्क फेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, राज्य जल प्रबंधन के अध्यक्ष शशि शर्मा, एपीएमसी कुल्लू व लाहौल- स्पीति के अध्यक्ष मियां राम सिंह, रेडक्रॉस सोसायटी के जिला कोऑर्डिनेटर चंद्रशेखर शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेस राम आजाद, कांग्रेस नेता राजीव किमटा, जिला परिषद कुल्लू, नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण तथा पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशिक भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करती डीसी कुल्लू व शरदोत्सव आयोजन समिति की अध्यक्ष तथा मौजूद अन्य गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

## सीएम ने मनाली को दी 63.56 करोड़ की सौगात

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने मंगलवार को कुल्लू जिला के मनाली विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान 63 करोड़ 55 लाख रुपए की 8 परियोजनाओं के उद्घाटन तथा शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ 69 लाख रुपए की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नथाण-जाणा सड़क के उन्नयन कार्य, 5 करोड़ 4 लाख रुपए की लागत से मनाली-कनयाल सड़क के स्तरोन्नत कार्य तथा नाबार्ड के तहत 13 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित बबेली जिंदौड़ सड़क के मैटलिंग एवं टायरिंग कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने 13 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 33/11 केवी जीआईएस बिजली सब-स्टेशन आईबैक्स चौक मनाली, 15 करोड़ रुपए की लागत से रांगडी में ब्यास नदी पर पुल के निर्माण, 2 करोड़ 90 लाख रुपए से रांगड़ी तथा बटाहर क्षेत्र के लिए ब्यास नदी के बाएं तट पर भूस्खलन नियंत्रण निवारण उपाय कार्य, एक करोड़ रुपये की लागत से कलाथ में हॉट वाटर स्नान सुविधा के कार्य तथा 2 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से जिला पंचायत संसाधन केंद्र, बाशिंग, कुल्लू का शिलान्यास भी किया।

### विधायक ने जताया आभार

**विधायक** भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली क्षेत्र में हुए विकास कार्यों तथा बाढ़ नियंत्रण के लिए करोड़ों रुपये आवंटित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केवल मनाली शहर में ही 500 करोड़ रुपये से विकास कार्य हुए हैं। वहीं, उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सीएम का स्वागत किया तथा उत्सव के आयोजन के बारे में जानकारी दी।

### 16 नए हेलिपोर्ट होंगे विकसित

**प्रदेश** में कुल 16 नए हेलिपोर्ट विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में हमीरपुर के जसकोट, कांगड़ा के रक्कड़, पालमपुर, चंबा के सुल्तानपुर, कुल्लू के आलू ग्राउंड और मनाली, किन्नौर के शाबो तथा लाहौल-स्पीति के जिस्पा, सिस्सू और रंगरिक में नौ हेलीपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं, जबकि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार की प्रक्रिया भी प्रगति पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### तीर्थन घाटी गुशैनी में उपडाकघर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान तीर्थन।** जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल की तीर्थन घाटी स्थित गुशैनी में 19 जनवरी 2026 से उपडाकघर का विधिवत शुभारंभ हो गया, अब क्षेत्र के लोग डाक, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यों के लिए बंजार या कुल्लू नहीं जाना पड़ता। उद्घाटन मंडी प्रभाग के मुख्य अधीक्षक डाकघर संजय कुमार ने किया। इस उप डाकघर में आधार अपडेट, बैंक खाता खोलना, पैन कार्ड, बीमा दस्तावेज, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन, मनरेगा खाते और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्य होंगे। यह सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता के लिए बैंक की तरह कार्य करेगा। गुशैनी उप डाकघर के साथ बठाहड़, तूंग, नोहांडा, रोपा, शरची, गहीधार, कलबारी और श्रीकोट उप डाकघर भी जुड़े हैं। इससे लगभग 40 हजार लोगों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### बिजनेस प्लानिंग पर मिला व्यावहारिक मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के होटल सिटी चॉइस इन, पीरडी मौहल में उद्यमियों, स्टार्टअप्स और लघु व्यवसायों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसे उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यशाला में चमन लाल ने व्यापार से जुड़े नियम, जैम पोर्टल पंजीकरण, टेंडरिंग और सरकारी खरीद प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया। प्रो. मनीष सूद ने बिजनेस प्लानिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट पर मार्गदर्शन करते हुए बजटिंग, कैश फ्लो, लागत नियंत्रण और निवेश की रणनीति सिखाई। जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी भी मौजूद रहे। करीब 60 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया और इसे ज्ञानवर्धक बताया। आयोजकों ने कहा कि इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं और उद्यमियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म और सरकारी ई-मार्केटप्लेस से जोड़कर व्यवसायिक साक्षरता और आत्मनिर्भरता बढ़ाना है। भविष्य में ऐसे और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### हिमालयी क्षेत्रों में बाढ़ जोखिम में कमी का प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले जैसे हिमालयी संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना हाईफ्लो-ऐप सक्रिय रूप से कार्यरत है। यह परियोजना यूनिवर्सिटी ऑफ कम्ब्रिया (यूके) के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली, गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान, यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लॉसेस्टरशायर, कारिटास इंडिया और क्लाइमेट बी वेंचर के सहयोग से संचालित की जा रही है। हाईफ्लो-ऐप एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो ऐतिहासिक बाढ़ डेटा, नदी प्रवाह, वर्षा पैटर्न और जोखिम मानचित्रों को एकीकृत करके स्थानीय समुदायों, प्रशासन और नीति निर्माताओं को आपदाओं के प्रति सतर्क और सक्षम बनाता है। परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएँ और सहभागी अनुसंधान गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह ऐप भविष्य में हिमालयी क्षेत्रों के लिए जलवायु-आधारित योजना निर्माण, नीति विकास और आपदा जोखिम न्यूनीकरण में एक प्रभावी उपकरण साबित होगा। साथ ही, भारत-ब्रिटेन के बीच शैक्षणिक और शोध सहयोग को भी नई मजबूती मिलेगी।

### पर्यटक सुरक्षा को लेकर किया संयुक्त निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति में एसडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त कुनिका एकर्स ने 19 जनवरी 2026 को अटल टनल सिस्सू एवं आसपास के क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। डीएसपी रश्मि शर्मा और नायब तहसीलदार लाहौल भी उपस्थित थे। पर्यटकों को नदी किनारों, ऊंचे और फिसलन भरे क्षेत्रों से दूर रहने की चेतावनी दी गई। 20 जनवरी को केलांग में समीक्षा बैठक में पर्यटक सुरक्षा, चेतावनी बोर्ड, फेंसिंग, वाहनों की उपलब्धता, प्री-फैब्रिकेटेड टॉयलेट्स, अटल कैफे के जीर्णोद्धार और सिस्सू वाटरफॉल पुल निर्माण पर चर्चा की गई। पुलिस, डीडीएमए, स्थानीय लोग और पीआरआई सदस्यों को जागरूकता अभियान और पेट्रोलिंग के लिए सक्रिय किया गया। ड्रिंक एंड ड्राइव रोकने और समय पर सूचना देने के लिए समूह गठित किए गए। एसडीएम कुनिका एकर्स ने सभी विभागों से सुझावों को प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया और पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के शुभारंभ मौके पर विभिन्न महिला मंडल की महिलाएं परेड के माध्यम से झांकियां निकालकर जागरूकता का संदेश देती हुईं। अनंत ज्ञान

## संदिग्ध 'पाकिस्तानी गुब्बारा' मिलने से हड़कंप, पुलिस अलर्ट

**अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जिले के निथर क्षेत्र के बश्ला गांव में संदिग्ध पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के लोगो वाला विमान के आकार का एक गुब्बारा मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्रधान ने फौरन इसकी जानकारी एसडीएम निरमंड को दी, जिन्होंने गुब्बारे को किसी को भी न छूने की हिदायत दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गुब्बारे को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गांव के एक खेत में विमान के आकार का गुब्बारा देख ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।क्षेत्र में गुब्बारा मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई है. जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शिल्ली के प्रधान जोगिंद्र ठाकुर को वार्ड नंबर पांच की सदस्य रजनी ने फोन कर खेत में पड़े इस गुब्बारे की सूचना दी। पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि पाकिस्तानी गुब्बारे को पुलिस टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। इसमें फिलहाल कोई जासूसी उपकरण या चिप जैसा संदेहास्पद कुछ नहीं मिला है। गुब्बारे को सुरक्षित रखा गया है और विस्तृत जांच जारी है। प्रशासन ने पंचायतों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश जारी किए हैं।

## बेसहारा पशुओं के चारे व आगामी फल सीजन पर मंथन

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल की मासिक बैठक मंगलवार को बागवान भवन में संपन्न हुई।

मंडल के अध्यक्ष प्रेम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में गौशालाओं में चारे के संकट, आगामी फल सीजन के लिए परिवहन व्यवस्था और बाढ़ सुरक्षा जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपप्रधान सुभाष नेगी सहित कार्यकारिणी के 28 सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रेम शर्मा ने बताया कि मंडल नवंबर माह से ही बेसहारा पशुओं की सेवा में जुटा है। अब तक मनाली, कटराई, रायसन और बंदरोल की गौशालाओं के लिए करीब 12 लाख रुपये का घास उपलब्ध करवाया जा चुका है। हालांकि, उन्होंने बढ़ती पशु संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मंडल के सीमित कोष से अकेले यह व्यवस्था करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं और दानवीरों से इस नेक कार्य में आर्थिक सहयोग देने की अपील की है।



कुल्लू फलोत्पादक मंडल की बैठक के दौरान चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

आगामी फल सीजन के दौरान बागवानों को माल ढुलाई में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए मंडल ने कमर कस ली है। आगामी 23 जनवरी को कुल्लू ट्रक यूनियन के साथ एक संयुक्त बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में पिछले साल की समस्याओं की समीक्षा की जाएगी और आगामी सीजन के लिए माल ढुलाई की दरों व सुचारू व्यवस्था की रूपरेखा तैयार की जाएगी। गत वर्ष ब्यास नदी में आई विनाशकारी बाढ़ से मंडल के प्रयोगशाला भवन को भारी क्षति पहुंची थी।

प्रेम शर्मा ने बताया कि मंडल ने अपने स्तर पर 17 लाख रुपये खर्च कर आरसीसी दीवार का निर्माण किया है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि अगली बरसात से पहले मंडल परिसर के साथ एक मजबूत सुरक्षा दीवार लगाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दीवार न केवल मंडल के भवन को बचाएगी, बल्कि पूरे माहिली गांव की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है।

**सवाल** पूछता है बंजार, विकास की दौड़ में कब तक पिछड़ा रहेगा आंतरिक सराज क्षेत्र

# बंजार की अनसुनी पुकार, कब जागेगा प्रशासन, कब सुनेगी सरकार

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** आजादी के बाद से लेकर आज तक सत्ता या शासन किसी भी राजनीतिक दल का रहा हो, लेकिन हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले का बंजार विधानसभा क्षेत्र, विशेषकर आंतरिक सराज, विकास की दौड़ में हमेशा पीछे छूटता रहा है। यह स्थिति अब केवल एक क्षेत्रीय शिकायत नहीं रही, बल्कि प्रशासनिक उपेक्षा और राजनीतिक उदासीनता का प्रतीक बन चुकी है।

यह सवाल सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेवानिवृत्त पर्यटन अधिकारी हेम राज शर्मा पलाच घाटी बंजार, ने एक बार फिर पूरे तथ्यों व ठोस तर्कों के साथ उठाया है। उनका कहना है कि बीते दो दशकों से अधिक समय से सड़क, सुरंग, पुल, पर्यटन ढांचा, सुरक्षा व मूलभूत सुविधाओं से जुड़े दर्जनों प्रस्ताव सरकारों व विभागों के समक्ष रखे जाते रहे हैं। कई बार इन्हें ज्ञापनों, बैठकों व यहां तक कि जनहित याचिकाओं के माध्यम से भी उठाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी जस की तस बनी हुई है। जलोड़ी दर्रे के नीचे प्रस्तावित यातायात सुरंग, जिसे आंतरिक सराज की जीवनरेखा माना जाता है, आज भी फाइलों में दबी हुई है। यह 20-30 वर्ष पुराना प्रस्ताव अब तक केवल 'विचाराधीन' ही बना हुआ है। इसी तरह एनएच-305 को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने से पहले सड़क को पूरी तरह चौड़ा करने का प्रस्ताव भी अधूरा पड़ा है, जिसका सीधा खामियाजा आम जनता, पर्यटन कारोबारिओं और पर्यटकों को भुगतना पड़ रहा है। पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद सरेउलसर झील, रघुपुर गढ़, बशलेउ दर्रा, तीर्थन घाटी और अन्य क्षेत्रों तक पहुंच मार्ग, सार्वजनिक शौचालय, पर्यटक सूचना केंद्र और वोल्वो स्टैंड जैसी बुनियादी सुविधाएं आज भी अधर में लटकी हुई हैं। लारजी से जलोड़ी दर्रे तक शौचालयों का अभाव, गुशेनी, जीभी व बठाहड़ में सार्वजनिक शौचालय का न होना प्रशासन की प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इन क्षेत्रों में सड़कों, पुलों की हालत और भी चिंताजनक बनी हुई है। एनएच-305 के जर्जर छोटे पुल, बंजार से गुशेनी बठाहड़ तक के पुल, जयपुर-पलाच, बंजार बठाहड़, गुशेनी पेखड़ी, शर्ची आदि सड़कों के ब्लैक स्पॉट, अधूरी लिंक सड़कें और बाढ़ में बहा औट पुल और अन्य छोटे पुल ये सभी केवल विकास नहीं, बल्कि जन सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दे हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग और प्रशासन की गंभीरता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। हेम राज शर्मा का कहना है कि कई गांवों के लोगों ने सड़क निर्माण के लिए अपनी उपजाऊ कृषि भूमि तक दान कर दी, लेकिन वर्षों बाद भी उन्हें उसका लाभ नहीं मिला। वहीं, युवाओं के लिए सार्वजनिक पुस्तकालय व खेल मैदानों जैसी बुनियादी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई, जिसके कारण नशे जैसी सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं।

### हिमालयन नेशनल पार्क बनने से हजारों लोग हुए प्रभावित

**वहीं** बंजार विधानसभा क्षेत्र में विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क बनने के बाद यहां की करीब 14 ग्राम पंचायतों के हजारों लोग प्रभावित हुए। पार्क क्षेत्र से इनके हक अधिकार छीन लिए गए। सरकार की ओर से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार देने के प्रयास नाकाफी साबित हुए है। इस कारण यहां के बेरोजगार युवा युवा गोवा, कर्नाटक व मनाली जैसे क्षेत्रों में रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। सबसे अहम सवाल धार्मिक व सांस्कृतिक दृष्टि से भी जुड़ा है। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान देवपरंपराओं के कारण सुरंगों का उपयोग नहीं किया जाता, ऐसे में आंतरिक व बाहरी सराज की जनता के लिए वैकल्पिक, सुरक्षित व सम्मानजनक मार्गों की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है।

### पूछता है बंजार

**क्या** आंतरिक सराज के लोग केवल चुनाव के समय याद किए जाने के लिए हैं? क्या विकास सिर्फ शहरी और सुलभ क्षेत्रों तक ही सीमित रहेगा? क्या पहाड़ों में रहने वाली जनता की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की कोई कीमत नहीं? अब समय आ गया है कि कुल्लू जिला प्रशासन, हिमाचल प्रदेश सरकार और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इन मुद्दों को केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर प्राथमिकता के आधार पर हल करें। यदि समय रहते ठोस निर्णय नहीं लिए गए, तो यह उपेक्षा आने वाले समय में एक बड़े सामाजिक और राजनीतिक असंतोष का कारण बन सकती है। आंतरिक सराज भी विकास चाहता है, बराबरी चाहता है और सम्मान चाहता है। अब सवाल यह नहीं कि समस्या क्या है, सवाल यह है कि सरकार और जनप्रतिनिधि कब जागेंगे?

## ट्रायर सिक्योरिटी सर्विस बद्दी के लिए सिक्योरिटी गार्ड के भरे जाएंगे 200 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू विनोद कुमार ने जानकारी दी कि ट्रायर सिक्योरिटी सर्विस बद्दी जिला सोलन (हिप्र) द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा गार्ड के कुल 200 रिक्त पदों को भरने के लिए इस रोजगार कार्यालय को मांग अधिसूचित की गई है। भर्ती नियोक्ता द्वारा जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में आयोजित की जाएगी। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवीं पास, आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 18,236/- मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल लुधियाना और चंडीगढ़ होगा। योग्य पुरुष उम्मीदवारों से अनुरोध है कि अपने सभी अनिवार्य मूल दस्तावेजो यथा हिमाचली प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित दिनांक 22 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते है। इच्छुक उम्मीदवार का नाम रोजगार सहायता हेतु हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए और यदि पंजीकृत नहीं हैं तो ऑनलाइन अपना पंजीकरण करवा ले तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वह ऑनलाइन पंजीकरण के लिए www.eemis.hp.nic.in पोर्टल पर जाएं व अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू 01902-222522 पर संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी शहर सोलन में आपातकालीन 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि साहनी बिल्डिंग में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी शहर सोलन की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि एक व्यक्ति कमरे के अंदर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था तथा उसके मित्र एवं अन्य लोग भी मौके पर मौजूद थे। तस्दीक करने पर मृतक की पहचान रोहित पुत्र वीरेंद्र कुमार, निवासी गांव खील वायला, डाकखाना दरभोग, तहसील व जिला शिमला उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच (सरसरी तस्दीक) में पाया गया कि 18 जनवरी को मृतक अपने दोस्तों के साथ जागरण में शामिल होने के लिए गढ़खल गया था। वहां से वह 19 जनवरी 2025 को अपने दोस्तों के पास साहनी बिल्डिंग में आ गया था। रात्रि के समय मृतक व उसके दोस्तों द्वारा शराब का सेवन किया गया, जिसके उपरांत वे सभी सो गए। प्रातःकाल जब मृतक का एक दोस्त उठा, तो उसने मृतक रोहित को बिस्तर पर नहीं पाया। इसके पश्चात वह उसे ढूंढने के लिए बाहर गया, जहां उसने मृतक को सीढ़ियों की रेलिंग से फंदे पर लटका हुआ पाया। तत्पश्चात मृतक के दोस्तों द्वारा उसे फंदे से उतारकर कमरे में ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद मृतक के दोस्तों ने 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी। मौके व मृतक के शव का निरीक्षण के लिए एसएफएसएल जुन्गा की टीम को बुलाया गया है। मामले की जांच जारी है।

### बिस्कुट व साबुत धनिया के नमूने कंडाघाट लैब भेजे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** खाद्य सुरक्षा कार्यालय नाहन की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रियंका द्वारा गत 14 जनवरी को नाहन क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने संग्रहित किए गए। इस दौरान गोविंदगढ़ मोहल्ला, नाहन से कुल छह नमूने लिए गए, जिनमें मीट, मटन, मछली तथा चिकन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दोसड़का, शिमला रोड क्षेत्र से पनीर, बेसन, खाद्य तेल, बिस्कुट एवं साबुत धनिया इत्यादि के पांच नमूने लिए गए तथा चार सर्वेक्षण नमूने खाद्य रंगों के भी एकत्र किए गए। खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को लागू किया गया है। नाहन क्षेत्र से लिए गए सभी खाद्य नमूनों की जांच खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कंडाघाट (जिला सोलन) में की जाती है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि गलत लेबलिंग से संबंधित मामलों को दीवानी प्रकरण के रूप में अपर जिला दंडाधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है, जबकि असुरक्षित खाद्य पदार्थों से संबंधित मामलों को न्यायिक न्यायालय में भेजा जाता है। खाद्य सुरक्षा विभाग का उद्देश्य आम जनता को शुद्ध, सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है तथा इसके लिए नियमित रूप से निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई जारी रखी जा रही है।

### राम कथा व शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्रीराम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ दयारशघाट में कलश यात्रा के साथ हुआ। इसमें आचार्य राहुल शर्मा अपनी वाणी से श्रीराम की लीलाओं का वर्णन कर रहे हैं। इसी के साथ विद्वतजन शतचंडी महायज्ञ भी संपन्न करवा रहे हैं। श्री राम कथा के प्रथम दिन आचार्य राहुल शर्मा ने कहा कि रामकथा श्रवण से सभी प्रकार के विकार दूर होते हैं। उन्होंने राम चरित मानस के प्राकट्य व नामकरण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस कथा के चार चरण यानि घाट हैं, इसमें एक है शरणागति घाट जिसमें तुलसी दास जी वक्ता हैं और उनका मन श्रोता है। कर्मघाट में यागवल्क्य ऋषि कथा सुनाते हैं और भारद्वाज ऋषि श्रोता के रूप में उनसे प्रश्न करते हैं। ज्ञान घाट में भगवान शिव पार्वती को कथा सुना रहे हैं। भक्ति घाट में काग भुशुंडी गरुड़ को कथा सुनाते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने इस कथा को मन में ही धारण किया है, तभी कथा का नाम राम चरित मानस रखा गया है।

### टैक्सी यूनियन का रैपिडो के खिलाफ प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन व टैक्सी यूनियन ने रैपिडो के खिलाफ सोलन उपायुक्त (डीसी) को ज्ञापन सौंपने के लिए बुधवार को विशाल प्रदर्शन का ऐलान किया है। यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने सभी सदस्यों से अपील की है कि प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए 21 जनवरी को सुबह 11 बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। ठाकुर ने कहा, 'साथियों, हमारी मांगों को मजबूती से रखने के लिए हर सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य है।' यह प्रदर्शन स्थानीय परिवहन व्यवस्था पर रैपिडो के प्रभाव को उजागर करने और संबंधित मांगें मनवाने के उद्देश्य से आयोजित हो रहा है। यूनियन सदस्यों ने एकजुट होकर भाग लेने का आह्वान किया है।

### संगड़ाह में नेता ने साधु की जटाएं काट दीं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के संगड़ाह के गांव लगनू में वर्षों से रह रहे संन्यासी की जटाएं और दाढ़ी काटे जाने का मामला अब विवाद का रूप ले चुका है। पीड़ित साधु ने कार्यवाहक पंचायत प्रधान और कांग्रेस नेता सतपाल तोमर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। यह घटना तीन दिन पुरानी है, लेकिन सोमवार को साधु के वीडियो बयान के बाद मामला मीडिया व सोशल मीडिया में गरमाया। साधु का आरोप है कि पंचायत प्रधान ने खुद को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और स्थानीय विधायक विनय कुमार का आदमी बताकर उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज करवाया। साधु ने इसे देवभूमि हिमाचल में सनातन पर हमला व धार्मिक भावनाओं का सीधा अपमान करार दिया। इस प्रकरण ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या स्थानीय प्रशासन व राजनीतिक पदों का दुरुपयोग संन्यासियों व धार्मिक आस्थाओं के खिलाफ किया जा रहा है। प्रधान का दावा है कि साधु शराब के नशे में हुड़दंग मचा रहा था और ग्रामीणों ने उसे काबू किया, लेकिन साधु की ओर से लगाए गए आरोप इसे सीधे धार्मिक और सांस्कृतिक संवेदनाओं को चुनौती देने वाला मामला बनाते हैं। थाना प्रभारी संगड़ाह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतें दर्ज हैं और जांच जारी है, मगर यह घटना केवल व्यक्तिगत विवाद नहीं, बल्कि स्थानीय प्रशासन व राजनीतिक सत्ता के दुरुपयोग पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### बिल जमा न किया, तो कटेंगे बिजली कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपने बकाया बिजली बिलों का जल्द भुगतान करने का फरमान जारी किया है। सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए यदि बकाया बिल समय पर जमा नहीं किए गए, तो स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन स्वतः कट जाएंगे। उन्होंने बताया कि जब भी स्मार्ट मीटर के जरिये कनेक्शन कटेगा, तो मीटर से बाहर जाने वाली लाइन में बिजली की आपूर्ति बंद हो जाएगी। उपभोक्ताओं को जिस दिन तक का बिजली बिल बना होगा, उस दिन तक का पूरा बकाया बिल जमा करना होगा। इसके साथ ही कनेक्शन पुनः चालू करवाने के लिए 250 रुपए की अलग से रसीद कटवानी होगी, जिसे कार्य दिवस में दोपहर 2:30 बजे तक जमा करना अनिवार्य रहेगा। रसीद जमा होने के लगभग 30 मिनट बाद बिजली आपूर्ति अपने आप बहाल हो जाएगी। सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली का भौतिक (मुद्रित) बिल घर पर नहीं दिया जाएगा। बिजली बिल उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल के माध्यम से ऑनलाइन भेजा जाएगा, जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं है या बदल चुका है, वे बिजली बोर्ड कार्यालय में आकर इसे ठीक करवा सकते हैं।

### शालाघाट खंड के उन्नयन के लिए 24 करोड़ की मंजूरी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** शिमला-शालाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग-205 के दाड़लाघाट से शालाघाट खंड के उन्नयन के लिए 24 करोड़ रुपए की मंजूरी मिलने पर पंचायत समिति कुनिहार की अध्यक्ष सोमा कौंडल ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति से लंबे समय से खराब हालत में पड़ी सड़क की मरम्मत व सुधार कार्य संभव होगा और क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। सोमा कौंडल ने इस संदर्भ में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के समक्ष क्षेत्र से जुड़ी आवश्यक मांगें भी रखी हैं। उन्होंने आग्रह किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-205 को दो लेन किया जाए, ताकि बढ़ते यातायात को देखते हुए सड़क व्यवस्था सुचारु हो सके। क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के कारण भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। इससे आए दिन यातायात संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके साथ ही पंचायत समिति अध्यक्ष ने काकड़ा रोड से दाड़लाघाट होते हुए झरना तक सड़क किनारे पुख्ता फुटपाथ बनाए जाने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पैदल चलने के लिए पर्याप्त स्थान न होने के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। फुटपाथ निर्माण से आम लोगों को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

### मनोज कुमार ने स्टेज दो की परीक्षा की उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, कसौली।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत घड़सी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला धायला के प्रणव पुत्र मनोज कुमार ने स्वर्ण जयंती मिडल मैरिट स्कालरशिप स्टेज दो की परीक्षा में जिला स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया है। यह परीक्षा पिछले वर्ष 2 नवंबर को डिग्री कॉलेज सोलन में हुई थी। इस लिखित परीक्षा में इस होनहार बच्चे ने जिला स्तर पर मेरिट में पांचवा स्थान हासिल करके अपने माता पिता और स्कूल के अध्यापकों का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के अध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि इस होनहार को 1 लाख 80 हजार रुपए छात्रवृत्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि ये छात्रवृत्ति प्रणव को छठी कक्षा में चार हजार प्रति महीना, सातवीं में पांच हजार और आठवीं कक्षा में छ हजार रुपए प्रति माह के रूप में दी जाएगी। इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रणव को स्कूल के अध्यापकों व गांव के लोगों ने बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# सोलन में शुष्क ठंड से सूखी खांसी के मरीजों में उछाल

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिले में शुष्क ठंड का प्रकोप बढ़ने से सूखी खांसी, बुखार व सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। तेज धूप व रात्रिकालीन कोहरे-हवा के कारण तापमान में भारी उतार-चढ़ाव हो रहा है, जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा।

क्षेत्रीय अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 400 मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें करीब 110 को खांसी-बुखार की शिकायत है। यह संख्या सामान्य से 30-40 प्रतिशत अधिक है, जिससे ओपीडी में हड़बड़ी मच गई है। कुल ओपीडी उपस्थिति 1000 मरीजों तक पहुंच चुकी है। डॉक्टरों के मुताबिक, शाम ढलते ही मरीजों का बुखार 102 डिग्री फारेनहाइट तक चढ़ जाता है, जो कई दिनों तक बना रहता है। अधिकांश लोग प्रारंभ में स्वयं दवाएं लेते हैं, लेकिन राहत न मिलने पर अस्पताल आते हैं। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. तरुण शास्त्री ने कहा, 'मौसम परिवर्तन से वायरल संक्रमण व शुष्क खांसी के केस बढ़े हैं। गर्म पानी पिएं, भाप लें, गरारे करें। बिना सलाह दवा न लें, वरना जटिलताएं हो सकती हैं। घर में ह्यूमिडिफायर इस्तेमाल करें व धूल-धुंए से दूर रहें। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवाड़ ने चेतावनी दी, 'शुष्क ठंड, शाम के कोहरे व प्रदूषण से बचें। मास्क लगाएं, गर्म कपड़े पहनें, विटामिन-सी युक्त भोजन लें। अस्पतालों में दवाओं की कोई कमी नहीं। ओटीसी दवाओं पर निर्भर न रहें। जिला स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर हाथ धोने, भीड़ से बचने व सतर्कता बरतने की अपील की है। क्रस्ना लैब में रक्त जांच के लिए लंबी




कतारें लग रही हैं। सीबीसी, डेंगू व मैलेरिया टेस्ट की मांग बढ़ी है। स्थानीय निवासी राकेश शर्मा ने बताया, 'रात की ठंड से खांसी होती है, जिससे बच्चे ज्यादा प्रभावित होते हैं। अन्य ओपीडी जैसे ऑर्थोपेडिक्स व गायनेकोलॉजी में मरीज सामान्य हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक शुष्क ठंड बरकरार रहेगी। दिन का तापमान 15-18 डिग्री व रात्रि का 4-6 डिग्री रह सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति गंभीर है, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी भीड़ बढ़ी। स्वास्थ्य विभाग ने आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है, समय रहते सावधानी बरती तो महामारी टल सकती है। लोग डॉक्टरों की सलाह मानें।

## 'फैशन प्वॉइंट' में चोरी के मामले में युवती गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** दाडलाघाट में पिछले वर्ष एक दुकान में चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवती को गिरफ्तार किया। अमरदीप ने पुलिस थाना दाड़लाघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनकी दाड़लाघाट में 'फैशन प्वॉइंट' नामक दुकान है। 30 सितंबर 2025 को उन्होंने अपनी दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। एक अक्तूबर को प्रात: के समय जब उन्होंने अपनी दुकान खोली, तो देखा कि दुकान का साइड शीशा टुटा हुआ था और दुकान के भीतर से नोटों के हार गले से नकदी चोरी होने पाए गए, जिसे कोई नामालूम रात्रि को चोरी करके ले गया। इस पर पुलिस थाना दाड़लाघाट में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। दाड़लाघाट की पुलिस टीम द्वारा दुकान व उसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पाया गया कि एक महिला दुकान के अंदर चोरी करते हुए नजर आई। अंतत:, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले में संलिप्त आरोपी महिला मुस्कान, पुत्री प्रेम सिंह, निवासी गांव जरेहड़, बिहाल, डाकखाना कटराईं, तहसील व जिला कुल्लू को गिरफ्तार किया गया।

## एसडीएम ने डीसी से की स्वतंत्र राजस्व टीम से डिमार्केशन की मांग

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब के तहसीलदार ऋषभ शर्मा पर लगाए गए द ग्रेट खली उर्फ दिलीप राणा की जमीन के दस्तावेजों में हेरा फेरी का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है।

मंगलवार को शिमला में खली ने इस मामले में फिर से पत्रकार वार्ता की। इससे पहले 16 जनवरी को जांच अधिकारी एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने डीसी को पत्र लिखकर जिले की किसी अन्य राजस्व टीम से जमीन की डिमार्केशन करवाने का आग्रह कर दिया है। तहसीलदार के खिलाफ द ग्रेट खली द्वारा लगातार लगाए जा रहे आरोपों के बीच प्रशासन ने मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ाई है। एसडीएम पांवटा साहिब ने डीसी सिरमौर को पत्र लिखकर विवादित भूमि का सीमांकन पांवटा साहिब के बाहर की किसी स्वतंत्र राजस्व टीम से करवाने की सिफारिश की है। इस प्रकरण में तहसीलदार पांवटा साहिब पहले ही अपना स्पष्टीकरण दे चुके हैं। तहसीलदार की ओर से दी गई रिपोर्ट में उनके द्वारा की गई पूरी कार्रवाई को नियमों के अनुरूप व निष्पक्ष बताया गया है। इसके बावजूद दिलीप द्वारा लगातार इस मुद्दे को सार्वजनिक रूप से उठाए जाने से मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। एसडीएम कार्यालय द्वारा डीसी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि संबंधित भूमि के राजस्व अभिलेखों व तथ्यों की गहन जांच के बाद यह निष्कर्ष सामने आया है कि नवीन और सटीक सीमांकन आवश्यक हो गया है। वास्तविक भौतिक कब्जे का सही आकलन करने व फर्द कब्जा की शुद्ध तैयारी के लिए डिमार्केशन को जरूरी बताया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सीमांकन की कार्रवाई जिले की अन्य किसी राजस्व से करवाई जाए। जिला मुख्यालय या किसी अन्य उपमंडल से राजस्व अधिकारियों अथवा कानूनगो की टीम प्रतिनियुक्त करने का अनुरोध किया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, बाहर की राजस्व टीम से सीमांकन करवाने की सिफारिश का उद्देश्य तहसीलदार की छवि पर लगाए जा रहे आरोपों को लेकर फैले भ्रम को दूर करना व पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना है। शिकायतकर्ता पक्ष को भी सीमांकन के दौरान उपस्थित रहने व दो अनुभवी राजस्व अधिकारियों के नाम सुझाने का विकल्प दिया गया है।

## सोलन में आयुष मंत्री गोमा करेंगे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान

**सोलन।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादविंदर गोमा सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

यह जानकारी डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित किया जाएगा। डीसी ने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम प्रात: 10.40 बजे कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेश वासियों एवं जिला वासियों की ओर से शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि यादविंदर गोमा तदोपरांत प्रात: 11 बजे ठोडो मैदान में ध्वज फहराएंगे। मुख्यातिथि उसके उपरांत पुलिस तथा गृह रक्षा एवं अन्य टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित भी किया जाएगा।



मनमोहन शर्मा ने सोलन निवासियों से आग्रह किया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर बड़ी संख्या में ठोडो मैदान पहुंचे और कार्यक्रम का आनंद उठाएं। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादविंदर गोमा सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित किया जाएगा।

## दुग्ध प्रसंस्करण से जुड़ी कार्यप्रणाली को समझा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय मंगरुड के छठी से आठवीं कक्षा के 27 विद्यार्थियों ने पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कामधेनु व्यास दुग्ध प्लांट नम्होल का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को दुग्ध प्लांट में तैयार किए जा रहे विभिन्न उत्पादों जैसे दही, मक्खन, घी, पनीर, मिठाइयों आदि के निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान बच्चों ने दुग्ध प्रसंस्करण से जुड़ी कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय की ओर से मनोरमा देवी, नरेंद्र कुमार, संजय कुमार तथा शशि शर्मा भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। विद्यालय के मुख्याध्यापक एलआर ठाकुर ने बताया कि पूर्व-व्यावसायिक भ्रमण के अंतर्गत इस वर्ष विद्यार्थियों को कामधेनु व्यास संस्था द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों की प्रत्यक्ष व व्यावहारिक जानकारी दी गई है। इस प्रकार के प्री-वोकेशनल भ्रमण विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार भविष्य में स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

## रेणुका जी बांध के विस्थापितों का छलका दर्द

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पिछले करीब डेढ़ दशक से विस्थापन का दंश झेल रहे बहुउद्देशीय श्री रेणुका जी बांध परियोजना से विस्थापित सैकड़ों परिवारों का दर्द एक बार फिर उमड़ा है। विस्थापितों ने फिर अपना दुख जिला सिरमौर प्रशासन के सामने रखा है। श्री रेणुका जी बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा को ज्ञापन सौंप आरोप लगाया कि पिछले 17 सालों से विस्थापित परिवार पुनर्वास, पुनर्स्थापन और मुआवजे की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया।

समिति का कहना है कि राष्ट्रहित के नाम पर उनकी पुश्तैनी जमीनें अधिग्रहित कर ली गईं, लेकिन बदले में विस्थापित परिवार आज भी खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। श्री रेणुका जी बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने अब दो-टूक शब्दों में कहा कि अब विस्थापित और नहीं सहेंगे। इससे पहले समिति के




मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रेणुका जी बांध के प्रभावित। अनंत ज्ञान

पदाधिकारियों, सदस्यों एवं विस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय परिसर में अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की। श्री रेणुका जी बांध विस्थापित संघर्ष समिति के प्रेस सचिव योगेश ठाकुर ने बताया कि रेणुका जी बांध निर्माण के कारण लगभग 300 परिवार सीधे तौर पर विस्थापन की श्रेणी में आते हैं।

इनमें से कई परिवार अपनी स्वेच्छा से एचपीपीसीएल की पुनर्वास व पुनर्स्थापन योजना 5.2 के तहत अन्य स्थान पर घर बनाना चाहते हैं, जिसमें अधिकतम 28.5 लाख रुपए की अनुदान राशि देने का प्रावधान है। हालांकि, समिति ने स्पष्ट किया कि संपूर्ण परियोजना क्षेत्र पहाड़ी होने के कारण 150 वर्ग मीटर आधार क्षेत्र का एक मंजिला मकान बनाना अधिकांश परिवारों के लिए व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि समतल भूमि की भारी कमी है और पहाड़ काटकर जमीन तैयार करने में अत्यधिक खर्च आता है, जो दी जा रही ग्रांट से कहीं ज्यादा है।

## अध्यापक प्रशिक्षण व समग्र पाठ्यक्रम गुणवत्तायुक्त शिक्षा का आधार : रोहित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि सभी छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए यह आवश्यक है कि अध्यापकों का प्रशिक्षण व पाठ्यक्रम उच्च स्तर के हो।

इस दिशा में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रोहित ठाकुर राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) सोलन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में हिमाचल प्रदेश के समृद्ध इतिहास व संस्कृति को विद्यालय पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने, एससीईआरटी के कार्य का समग्र अवलोकन तथा प्रगति कार्ड एवं परख विस्तृत रिपोर्ट समीक्षा प्रस्तुति की गई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अध्यापकों के प्रशिक्षण को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाकर,



एससीईआरटी सोलन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते शिक्षा मंत्री। अनंत ज्ञान

आधुनिक पठन-पाठन सामग्री अपनाकर तथा तकनीक के माध्यम से शत-प्रतिशत गुणवत्तायुक्त शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस दिशा में एससीईआरटी एवं डाईट की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक निर्णायक सुधार लागू किए हैं। इनके सकारात्मक परिणाम सामने हैं। राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता के आकलन में हिमाचल प्रदेश ने उल्लेखनीय सुधार करते हुए पांचवां स्थान प्राप्त किया है। पूर्व में हम 21वें स्थान पर थे। यह उपलब्धि शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामूहिक परिश्रम के साथ-साथ प्रदेश सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का परिणाम है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि एससीईआरटी सोलन इस परिवर्तनकारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा पठन-पाठन सामग्री व मूल्यांकन प्रक्रियाओं की व्यवस्थित अधोसंरचना उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए प्रत्येक स्तर पर उचित विषय सामग्री उपलब्ध हो।

## गावा नेगी ने संभाला जिला कल्याण अधिकारी का पदभार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** गावा सिंह नेगी ने सिरमौर जिले में जिला कल्याण अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। गावा सिंह नेगी जिला किन्नौर के लिप्पा गांव से संबंध रखते हैं।

उन्होंने अपने शासकीय सेवाकाल की शुरुआत वर्ष 2010 में जनजातीय कल्याण अधिकारी के पद से की थी तथा वर्ष 2022 में जिला कल्याण अधिकारी के पद पर पदोन्नत होने के उपरांत उन्होंने सर्वप्रथम जिला किन्नौर में अपनी सेवाएं प्रदान की तथा इसके पश्चात वे जिला सोलन में बतौर जिला कल्याण अधिकारी कार्यरत रहे। गावा सिंह नेगी ने कहा कि वे प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य



करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी व प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह शासन व प्रशासन से समन्वय स्थापित कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## पेसापालो चैंपियनशिप में प्रदेश का सिल्वर पर कब्जा

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्रकाश ठाकुर की कप्तानी में 16वीं पैसापालो सीनियर मेन नेशनल चैंपियनशिप 16-17-18 जनवरी को जींद हरियाणा में संपन्न हुई। इसमें हिमाचल की टीम ने प्रकाश ठाकुर की कप्तानी में सिल्वर मेडल जीता। इस चैंपियनशिप में हिमाचल और पंजाब का फाइनल मैच हुआ। फाइनल में पंजाब ने हिमाचल को 4 अंक से हरा दिया और पंजाब ने गोल्ड पर कब्जा किया। सेकंड नंबर पर हिमाचल ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। तीसरे नंबर पर छत्तीसगढ़ ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। इस प्रकार जिला सिरमौर के प्रकाश ठाकुर ने पूर्व की भांति इस बार भी अपनी टीम के साथ हिमाचल का नाम रोशन किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी काबिलियत व हुनर का बखूबी लौहा मनवाया। वहीं, आगामी दिनों में होने वाली अंतराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम से उम्मीद करते हैं कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। इसके लिए समस्त टीम को हिमाचल की जनता शुभकामनाएं प्रेषित कर रही है।

**अव्यवस्था** पार्किंग, सफाई व अतिक्रमण पर फोकस, 20 दिन में तैयार होगी शहर सुधार की योजना

## शहरी व्यवस्थाएं सुधारने सड़कों पर उतरे एसडीएम

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में बिगड़ती शहरी व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए मंगलवार को एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान स्वयं सड़कों पर उतरे। उन्होंने शहर का पैदल भ्रमण कर बाजार, सड़कों, सफाई व्यवस्था, पार्किंग और अतिक्रमण की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आरटीओ सिरमौर सोना चंदेल, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजय गर्ग, सफाई निरीक्षक सुलेमान खान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान नाहन बाजार में सड़कों और रास्तों पर अतिक्रमण कर सामान फैलाने वाले दुकानदारों को एसडीएम ने सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोबारा सड़क पर सामान रखे जाने पर उसे जब्त कर नगर परिषद के हवाले किया जाएगा। मौके पर ही नगर परिषद अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सब्जी विक्रेताओं को वैकल्पिक स्थान पर



आरटीओ सिरमौर सोना चंदेल पार्किंग का निरीक्षण करती हुई। अनंत ज्ञान

शिफ्ट करने और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए शहर में एक निर्धारित क्षेत्र चयनित करने को लेकर भी मौके पर चर्चा की गई।

एसडीएम ने कहा कि बिना व्यवस्था के सड़कों पर कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्किंग व्यवस्था को लेकर एसडीएम ने शहर में नए पार्किंग स्थलों की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पहले से संचालित पार्किंग स्थलों का भी निरीक्षण किया गया।

दिल्ली गेट से गोविंदगढ़ मोहल्ला की ओर जाते समय एमसी कांप्लेक्स के नीचे सड़क पर सामान फैलाकर कबाड़ की दुकानें चला रहे स्क्रैब कारोबारियों पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। सड़क पर अतिक्रमण पाए जाने पर स्क्रैब कारोबारियों को फटकार लगाई गई और एक दिन के भीतर सामान हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगर परिषद अधिकारियों को कहा गया कि यदि तय समय में सड़क से कबाड़ नहीं हटाया गया तो नगर परिषद की गाड़ी के माध्यम से सामान जब्त किया जाए।

एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान ने बताया कि शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 20 दिन पहले शहरवासियों से सुझाव आमंत्रित किए गए थे, जिनके आधार पर यह तय किया जा रहा है कि किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है, कहां पार्किंग विकसित की जा सकती है और किन इलाकों में सफाई व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के बाद एक विस्तृत योजना तैयार कर डीसी सिरमौर को सौंपी जाएगी और उसे अधिसूचित कर चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

## मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस प्रदेश की जनता को कर रही भ्रमित : भाजपा

अनंत ज्ञान



**नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, जिला महामंत्री रणवीर ठाकुर एवं भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने संयुक्त बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता इन दिनों मनरेगा बचाओ अभियान के तहत प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी -राम जी रखा है, जो कांग्रेस पार्टी के नेताओं को रास नहीं आ रहा है। कांग्रेस को राम के नाम से दिक्कत है योजना से नहीं। इन भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के तमाम नेताओं से सवाल करते हुए पूछा है कि अपने इन दिनों पूरे प्रदेश में मनरेगा बचाव अभियान चलाया है, जैसे की केंद्र की नरेंद्र मोदी ने मनरेगा को खत्म कर दिया हो। सबसे पहले इस योजना का नाम नरेगा था, जिसको कांग्रेस की यूपीए सरकार ने बदलकर मनरेगा रखा, तो भाजपा ने उस समय कोई भी एतराज नहीं किया, तो अब कांग्रेस पार्टी के नेता किस लिए एतराज कर रहे हैं, जबकि मनरेगा में कामगारों को सिर्फ सो दिनों का रोजगार मिलता था और अब विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के तहत 125 दिनों का रोजगार मिलेगा। मनरेगा में पेमेंट का भुगतान 15 दिनों के अंदर होता था और इस योजना में 7 दिनों के भीतर होगा।

इतना ही नहीं इस योजना के अंतर्गत फसल की बुवाई व कटाई के समय भी रोजगार देने की व्यवस्था की गई है, जो पहले मनरेगा योजना में नहीं थी। भाजपा नेताओं ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता सिर्फ झूठ फैलाने के सिवाय कुछ नहीं करते, लेकिन प्रदेश की जनता इनके झांसे में आने वाली नहीं है। यह योजना विकसित भारत को बनाने में बहुत ही कारगर सिद्ध होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### टाटा मोटर्स ने अगली पीढ़ी के 17 ट्रक किए लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय ट्रकिंग के परिदृश्य को बदलने वाले एक ऐतिहासिक कदम में, टाटा मोटर्स, भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक वाहन निर्माता व मोबिलिटी समाधान प्रदाता, ने 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लॉन्च नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा Trucks.ev रेंज, और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है। नए ट्रकों को लॉन्च करते हुए, गिरीश वाघ, एमडी एवं सीईओ, टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा, 'भारत में ट्रकिंग का क्षेत्र सरकारी नीतियों, बेहतर सड़कों और सुरक्षित व साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट की मांग के कारण तेजी से बदल रहा है। टाटा मोटर्स ने हमेशा से इस बदलाव में आगे रहकर नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं जोकि इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देते हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए हमने अपनी अगली पीढ़ी के ट्रक पेश किए हैं, जिनमें नई 'अजुरा' सीरीज, दो उन्नत शक्तिशाली उच्च दक्षता पावरट्रेन, भारत के व्यापक जीरो एमिशन वाले इलेक्ट्रिक ट्रकों की रेंज और हमारे नए I-MOEV आर्किटेक्चर पर आधारित टिपर रेंज और यूरोपीय मानकों वाले कैबिन एवं उद्योग में अग्रणी सुरक्षा फीचर्स, ज्यादा पेलोड और ईंधन दक्षता में उल्लेखनीय अपग्रेड शामिल हैं। इन ट्रकों को फ्लीट एज डिजिटल सेवाओं से भी जोड़ा गया है ताकि इन्हें चलाना और ट्रैक करना आसान हो। हमारा 'हमेशा बेहतर करने' (बेटर ऑलवेज) का विचार हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। हम नई चीजें बनाने में लगातार मेहनत करते हैं, स्थानीय उत्पादन पर ज्यादा ध्यान देते हैं, और ग्राहकों की सफलता पर मजबूती से फोकस रखते हैं। ये सब 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करते हैं, जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करता है और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन में लीडर बनने की इच्छा को मजबूत करता है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने सील की देशी घी फैक्टरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गांव तलोडा खेड़ी में घी बनाने की फैक्टरी पर छापेमारी की। टीम ने यहां तैयार किए गए घी से दो सैंपल लिए और जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिए हैं। सैंपल रिपोर्ट आने तक फैक्टरी को सील कर दिया गया है। फिलहाल जांच की जा रही है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. योगेश कादियान ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव तलोडा खेड़ी में घी बनाने की फैक्टरी चल रही है। यहां पर जो घी बन रहा है वह मिलावटी हो सकता है। विभाग की टीम ने मंगलवार को सूचना मिलने के बाद तुरंत तलोडा खेड़ी में घी बनाने की फैक्टरी में दबिश दी। यहां पर श्री श्याम मिल्क फूड प्रोडक्ट के नाम से फैक्टरी चलाई जा रही थी। इसमें यश्वी सागर प्योर देसी घी बनाया जा रहा था। टीम को मौके से 910 लीटर घी मिला। इसमें 800 लीटर पैक किया हुआ था जबिक 30 लीटर घी खुला रखा हुआ था। टीम ने एक सैंपल खुले घी से तथा एक सैंपल पैकिंग के घी से लिया। इसके बाद टीम ने फैक्टरी को सील कर दिया। जब तक इन सैंपलों की जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक फैक्टरी सील रखी जाएगी।

### सस्ते लोन का झांसा देकर डेढ़ लाख की ठगी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जिले के स्यारौली गांव में सस्ते लोन का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से एक लाख 48 हजार लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने व्हाट्सऐप कॉल के जरिए संपर्क कर लोन दिलाने का भरोसा दिलाया और अलग-अलग मदों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नवीन कुमार ने मंगलावार को जानकारी देते हुए स्यारौली गांव निवासी इंद्रपाल ने शिकायत में बताया कि 10 जनवरी 2026 को उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लोन एजेंट बताते हुए उसे 10 लाख रुपये का लोन दिलाने का प्रस्ताव दिया। पैसों की जरूरत होने के कारण इंद्रपाल ठगों की बातों में आ गया। आरोपियों ने लोन प्रक्रिया शुरू करने के नाम पर फाइल चार्ज, जीएसटी और टैक्स आदि का हवाला देते हुए अलग-अलग किश्तों में कुल 1 लाख 48 हजार रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित ने कुछ राशि अपने बैंक खाते से भेजी, जबकि 50 हजार रुपए गांव के एक सीएससी सेंटर के माध्यम से डलवाए गए।

# मानेसर में बनाए जाएंगे आयुष्मान आरोग्य मंदिर

## केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों से जल्द गति पकड़ेगा आरआरटीएस प्रोजेक्ट

अनंत ज्ञान



हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मानेसर निगम क्षेत्र के वार्डों का किया दौरा। अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए मानेसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना की जाएगी।

आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए मानेसर निगम क्षेत्र में सीएचसी, पीएचसी में सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। गुरुग्राम जिले में बन रहे सरकारी अस्पताल में मरीजों के लिए बेड़ों की संख्या को बढ़ाकर 600 किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मंगलवार को मानेसर निगम क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में पार्षदों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में दौरा करते हुए यह बात कही। उन्होंने आमजन का धन्यवाद करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता की बदौलत ही प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। यहां के लोगों के हितों के लिए वे पुरजोर कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा के लोगों ने उनके पिता व केंद्र में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का हमेशा साथ दिया है। क्षेत्र के लोगों द्वारा दी गई ताकत से ही वे दक्षिण हरियाणा में विकास के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं। राव इंद्रजीत सिंह के कार्यकाल में ही द्वारका एक्सप्रेस-वे जैसा मील का पत्थर गुरुग्राम जिला को नई पहचान दिला रहा है।

इसके अलावा हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर बनने से जिला के विकास को पंख लगेंगे। इतना ही नहीं आरआरटीएस प्रोजेक्ट भी गुरुग्राम विशेषकर मानेसर क्षेत्र को नई पहचान दिलाएगा। मंगलवार को आरती राव ने गांव कासन में पार्षद भूपेंद्र सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गांव के विकास के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्रामीणों ने एक मांग पत्र भी स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा। इसके उपरांत मानेसर सेक्टर-1 में पार्षद रविंद्र यादव के आवास पर, गांव बढ़ा में पार्षद प्रताप सिंह और गांव हयातपुर में मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में जनता को संबोधित किया। इस दौरान महानगर गुरुग्राम के जिला अध्यक्ष अजीत यादव, पटौदी मार्केट कमेटी के चेयरमैन मनोज मोकलवास, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त लोकेश यादव, पार्षद रवि यादव, प्रवेश यादव, पिंकी कुमारी, रामप्रकाश, नामित पार्षद सत्यदेव, प्रोफेसर हंसराज यादव, मास्टर बलबीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मैक्स अस्पताल ने एडवांस्ड रेडिएशन थेरेपी तकनीक एज को इंट्रोड्यूस किया

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली ने अपनी एडवांस्ड कैंसर केयर सर्विस को मजबूत करते हुए मंगलवार को सबसे एडवांस्ड रेडिएशन थेरेपी तकनीक एज (3.0) को इंट्रोड्यूस किया, जो हाइपरआर्क और सरफेस गाइडेड रेडिएशन थेरेपी के साथ इंटीग्रेटेड है। डायरेक्टर-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डॉ. सजल कक्कड़ ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि यह अत्याधुनिक तकनीक बेजोड़ सटीकता, नॉन-इनवेसिव और पेन फ्री एप्रोच से रोगियों को तेजी से ठीक होने में मदद करती है डायरेक्टर-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा ने कहा, 'एज (3.0) रेडियो सर्जरी व रेडियोथेरेपी के रेडिएशन में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह प्रणाली चिकित्सकों को असाधारण सटीकता, फ्लेक्सिबिलिटी और दक्षता के साथ कैंसर की एक वाइड रेंज का इलाज करने में सक्षम बनाती है। इसकी सब-मिलीमीटर प्रिसिशन, हाइपरआर्क के स्वचालित रेडियोसर्जरी वर्कफ्लो के साथ मिलकर, उपचार के समय को काफी कम करते हुए और रोगी के आराम को बढ़ाते हुए हाइली टार्गेट रेडिएशन डिलीवरी की अनुमति देती है।

एज (3.0) की शुरुआत हमें अपने कैंसर उपचार प्रोटोकॉल में अत्याधुनिक तकनीक को इंटीग्रेट करने की अनुमति देती है। डॉ. कक्कड़ ने बताया कि इस प्रगति के साथ, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर (एमआईसीसी), मोहाली ने विश्व स्तर पर बेंचमार्क तकनीक से लैस एक व्यापक कैंसर देखभाल केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि एज (3.0) हमें कैंसर के सबसे जटिल मामलों में भी दक्षता के साथ सटीक, नॉन-इनवेसिव उपचार देने में सक्षम बनाती है। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि यह तकनीक असुविधा को कम करते हुए उपचार की सटीकता में काफी सुधार करती है, जिससे रोगियों को बेहतर परिणाम और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।

# एचडीएफसी बैंक सोशल इंपैक्ट स्टार्टअप्स को देगा 20 करोड़ रुपए

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भारत के प्रमुख प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक ने अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम 'परिवर्तन स्टार्टअप ग्रांट्स प्रोग्राम' के वित्तीय वर्ष 2026 (FY-26) एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की है।

यह प्रोग्राम सोशल इंपैक्ट-आधारित इनोवेशन को सपोर्ट करता है और पिछले सालों की सीख के आधार पर क्लाइमेट इनोवेशन, एग्रीकल्चर और सस्टेनेबल आजीविका, मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई इनोवेशन, फाइनेंशियल इन्क्लूजन, और जेंडर डाइवर्सिटी और इन्क्लूजन सहित प्रायोरिटी वाले सेक्टर्स में 10 स्ट्रेटेजिक पहलों को सपोर्ट करेगा, साथ ही एआई और डीप टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों को भी शामिल करेगा। इस घोषणा पर कमेंट करते हुए एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहा, 'परिवर्तन स्टार्ट-अप ग्रांट्स इंडस्ट्री में एक बेंचमार्क के रूप में उभरा है, जो साफ तौर पर पहचानी गई सामाजिक व पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने वाले इनोवेशन को सपोर्ट करने के लिए संस्थानों के साथ मिलकर काम करता है। वित्त वर्ष (FY)-26 में प्रवेश कर रहे हैं, फोकस सेक्टर की भागीदारी को और गहरा करने, इकोसिस्टम को मजबूत करने और स्टार्ट-अप को लगातार और व्यवस्थित सपोर्ट पाने में सक्षम बनाने के लिए संस्थागत क्षमता बनाने पर है।' अरूप रक्षित, ग्रुप हेड - ट्रेजरी, एचडीएफसी बैंक ने आगे कहा, 'यह प्रोग्राम हमारे इस विचार को दिखाता है कि शुरुआती दौर के सोशल इंपैक्ट इनोवेशन को मजबूत संस्थागत सपोर्ट से फायदा होता है जो मेंटरशिप, नेटवर्क और व्यवस्थित सपोर्ट दे सकता है। वित्त वर्ष (FY) -26 एडिशन इसी अप्रोच पर आधारित है।

# सांगली में 24 जनवरी से निरंकारी संत समागम

अनंत ज्ञान



त्रिदिवसीय महा आयोजन की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में। अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** प्रेम, सेवा एवं एकत्व के पावन भावों से ओतप्रोत महाराष्ट्र का 59वां निरंकारी संत समागम आगामी 24 जनवरी से 26 जनवरी तक सांगली में परम पूज्य सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता रमित के दिव्य सान्निध्य में श्रद्धा व भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा।

इस त्रिदिवसीय महा आयोजन की तैयारिया अब अपने अंतिम चरण में हैं, जहां समर्पित भक्त एवं निरंकारी सेवादार पूर्ण निष्ठा, अनुशासन व निष्काम सेवा-भाव के साथ समागम स्थल को सुव्यवस्थित, सुसज्जित एवं अत्यंत आकर्षक स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। यह संत समागम महाराष्ट्र के सांगली जनपद स्थित सांगलवाड़ी के लगभग 400 एकड़ के विशाल व भव्य परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से मुख्य सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, जिसमें देश-विदेश से सम्मिलित संत, वक्ता, गीतकार व कवि परमात्मा और सतगुरु के प्रति अपने श्रद्धाभाव, विचार और रचनाओं के माध्यम से भावपूर्ण अभिव्यक्ति प्रस्तुत करेंगे। प्रत्येक दिवस का समापन रात्रि 9:00 बजे सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन व प्रेरणादायी आशीर्वचनों से होगा, जो समस्त श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शन का स्रोत बनेगा। इस वर्ष महाराष्ट्र के प्रांतीय संत समागम का विषय 'आत्म-मंथन' निर्धारित किया गया है, जो आत्मबोध, आत्मशुद्धि और मानवीय मूल्यों के जागरण की दिशा में समस्त समागम को एक गहन और सार्थक आध्यात्मिक प्रवाह प्रदान करता है।

विगत एक माह से महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु भक्तों की निष्काम और निस्वार्थ सेवाओं से समागम स्थल एक सुव्यवस्थित, भव्य व मनोहारी शामियाना नगरी का रूप ले चुका है। सतगुरु की अमूल्य शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात कर प्रत्येक आयु वर्ग के भक्त पूर्ण श्रद्धा, अनुशासन और आत्मिक उल्लास के साथ सेवाओं में निरंतर संलग्न हैं।

इन सेवाओं का यह सुंदर व प्रेरणादायी स्वरूप आम जन के लिए उदाहरण बन गया है। भक्ति, प्रेम और समर्पण से भरे मन से की जा रही ये सेवाएं ऐसा अनुपम दृश्य प्रस्तुत करती हैं, जिसकी अनुभूति निस्संदेह शब्दों से परे है। मानव कल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस दिव्य आयोजन में सहभागिता के लिए जनसामान्य को नुक्कड़ नाटकों, बैनरों तथा सांगली-मिरज महानगर के गली-मोहल्लों में आयोजित खुले सत्संग के माध्यम से आमंत्रित किया जा रहा है; प्रयास यही कि अधिक से अधिक संत एवं भक्त इस आध्यात्मिक उत्सव से जुड़कर निरंकार का आसरा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाएंगे।

## देश-विदेश

# ग्रीनलैंड पर ट्रंप का सख्त रुख कहा- पीछे हटने का सवाल ही नहीं

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**ग्रीनलैंड** को किसी भी कीमत पर छोड़ने के मूड में यूएस के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नहीं हैं। उन्होंने एक के बाद एक कई सोशल मीडिया पोस्ट में यूरोपीय देशों को निशाने पर लेते हुए साफ किया कि ताकत के जरिए ही शांति कायम रखी जा सकती है।

ट्रंप ने कहा ग्रीनलैंड वैश्विक सुरक्षा के लिए अहम है और शक्ति के बल पर शांति केवल अमेरिका कायम कर सकता है ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। ट्रंप ने अमेरिका को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बताया। उन्होंने कहा कि ताकत के जरिए ही दुनिया में शांति कायम की जा सकती है और यह क्षमता सिर्फ अमेरिका के पास है। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को सुरक्षा के लिए अहम बताया, पीछे न हटने की बात कही, अमेरिका को शक्तिशाली देश बताया ट्रंप ने लिखा कि मेरी नाटो के सेक्रेटरी जनरल मार्क रुट्टे के साथ ग्रीनलैंड के बारे में बहुत अच्छी टेलीफोन पर बात हुई। मैं स्विट्जरलैंड के दावोस में अलग-अलग पार्टियों की मीटिंग के लिए सहमत हो गया। जैसा कि मैंने सभी को बहुत साफ-साफ बताया, ग्रीनलैंड नेशनल और वर्ल्ड सिक्योरिटी के लिए बहुत जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय तटरक्षक बल ने 24 बांग्लादेशी मछुआरे किए गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।** भारतीय तटरक्षक बल (इंडियन कोस्ट गार्ड) ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में बंगाल की खाड़ी में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा का उल्लंघन करने के आरोप में 24 बांग्लादेशी मछुआरों को गिरफ्तार किया। बाद में सभी को पश्चिम बंगाल पुलिस की तटीय शाखा को सौंप दिया गया। भारतीय रक्षा मंत्रालय के पूर्वी कमान मुख्यालय ने बताया कि सोमवार तड़के गश्त के दौरान तटरक्षक बल के एक पोत ने भारतीय जलक्षेत्र के भीतर एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को देखा। इसके बाद तटरक्षक पोत ने ट्रॉलर का पीछा कर उसे भारतीय जलसीमा के भीतर ही पकड़ लिया। (अनंत ज्ञान)

# किम जोंग ने मंच से डिप्टी पीएम को किया बर्खास्त

**एजेंसी, प्योंगयांग**



**उत्तर** कोरियाई नेता किम जोंग उन ने डिप्टी पीएम यांग सुंग-हो को बर्खास्त कर दिया है। कोरियाई न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन योंगसोंग मशीन कॉम्प्लेक्स में सोमवार को इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के पहले चरण के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। किम ने अपने संबोधन के दौरान यांग सोंग-हो को हटाने का आदेश दिया।

किम ने डिप्टी पीएम को फटकार भी लगाई। किम ने मंच से ही डिप्टी पीएम से कहा कि बहुत देर होने से पहले, अपने पैरों पर खुद यहां से चले जाओ। किम ने कहा कि यांग बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के लायक नहीं हैं।

किम ने कहा कि एक बकरी गाड़ी नहीं खींच सकती। यह हमारे कैडर अपॉइंटमेंट सिस्टम में हुई एक गलती थी। आखिरकार, गाड़ी बैल खींचता है, बकरी नहीं। किम जोंग उन ने कहा कि उन्होंने यांग को योंगसोंग मशीन कॉम्प्लेक्स के पहले चरण के आधुनिकीकरण में हुई गंभीर गलतियों को सुधारने के लिए कई बार मौका दिया था। इसके बावजूद काम में कोई सुधार नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 1066 अंक गिरकर 82180 पर हुआ बंद, निफ्टी भी धड़ाम

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** में मंगलवार को 1065 अंक (1.28%) की गिरावट रही, जो 82,180 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 353 अंक (1.38%) की गिरावट रही। यह 25,233 के स्तर पर आ गया। मार्केट एक्सपर्ट्स बाजार में गिरावट की बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जे की जिद को मान रहे हैं। इसके अलावा तीसरी तिमाही में बड़ी कंपनियों के मुनाफे में कमी भी इसका कारण माना जा रहा है। सुबह बाजार की शुरुआत सुस्त रही और निफ्टी 100 अंक नीचे 25,500 के करीब ओपन हुआ। शुरुआती कुछ घंटों में बाजार ने खुद को संभालने की कोशिश की। लेकिन दोपहर होते-होते आईटी, फार्मा और बैंकिंग जैसे सेक्टर्स में बिकवाली तेज हो गई। एनएसई का निफ्टी रियल्टी (रियल स्टेट) इंडेक्स 5% टूट गया। वहीं, ऑटो और आईटी इंडेक्स में 2% से ज्यादा की गिरावट आई। (अनंत ज्ञान)

# बीएमसी मेयर पद: शिवसेना ने फिर दावेदारी के संकेत दिए

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सोमवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) मेयर पद पर शिवसेना की दावेदारी के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी से शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की जन्मशती वर्ष की शुरुआत हो रही है। शिवसैनिकों की इच्छा है कि इस मौके पर बीएमसी में शिवसेना का मेयर होना चाहिए। हालांकि शिंदे ने यह भी स्पष्ट किया कि शिवसेना कोई ऐसा फैसला नहीं करेगी जो जनादेश के खिलाफ हो। बीएमसी चुनाव शिवसेना और बीजेपी ने गठबंधन में लड़ा था। जिन नगर निगमों में शिवसेना और बीजेपी ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा है, वहां महायुति का ही मेयर बनेगा। महाराष्ट्र में बीएमस समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे और 16 जनवरी को रिजल्ट आया था। बीएमसी के 227 सीटों में भाजपा को 89 और शिंदे गुट को 29 सीटें मिली थीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी। नतीजों के बाद शिवसेना ने अपने 29 पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में ठहराया है। (अनंत ज्ञान)

# नॉर्वे के पीएम बोले- नोबेल सरकार नहीं, कमेटी देती है

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर ने सोमवार को ट्रंप का लेटर मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बयान जारी कर उन्होंने साफ किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी देती है। सरकार का इसमें कोई रोल नहीं है। दरअसल, ट्रंप ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। ट्रंप ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते। ट्रंप ने कहा कि शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलना भी है। इसकी वजह से उनके फैसले पर भी असर पड़ रहा है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी को लगता है कि नॉर्वे नोबेल प्राइज को कंट्रोल नहीं करता है, तो यह मजाक है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि नॉर्वे क्या कहा रहा है। मैं बस लोगों की जिंदगी बचाने के बारे में सोचता हूं। मुझे लगता है मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच मई में संघर्ष को सुलझाने के दावे को दोहराते हुए कहा, 'आप भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष को देख सकते हैं, जब दो न्यूक्लियर पावर लड़ रहे थे। मैंने अब तक 8 जंग को रुकवाया है और शायद जल्द यह संख्या 9 हो जाएगी।' (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में बर्फीला तूफान: गाड़ियां आपस में टकराईं, कई वाहन फंसे

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा। यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। लो विजिबिलिटी के चलते कई ट्रक और गाड़ियां आपस में टकरा गए। सैंकड़ों वाहन कई घंटे तक तूफान में फंसे रहे। इस दौरान कई गाड़ियां पूरी तरह बर्फ में धंस गईं। लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। (अनंत ज्ञान)

## एक्टर अक्षय कुमार की सिक्योरिटी कार ऑटो से टकराई, दो लोग घायल

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई के जुहू इलाके में मुक्तेश्वर रोड के पास सोमवार रात करीब 8.30 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें अक्षय कुमार की सिक्योरिटी वाली गाड़ी ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो चालक और उसमें सवार एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल ऑटो-रिक्शा ड्राइवर के भाई मोहम्मद समीर ने बताया कि रात करीब 8:30 बजे उनका भाई ऑटो चला रहा था। उसके पीछे अक्षय कुमार की इनोवा कार और एक मर्सिडीज चल रही थीं। (अनंत ज्ञान)

## सुरक्षाबलों ने बारामूला में आईईडी किया बरामद

**एजेंसी, श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद करके मंगलवार को एक बड़ा हादसा होने से रोक लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने बारामूला जिले के पट्टानी क्षेत्र के तकिया टैपर में सड़क किनारे आईईडी लगाया था। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों की गश्त टीम ने आईईडी का पता लगाया और उसे निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते को तुरंत मौके पर भेजा गया। यह घटना गणतंत्र दिवस समारोह से एक सप्ताह से भी कम समय पहले हुई है। इस बीच, आतंकवादियों के किसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देने की आशंकाओं के मद्देनजर कश्मीर घाटी में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता अब भी 'बहुत खराब' स्तर पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली में मंगलवार सुबह औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मामूली सुधार के साथ 395 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है, जबकि यहां पिछले तीन दिनों से एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में था। इस सुधार के बावजूद, निगरानी केंद्रों पर प्रदूषण का स्तर चिंताजनक बना रहा।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार, दिल्ली के 23 निगरानी केंद्रों पर अब भी वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में, 14 केंद्रों में 'बहुत खराब' और एक केंद्र पर 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। वजीरपुर में वायु गुणवत्ता सबसे खराब दर्ज की गई, जहां एक्यूआई 445 रहा, इसके बाद आनंद विहार में 444 और जहांगीरपुरी में 443 रहा। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार तीन दिनों तक एक्यूआई 'गंभीर' स्तर पर दर्ज किया गया और वायु प्रदूषण का प्रकोप रहा। यहां शनिवार, रविवार और सोमवार को एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया, जिसके कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को चरण 4 के प्रतिबंध लागू करने पड़े।

इस बीच, वायु गुणवत्ता चेतावनी प्रणाली ने मंगलवार के लिए दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रहने की संभावना जताई की है और पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि अगले दो दिनों तक ये इसी स्तर पर बनी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## चांदी 3.20 लाख रुपए प्रति किलो ऑलटाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। बाजार के लिए सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा चांदी की चाल रही है। चांदी को 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम से दो लाख रुपए तक पहुंचने में 14 महीने का वक्त लगा था, उसने दो लाख से तीन लाख रुपए का सफर महज एक महीने में ही तय कर लिया। सोमवार को तीन लाख प्रति किलोग्राम का स्तर पार करने के बाद मंगलवार को चांदी 3.20 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के भाव के करीब पहुंच गई। वहीं, सोना 1.48 लाख रुपए के पार चला गया है। एमसीएक्स पर मंगलवार को कीमती धातुओं में भारी खरीदारी देखी गई। मार्च डिलीवरी वाली चांदी का वायदा भाव 9,674 रुपए (3.2%) उछलकर 3,19,949 रुपए प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तरपर पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### चोटिल माइकल ब्रैसवेल की फिटनेस पर नजर रखी जाएगी : कोच वाल्टर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल का भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 शृंखला में खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बाएं पैर की पिंडली में लगी मामूली चोट से उबर पाते हैं या नहीं। न्यूजीलैंड ने होल्कर स्टेडियम में भारत को 41 रन से हराकर वनडे शृंखला 2-1 से जीती थी लेकिन फील्डिंग के दौरान पिंडली में हल्की चोट लगने के कारण ब्रैसवेल गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट की विज्ञप्ति में वाल्टर ने कहा कि ब्रैसवेल का उपचार जारी रहेगा और उनकी फिटनेस पर निगाह रखी जाएगी। इसके बाद ही दौरे में उनकी आगे की भागीदारी के बारे में कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वनडे शृंखला जीतना और इतिहास रचना बेहद खास था। टीम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हमने कुछ ऐसा हासिल किया जो पहले कभी नहीं हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को हराकर दर्ज की 100वीं जीत

**एजेंसी, मेलबर्न।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को हराकर अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की। पूर्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं करियर जीत हासिल की। रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन जोकोविच की अब टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के 102 मैच जीतने के ऑल-टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने पर नजर हैं। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि मैं क्या कहूं। मुझे यह सुनकर अच्छा लगा। सेंचुरी बनाना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा मैं शुरू में बहुत भाग्यशाली था कि मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया और गाइड किया कि मैं अपने करियर में लंबी रेस का घोड़ा बनूं, जल्दी थक न जाऊं, और जितना हो सके उतना लंबा करियर बनाऊं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं अभी भी इस स्तर पर खेल रहा हूं। (अनंत ज्ञान)

### मैनचेस्टर सिटी ने किया डिफंडर मार्क गुएही के साथ करार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मैनचेस्टर सिटी ने अपनी डिफेंसिव समस्याओं के बीच क्रिस्टल पैलेस के स्टार डिफेंडर मार्क गुएही को साइन करने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। क्लब ने सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी कि गुएही ने जून 2031 तक के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। 25 वर्षीय इंग्लैंड के डिफेंडर मार्क गुएही सितंबर 2025 के ट्रांसफर डेडलाइन डे पर लिवरपूल के करीब पहुंच गए थे, लेकिन वह सौदा आखिरी समय पर टूट गया था। अब गुएही मैन सिटी की जर्सी में नजर आएंगे। गुएही ने मई में खेले गए एफए कप फाइनल में क्रिस्टल पैलेस की कप्तानी करते हुए मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ खिताबी जीत दिलाई थी। वह अब तक इंग्लैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला ने हाल ही में डिफेंस में खिलाड़ियों की कमी को लेकर चिंता जताई थी। प्रीमियर लीग में आर्सेनल से सात अंक पीछे दूसरे स्थान पर चल रही सिटी के लिए यह एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में होली फर्लिंग

**पाकिस्तान।** होली फर्लिंग एक महिला क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 2013 में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के लिए खेलना शुरू किया था। 2013 में डेब्यू के बाद उन्होंने 2016 में अपना अंतिम मैच खेला था। फर्लिंग अब मेलबर्न स्टार्स और क्वींसलैंड फायर के लिए घरेलू क्रिकेट खेलती हैं।



# वनडे का हिसाब चुकता करने उतरेगा भारत

## पांच मैचों की टी-20 शृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे सूर्यकुमार

**एजेंसी, नागपुर**

**पिछले** कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 शृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे, जिसमें भारत की नजर वनडे शृंखला में मिली हार का बदला चुकता करके अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होगी।

सूर्यकुमार ने 2024 में टी-20 टीम की कप्तानी संभाली थी, जिसके बाद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसकी जीत का प्रतिशत 72 प्रतिशत से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले दो वर्षों में भारतीय टी-20 टीम स्वचालित मोड पर रही है, जिसमें उसे इक्का-दुक्का हार का ही सामना करना पड़ा। आईपीएल के कारण उसके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से जानते हैं। भारतीय टीम पर हालांकि खिताब रक्षक के रूप में अपने खिताब का बचाव करने और घरेलू धरती पर खेलने का दबाव होगा और सूर्यकुमार न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला से पहले इन बातों पर जरूर गौर कर रहे होंगे। न्यूजीलैंड की टीम काफी मजबूत है और उसने पिछले एक साल में कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें भारत के खिलाफ टेस्ट शृंखला में क्लीन स्वीप करना और वनडे शृंखला जीतना भी शामिल है। भारतीय धरती पर पहली बार द्विपक्षीय वनडे शृंखला जीतने से निश्चित तौर पर उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। जब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की बात आती है तो सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत एक अलग ही टीम साबित हुई है, जिसने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी को जाता है। न्यूजीलैंड ने 2024 टी-20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 13 में जीत हासिल की है।

आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे, कप्तान मिचेल सेंटनर, तेज गेंदबाज जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम साबित हो सकती है। मौजूदा चैंपियन भारत को विश्व कप की तैयारी के लिए बेहतरीन समय मिलेगा। इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है, बिना केवल 218 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123 से अधिक रहा है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क टी-20 शृंखला के लिए टीम में बने रहेंगे क्योंकि माइकल ब्रैसवेल और एडम मिल्ने दोनों ही हल्की चोटों से उबर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी, क्रिस्टियन क्लार्क।

**मैच शाम सात बजे शुरू होगा।**

# मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज की संघर्षपूर्ण जीत

**एजेंसी, मेलबर्न**

**मौजूदा** चैंपियन मैडिसन कीज ने शुरुआत में संघर्ष करने के बाद शानदार वापसी करके मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई, जबकि पुरुष वर्ग में बेन शेल्टन भी आगे बढ़ने में सफल रहे। नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाइब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाइब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही। कीज ने कहा कि मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा।



कीज ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया। इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले दौर में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6 (7), 6-2 से हार गई। (अनंत ज्ञान)

# साइना नेहवाल ने बैडमिंटन को कहा अलविदा

## बोलीं- घुटने की समस्या से परेशान थी, आखिरी बार 2023 में सिंगापुर ओपन में खेली थीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने प्रोफेशनल बैडमिंटन से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने बताया कि घुटने के दर्द के कारण अब उनके लिए खेलना संभव नहीं रह गया है। साइना आखिरी बार जून 2023 में सिंगापुर ओपन में खेली थीं। 35 वर्ष की साइना ने एक पॉडकास्ट में कहा कि 'मैंने दो साल पहले ही खेलना बंद कर दिया था। मैंने अपनी शर्तों पर खेलना शुरू किया और अपनी शर्तों पर ही छोड़ा। इसलिए मुझे घोषणा जरूरी नहीं लगी।' गठिया और घुटनों की समस्या बनी वजह साइना के मुताबिक उनके घुटनों का कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुका है और उन्हें आर्थराइटिस हो गया है। उन्होंने कहा कि 'जब आप खेल ही नहीं पा रहे तो वहीं रुक जाना चाहिए। मैं पहले दिन में 8-9 घंटे ट्रेनिंग करती थी, लेकिन अब मेरे घुटने 1-2 घंटे में ही जवाब दे देते हैं। इसके बाद सूजन आ जाती है। इसलिए मैंने सोचा कि अब बहुत हो गया। मैं अब अपना करियर और नहीं खींच सकती।' चोट के बाद शानदार वापसी साइना का करियर रियो ओलिंपिक 2016 के दौरान लगी घुटने



की चोट से काफी प्रभावित हुआ। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने 2017 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज और कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में गोल्ड मेडल जीतकर शानदार वापसी की। साइना के घुटने की समस्या बार-बार उभरती रही। 2024 में साइना ने सार्वजनिक रूप से बताया था कि वे आर्थराइटिस से परेशान हैं। कार्टिलेज पूरी तरह घिस चुका है, जिससे शीर्ष स्तर पर खेलना लगभग असंभव हो गया है।

**ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय :** ओलिंपिक मेडल जीतने वाली भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 साइना ने लंदन ओलिंपिक-2012 में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। वे ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने 3 ओलिंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुकीं साइना ने 2008 में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन, वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप जीतकर पहली बार सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने उसी साल पहली बार ओलिंपिक में हिस्सा लिया। वे ओलिंपिक क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। साइना 2009 में बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। इसके बाद 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता।

**अर्जुन अवॉर्ड और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार मिला :** अर्जुन अवॉर्ड और राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार मिला साइना को 2009 में अर्जुन अवॉर्ड और 2010 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने 2015 में वर्ल्ड बैडमिंटन रैंकिंग में टॉप पोजिशन भी हासिल की। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी थीं। (अनंत ज्ञान)

# टाटा स्टील मास्टर्स : गुकेश और अर्जुन के बीच ड्रॉ, प्रज्ञानानंद ने तीसरे राउंड में खोला खाता

**एजेंसी, वाइक आन जी, (नीदरलैंड्स)**

टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में भारतीय ग्रैंडमास्टर्स डी. गुकेश और शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी के बीच मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंततः बाजी बराबरी पर छूटी। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर चुके जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम ने इस प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की। उन्होंने अपने ही देश के विन्सेंट कीमर को हराया और तीन राउंड के बाद दो अंकों के साथ लीडर्स के समूह में शामिल हो गए। अन्य भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अरविंद चिथंबरम ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ ड्रॉ खेला। वहीं, आर. प्रज्ञानानंद ने शुरुआती दो हार के बाद वापसी करते हुए चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन के खिलाफ ड्रॉ हासिल कर टूर्नामेंट में अपना खाता खोला। 14 खिलाड़ियों के इस 13 राउंड के सुपर टूर्नामेंट में अभी 10 राउंड बाकी हैं। फिलहाल अर्जुन एरिगैसी, अब्दुसत्तोरोव और अमेरिका के हांस नीमन दो अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। ब्लूबाउम और नीदरलैंड्स के जॉर्डन वान फॉरेस्ट भी लीडर्स के समूह में शामिल हैं। शीर्ष खिलाड़ियों और दूसरे स्थान पर मौजूद शतरंज खिलाड़ियों के बीच केवल आधे अंक का



अंतर है, जिससे साफ है कि रेस्ट डे से पहले आने वाले कुछ राउंड बेहद निर्णायक साबित हो सकते हैं। अर्जुन और गुकेश के बीच मुकाबला क्वीन्स गैम्बिट एक्सेप्टेड ओपनिंग में खेला गया। इस ओपनिंग का प्रयोग पहले राउंड में प्रज्ञानानंद ने अर्जुन के खिलाफ किया था, लेकिन तब उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार गुकेश ने बेहतर तैयारी दिखाई और सफेद मोहरों को अपने राजा के पास आने से रोके रखा। अर्जुन ने ज्यादा जोखिम नहीं लिया और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हो गया। अरविंद चिथंबरम ने शुरुआत से ही ठोस खेल दिखाया। सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद उन्हें ओपनिंग में खास बढ़त नहीं मिली और अब्दुसत्तोरोव ने आसानी से बराबरी हासिल कर ली। यह मुकाबला भी जल्द ड्रॉ पर खत्म हो गया। (अनंत ज्ञान)

## अफगानिस्तान की वेस्टइंडीज पर जीत में चमके जादरान और रसूली

**एजेंसी, दुबई।** इब्राहिम जादरान और दरवेश रसूली के बीच तीसरे विकेट की रिकॉर्ड साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने तीन मैच की टी-20 शृंखला के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराया। जादरान ने 56 गेंदों पर नाबाद 87 रन और रसूली ने 59 गेंदों पर 84 रन बनाए। इन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की तरफ से तीसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी है। इससे अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज नौ विकेट पर 143 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से क्विंटिन सैम्पसन (30) और गुडाकेश मोती (28) ने कुछ योगदान दिया लेकिन यह लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान ने 19 रन देकर दो और मुजीब उर रहमान 29 रन देकर दो विकेट लिए।

यह शृंखला अगले महीने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है, जिसके लिए वेस्टइंडीज ने अभी तक अपनी टीम को अंतिम रूप नहीं दिया है। अफगानिस्तान के कपतान राशिद ने कहा कि जब तक हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं, तब तक इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पहले बल्लेबाजी करें या बाद में। एक टीम के रूप में हम फिट हैं और उम्मीद है कि विश्व कप में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

# जॉबर्ग सुपर किंग्स टीम पार्ल रॉयल्स को 45 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंची

**एजेंसी, बोलैंड पार्क**

**एसए-20** में जॉबर्ग सुपर किंग्स (जेएसके) ने पार्ल रॉयल्स को 45 रन से हराकर (बोनस प्वाइंट सहित) प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। यह मुकाबला बोलैंड पार्क में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेएसके ने 6 विकेट पर 166 रन बनाए, जवाब में पार्ल रॉयल्स की टीम 18.1 ओवर में 122 रन पर ऑलआउट हो गई।

डु प्लॉय ने दबाव में बदला मैच प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए यह मुकाबला जॉबर्ग सुपर किंग्स के लिए करो या मरो जैसा था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम की शुरुआत साधारण रही, लेकिन अंतिम ओवरों में डु प्लॉय ने मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने 27 गेंदों में नाबाद 54 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। आखिरी दो ओवरों में 32 रन जुड़े, जिससे स्कोर 166 तक पहुंच सका। चोटिल फाफ डु प्लेसिस की जगह अंतिम समय में टीम में शामिल किए गए डु प्लॉय ने



वकार सलामखेल के एक ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। मिडिल ऑर्डर को नहीं मिली रफ्तार इससे पहले नील टिमर्स ने 39 गेंदों में 37 रन बनाए। माइकल पेपर और मैथ्यू डी विलियर्स ने 23-23 गेंदों में 27-27 रन जोड़े, लेकिन रन गति अपेक्षित नहीं रही।

पार्ल रॉयल्स की ओर से वकार सलामखेल ने 2 विकेट झटके। स्पिन जोड़ी ने तोड़ा पार्ल रॉयल्स का दम 167 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पार्ल रॉयल्स की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। कप्तान डेविड मिलर चोट के कारण नहीं खेले, जिससे बल्लेबाजी क्रम कमजोर पड़ा। लुआन-ड्रे प्रिटोरियस ने 25 गेंदों में 32 रन और डैन लॉरेंस ने 29 गेंदों में 45 रन बनाए, लेकिन टीम संभल नहीं सकी। जेएसके की ओर से प्रेनेलन सुब्रायन और इमरान ताहिर की स्पिन जोड़ी ने मैच एकतरफा कर दिया। दोनों ने 7 ओवर में सिर्फ 31 रन देकर 5 विकेट लिए। सुब्रायन ने 14 रन देकर 3 विकेट, जबकि ताहिर ने 17 रन देकर 2 विकेट चटकाए। पॉइंट्स टेबल का समीकरण ग्रुप स्टेज के बाद सनराइजर्स ईस्टर्न केप 28 अंकों के साथ शीर्ष पर रही। वह बुधवार को किंग्समीड में होने वाले क्वालिफायर-1 में प्रिटोरिया कैपिटल्स (24 अंक) से भिड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

## अंडर-19 वर्ल्ड कप : भारत के बाद इंग्लैंड अफगानिस्तान और श्रीलंका ने किया सुपर-6 के लिए क्वालीफाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंडर-19 वर्ल्ड कप में ग्रुप चरण के आधे से ज्यादा मुकाबले हो चुके हैं। अब सुपर-6 राउंड के लिए टीमों के बीच दिलचस्प जंग देखने को मिलेगी। भारत के बाद इंग्लैंड अफगानिस्तान और श्रीलंका ने अपने-अपने ग्रुप से अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जबकि पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमें अभी तक संघर्ष कर रही हैं। ग्रुप-ए की बात करें श्रीलंका की टीम ने शुरुआती दोनों मैच जीतकर चार अंक के साथ सुपर-6 के लिए क्वालीफाई किया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया एक जीत के साथ दो अंक लेकर दूसरे पायदान पर है तो आयरलैंड अपने दो मैच हारकर बगैर किसी अंक के तीसरे तो जापान की टीम एक मैच हारकर चौथे स्थान पर है। यहां से ऑस्ट्रेलिया एक मैच जीतते ही सुपर-6 में जगह बना लेगी, जबकि आयरलैंड और जापान में से कोई एक क्वालीफाई कर पाएगा। दक्षिण अफ्रीका ने दर्ज की अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी जीत, इस टीम को 300 से ज्यादा रनों से हराया ग्रुप बी में भारत पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है। इस ग्रुप में अब क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर काबिज न्यूजीलैंड, यूएसए और बांग्लादेश के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। न्यूजीलैंड और यूएसए एक-एक मैच जीतते ही क्वालीफाई कर जाएंगे, जबकि बांग्लादेश को अपने दोनों मैच जीतने होंगे। ग्रुप-सी में इंग्लैंड की टीम शीर्ष पर रहते हुए सुपर-6 के लिए क्वालीफाई कर चुकी है तो पाकिस्तान एक हार और एक जीत के साथ दूसरे पायदान पर है, उसे यहां से क्वालीफाई करने के लिए अपना आखिरी मुकाबला जीतना होगा। अगर वह जिम्बाब्वे से हार जाती है तो उसे स्कॉटलैंड के इंग्लैंड से हारने की दुआ करनी होगी। (अनंत ज्ञान)

**ऑस्ट्रेलियन ओपन** चेक गणराज्य की 18 वर्षीय खिलाड़ी ने सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से दी मात

# तेरेजा ने नंबर-1 खिलाड़ी को हराकर किया उलटफेर

**एजेंसी, मेलबर्न**

**ऑस्ट्रेलिया** की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी माया जॉइंट को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। वर्ल्ड रैंकिंग 31 की जॉइंट को चेक गणराज्य की 18 साल की खिलाड़ी तेरेजा वैलेंटोवा ने सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। वैलेंटोवा की वर्ल्ड रैंकिंग 54 है। वहीं, विमेंस सिंगल्स की डिफेंडिंग चैंपियन मैडिसन कीज ने भी जीत के साथ शुरुआत की है।

इस हार के साथ जॉइंट न सिर्फ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं, बल्कि दूसरे दौर में पहुंचने पर मिलने वाली 2.25 लाख डॉलर (करीब 1.8 करोड़ रुपए) की इनामी राशि से भी वंचित रह गईं। मंगलवार को मेलबर्न के जॉन केन एरिना में खेले गए मुकाबले में जॉइंट का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 19 साल की खिलाड़ी ने मैच में 8 डबल फॉल्ट किए, 5 बार उनकी सर्विस ब्रेक हुई



और उन्हें कुल 17 ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा। मैच जीतने के बाद वैलेंटोवा ने कहा कि 'यह मेरे लिए अविश्वसनीय है। साल की शुरुआत में मैंने इसकी उम्मीद नहीं की थी। मैं आईटीएफ टूर्नामेंट खेल रही थी और अब ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेन ड्रॉ में जीत दर्ज कर रही हूं। मैडिसन कीज ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा ओलीनिकोवा को हराया डिफेंडिंग चैंपियन मैडिसन कीज ने शुरुआती दबाव झेलने के बाद पहले दौर में यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा ओलीनिकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। रॉड लेवर एरीना में खेले गए मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त कीज शुरुआत में लय में नहीं दिखीं। पहले सेट में वह 0-4 से पीछे हो गईं, लेकिन शानदार वापसी करते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक ले गईं। टाईब्रेक में भी ओलीनिकोवा ने 4-0 की बढ़त बना ली थी और उनके पास दो सेट प्वॉइंट्स भी थे, लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सकीं। यहीं से कीज को वापसी का मौका मिला और उन्होंने पहला सेट अपने नाम कर लिया। यह सेट एक घंटा 12 मिनट तक चला। वही,दूसरा सेट उन्होंने आसानी से जीत लिया। मैच के बाद कीज ने कहा कि शुरुआत में मैं बहुत नर्वस थी। लेकिन मैं खुश हूं कि मैं वापस आई और यह मैच जीत पाई। टायला प्रेस्टन की पहली ग्रैंड स्लैम सिंगल्स में जीत युवा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टायला प्रेस्टन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी चीनी खिलाड़ी झांग शुआई को 6-3, 2-6, 6-3 से हराया।

यह प्रेस्टन की ग्रैंड स्लैम में पहली एकल जीत है, जो उन्होंने तीसरे प्रयास में हासिल की। 20 साल की प्रेस्टन को टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड एंट्री मिली थी। इससे पहले वह होबार्ट इंटरनेशनल के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्होंने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानु को हराया था। (अनंत ज्ञान)

## खिलाड़ियों के सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम में बड़ा बदलाव करने की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों के सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रहा है, जिससे भारतीय क्रिकेट के टॉप प्लेयर्स की रैंकिंग में काफी बदलाव आ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी ने प्रतिष्ठित ग्रेड A+ कैटेगरी को पूरी तरह से खत्म करने का प्रस्ताव दिया है। इसका सीधा असर सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा पर पड़ेगा। अगर ऐसा हुआ तो इन दोनों की सैलरी आधी से भी कम हो जाएगी।

**ए प्लस कैटेगरी होगी खत्म :** अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव में मौजूदा चार-टियर सिस्टम के बजाय कॉन्ट्रैक्ट को सिर्फ तीन कैटेगरी ए, बी और सी में बांटने की सिफारिश की गई है। अगर बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल इस मॉडल को मंजूरी देती है तो 7 करोड़ वाली ए प्लस कैटेगरी खत्म हो जाएगी। एएनआई की रिपोर्ट बीसीसीआई के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि अगर नया स्ट्रक्चर पास हो जाता है तो खिलाड़ियों को उनकी मौजूदा फॉर्मेट में भागीदारी के आधार पर ग्रुप में बांटा जाएगा, न कि उनकी हैसियत या विरासत के आधार पर। प्रस्तावित प्लान के तहत अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेलने वाले कोहली और रोहित को ग्रेड बी में रखा जाएगा, जिसमें अभी 3 करोड़ रुपए मिलते हैं। (अनंत ज्ञान)

# वुमंस प्रीमियर लीग : आरसीबी ने लगातार 5वीं जीत दर्जकर प्लेऑफ में किया क्वालीफाई




**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वुमंस** प्रीमियर लीग का 12वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच खेला गया। वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी ने 61 रनों से जीत दर्ज की। बेंगलुरु की ये इस सीजन में लगातार पांचवीं जीत है। इस जीत के साथ ही आरसीबी प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है, जबकि डब्ल्यूपीएल की प्वॉइंट्स टेबल में गुजरात इस हार के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गई है। मैच की बात करें तो टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी आरसीबी ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 178 रन बनाए। इस टीम ने 9 रन तक अपने 2 विकेट गंवा दिए थे। यहां से कप्तान स्मृति मंधाना ने गौतमी नाइक के साथ 45 गेंदों में 60 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। मंधाना 23 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद गौतमी ने ऋचा घोष के साथ 45 गेंदों में 69 रन जुटाते हुए टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। गौतमी नाइक 55 गेंदों में 1 छक्के और 7 चौकों के साथ 73 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि घोष ने 27 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

विपक्षी खेमे से काशवी गौतम और एशले गार्डनर ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि रेणुका ठाकुर और सोफी डिवाइन को 1-1 विकेट हाथ लगा। इसके जवाब में गुजरात जायंट्स 20 ओवरों के खेल में 8 विकेट खोकर 117 रन ही बना सकी। जायंट्स ने 56 के स्कोर तक 6 विकेट गंवा दिए थे। यहां से भारती फुलमाली ने गार्डनर के साथ 24 गेंदों में 41 रन की साझेदारी की। (अनंत ज्ञान)